वर्ष : 02, अंक : 95, मूल्य : 2 रुपये | हजारीबाग, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023 | मार्गशीर्ष माह, शुक्ल पक्ष, नवमी | कुल पृष्ठ-12 | www.mediaavlokan@gmail.com | www.mediaavlokan.com

**मनन-चिंतन**

प्राप्त हुए धन का उपयोग करने में दो भूलें हुआ करती हैं, जिन्हें ध्यान में रखना चाहिए. अपात्र को धन देना और सुपात्र को धन न देना।

वेद व्यास

हिन्दी दैनिक

# मीडिया अवलोकन

लोक जीवन और व्यवस्था का अवलोकन




भारतीय टीम आज दक्षिण अफ्रीका पर जीत के इरादे से उतरेगी

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 70,506.31 |
| निफ्टी | : | 21,150.15 |

**सर्राफा बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,935 |
| चांदी | : | 80.02 |

(नोट : सोना 24 कैरेट प्रति ग्राम)

# 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल बिना संशोधन के सदन से हुआ पास

## विधानसभा शीतकालीन सत्र का चौथा दिन : हेमंत बोले- आदिवासी-मूलवासी की पहचान से जुड़ा है खतियान

मीडिया अवलोकन संवाददाता

**रांची :** विधानसभा में एक बार फिर 1932 का खतियान पारित हो गया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति बिल खतियान आधारित झारखंडी पहचान से संबंधित विधेयक को सदन के पटल पर रखा। सरकार की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विपक्ष की ओर से नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इस पर अपने विचार रखे। इसके बाद स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने दोनों पक्षों से पूछा कि वे इसके पक्ष में हैं या इसके विरोध में। इसके बाद ध्वनिमत से इस बिल को पारित कर दिया गया। नवंबर 2022 में जिस बिल को विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल को भेजा गया था, उसी बिल को बिना किसी संशोधन के फिर से सदन से पारित करवाया गया है। पिछले साल विधानसभा ने बिल को पारित कर इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया था। अटॉर्नी जनरल ने इस पर कुछ आपत्तियां जताईं हैं। राज्यपाल ने उन आपत्तियों के साथ विधेयक को विधानसभा को लौटा दिया। इस विधेयक में बिना कोई संशोधन किये, उसे फिर से पारित कर दिया है। पिछले साल पारित विधेयक में नियोजन में प्राथमिकता के मामले में आपत्ति जतायी गयी थी और संवैधानिक प्रावधान के अनुरूप नहीं बताया गया था। राज्यपाल के संदेश के आलोक में स्थानीयता को परिभाषित करने से जुड़े विधेयक पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 1932 खतियान आधारित स्थानीयता इस राज्य के करोड़ों आदिवासी और मूलवासी की अस्मिता एवं पहचान जुड़ी हुई है। यह उनकी बहुप्रतीक्षित मांग है। उनकी भावना एवं आकांक्षा के अनुरूप पिछले वर्ष 11 नवंबर को इस सदन ने ध्वनिमत से पारित कर इसे माननीय राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा था। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जब अलग राज्य की लंबी लड़ाई लड़ी, तो उस वक्त भी यहां के स्थानीय लोगों का झारखंड राज्य की संपदा और नौकरियों पर हक रहे, इसी जनभावना से वह लंबी लड़ाई लड़ी थी। दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड बनने के 20 वर्षों तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी।



### अटॉर्नी जनरल ने की है सरकार की सराहना : सीएम

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि अटॉर्नी जनरल ने जो परामर्श दिया है, उसकी कंडिका-9 से 15 में स्थानीयता की परिभाषा एवं उसके आधार पर सुविधाएं उपलब्ध कराने को पूरी तरह से जायज ठहराया है। उन्होंने झारखंड सरकार के प्रयास की सराहना की है। लेकिन, विधेयक की धारा-6 पर परामर्श के लिए उन्होंने जिस चीबलू लीला प्रसाद साव बनाम आंध्रप्रदेश तथा सत्यजीत कुमार बनाम झारखंड राज्य में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अपना आधार बनाया है, उस संबंध में, मैं सदन को बताना चाहता हूं कि दोनों ही फैसले वर्तमान विधेयक के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक नहीं हैं। बता दें कि स्पीकर ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन 15 दिसंबर को राज्यपाल का संदेश पढ़कर विधानसभा में सुनाया था। इसके बाद विधेयक की पुरानी कॉपी विधायकों के बीच वितरित की गयी थी। इसके बाद ही सरकार ने संकेत दिये कि विधेयक को फिर से उसी रूप में सदन में पारित किया जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि 1932 के खतियान आधारित विधेयक को फिर से सदन के पटल पर रखा जाएगा और उसे पारित कराया जाएगा। इस बिल को बुधवार पारित कर दिया गया।

### राज्यपाल को कानून बनाने व संशोधन करने का अधिकार नहीं : हेमंत सोरेन



मुख्यमंत्री ने कहा कि आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान की पांचवीं अनुसूची की कंडिका-5 (1) में राज्यपाल को कानून बनाने अथवा उसमें संशोधन करने का अधिकार नहीं है। संविधान के अनुच्छेद-309 के तहत नियम बनाने की यह शक्ति राज्य की विधानसभा को है। इसलिए हमने विधेयक बनाने और इस पर विधानसभा की सहमति प्राप्त करने का एवं उसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एजी ने जिन अन्य आदेशों का उल्लेख किया है, उनमें से इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ का संबंध पिछड़े वर्ग को आरक्षण उपलब्ध कराने से है। जेनरल मैनेजर दक्षिण रेलवे बनाम रंगाचार का संबंध एसटी/एससी को प्रोन्नति में आरक्षण उपलब्ध कराने से है। अखिल भारतीय शोषित कर्मचारी संघ (रेलवे) बनाम भारत सरकार का संबंध एसटी/एससी वर्ग के लिए आरक्षित पदों की रिक्ति को आगामी वर्षों में कैरी फॉरवर्ड करने से है एवं केरल राज्य बनाम। एन एम थॉमस का संबंध एसटी/एससी श्रेणी के लोगों को प्रोन्नति देने से है। इसके उलट वर्तमान विधेयक का उद्देश्य स्थानीयता परिभाषित करना एवं उसके आधार पर स्थानीय को

### कानूनी पेंच में फंसा रही सरकार : नेता प्रतिपक्ष

नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी ने बिल पर बाबूलाल मरांडी से पक्ष रखने को कहा। इसपर स्पीकर ने कहा कि पहले आप अपनी राय दें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्यपाल ने अटॉर्नी जनरल के सुझाव पर बिल को वापस किया। इस बिल का मूल आधार 1932 का खतियान है। थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरी में आरक्षण का मामला है। सरकार की मंशा ठीक नजर नहीं आ रही है। अमर बावरी ने कहा कि राज्यपाल ने जो सुझाव दिये हैं, उस पर अमल करें, नहीं तो फिर से यह विधेयक कानूनी पेंच में फंस जायेगा। उन्होंने कहा कि नियोजन पूरी तरह से राज्य का विषय है, इसे केंद्र पर थोपा ना जाये। इस विधेयक को आप फिर कानूनी पेंच में फंसा कर युवाओं को नौकरी नहीं देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब जेएमएम हमारे साथ सरकार में था तब उसने स्थानीय नीति के मामले में समर्थन वापस लिया। जब हमारी सरकार 14 में बनी तो हमने कैबिनेट से पारित कर स्थानीय नीति लागू की थी। हमने बिल नहीं लाया। इस सरकार में जो बहाली हुई सब पूर्व की सरकार के समय का है। सरकार थर्ड-फोर्थ ग्रेड के लिए ये कर रही है तो सही है।



**न्यूज ब्रीफ**

### लालू यादव का ईडी ने भेजा समन, 27 को बुलाया

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव की मुसीबत बढ़ गयी है। ईडी ने पूछताछ के लिए उन्हें समन भेजा है। नयी चार्जशीट दाखिल होने के बाद ईडी उनसे लैंड फॉर जॉब मामले में एक बार फिर पूछताछ करना चाहती है। उन्हें 27 दिसंबर को ईडी कार्यालय में बुलाया गया है। मंगलवार को ही तेजस्वी यादव ने दिल्ली की कोर्ट में ऑस्ट्रेलिया जाने की इजाजत मांगी थी। तेजस्वी यादव अपनी पत्नी के साथ क्रिसमस की छुट्टियों के लिए ऑस्ट्रेलिया जाना चाह रहे हैं, लेकिन आज बड़ी खबर सामने आ गयी है। ईडी ने पिछले महीने अमित कात्याल से लंबी पूछताछ की थी। ईडी सूत्रों के मुताबिक इस पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। अमित कात्याल ने जो जानकारी दी थी, उसके बारे में ईडी ने पूरी जांच पड़ताल की। उसके बाद लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव को पूछताछ के लिए समन भेजा गया है। रेलवे में जमीन के बदले नौकरी लेने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी ने पूछताछ के लिए तेजस्वी यादव को हाजिर होने को कहा है।

### बुनियादी मुद्दों पर मीडिया नहीं कर रहा बात : राहुल

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया बुनियादी मुद्दों पर बातचीत करने की बजाय उपराष्ट्रपति के अपमान मामले को अधिक तूल दे रहा है। उन्होंने उपराष्ट्रपति का अपमान ही नहीं किया है। जो वीडियो उन्होंने लिया था, वह उनके फोन में है। राहुल ने कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन से हमारे 151 सांसदों को बाहर निकाल दिया गया है। देश में अडानी, राफेल, बेरोजगारी और महंगाई सहित अनेक मुद्दे हैं, जिसे मीडिया को दिखाना चाहिए लेकिन इन मुद्दों पर मीडिया का ध्यान नहीं है। उल्लेखनीय है कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने संसद भवन परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर उनका मजाक बनाया था। जिस समय वो धनखड़ का मजाक बना रहे थे उस समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी कल्याण की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे।

# सावधान! देश में फिर मिल रहे कारोना के मामले, 614 नए केस

## जेएन-1 वेरिएंट के भी मिले 21 नए मरीज, गोवा में 19 केस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वीके पॉल ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस के नए वैरिएंट जेएन-1 के 21 नए मामले सामने आए हैं। गोवा में जेएन-1 वैरिएंट के 20 मामले और केरल में एक मरीज सामने आया है। वहीं, देश में बीते 24 घंटे में 614 नए कोविड केस सामने आए हैं, इनमें से 242 केरल में है। इस दौरान तीन लोगों की मौत हुई है। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, 21 मई 2023 के यानी 7 महीने बाद एक दिन में सबसे ज्यादा केस सामने आए हैं।

### केंद्र सतर्क, राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली :** कोरोना और इसके नए वेरिएंट जेएन- 1 के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा संबंधी सेवाओं की तैयारियों पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट को वेरियंट ऑफ इंटरेस्ट माना है, यानी यह वायरस तेजी से फैल सकता है। इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें घबराने नहीं, सतर्क रहने की जरूरत है। अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ तैयार रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर 3 महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल होना चाहिए।



## तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा से पास, अब राज्यसभा में किया जाएगा पेश

# राजद्रोह कानून खत्म, नाबालिग से रेप व मॉब लिंचिंग पर अब होगी फांसी की सजा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। इसे पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है। नाबालिग से रेप और मॉबलिंचिंग जैसे क्राइम में फांसी की सजा दी जाएगी। बिल पर लोकसभा में अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार 6-6 साल जेल में रहे। वह कानून अब तक चलता रहा। मैंने राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है। क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा।



### फर्जी सिम लेने पर तीन साल की जेल

लोकसभा में बुधवार को नया टेलीकम्युनिकेशन बिल 2023 पास हो गया। अब इस बिल को फाइनल रिव्यू के लिए राज्यसभा में भेज दिया गया है। इस बिल में फर्जी सिम लेने पर 3 साल जेल और 50 लाख तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। बिल में टेलीकॉम कंपनियों को उपभोक्ताओं को सिम कार्ड जारी करने से पहले अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक पहचान करने को कहा गया है। यह बिल सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से किसी भी टेलीकॉम सर्विस या नेटवर्क के टेक ओवर, मैनेजमेंट या उसे सस्पेंड करने की अनुमति देगा।

## विष्णुगढ़ बगोदर मार्ग पर पिस्टल के बल पर अपराधियों ने बाइक के साथ लूटा 5 हजार कैश

# दो थानों के सीमा विवाद में उलझा फरियादी, अब तक दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी



रंजीत पाठक

**विष्णुगढ़।** पिस्टल दिखाकर - विष्णुगढ़ बगोदर मार्ग में कावेरी होटल के निकट चौथा गांव निवासी युवक राहुल कुमार स्वर्णकार से बाइक लूट की घटना को अपराधियों द्वारा अंजाम दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार शाम 7:15 बजे की है। भुक्तभोगी युवक राहुल के अनुसार घटना मामले की सूचना देने वह बुधवार को बगोदर थाना पहुंचा। ओडी में कार्यरत सब इंस्पेक्टर संगम पाठक ने घटनास्थल बगोदर थाना क्षेत्र में नहीं होने की बात कह कर आवेदन लेने से मना कर दिया। इधर, इस बाबत सब इंस्पेक्टर संगम पाठक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि घटनास्थल विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत है। लिहाजा फरियादी युवक को विष्णुगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी बगोदर के नाम लिखे गए आवेदन में कहा गया है कि वह नित्य दिन की भांति चौथा स्थित अपने आवास से कृष्णा ढाबा बगोदर शाम 7:15 बजे काम करने बाइक से जा रहा था। कावेरी होटल के निकट ओवरटेक कर पहुंचे बाइक सवार तीन हथियारबंद अपराधियों ने उनकी बाइक को रोक लिया। पिस्टल दिखाकर बाइक छीन ली। जेब से 5 हजार रुपए ले लिए और उसे उसी की बाइक पर बैठा कर खुद ड्राइव कर अपराधी चौथा के निकट शमशान घाट ले गए। जहां उसे 100 रुपए किराया के नाम पर थमा कर उसकी बाइक लेकर गैड़ा की ओर भाग निकले। आवेदन में कहा गया है कि वह पैदल अपना घर चौथ पहुंचा। विष्णुगढ़ थाना पुलिस को घटना मामले की सूचना रात 9:00 बजे उसने दी। विष्णुगढ़ थाने के पुलिस अधिकारी ने घटनास्थल का लोकेशन प्राप्त कर कहा कि बगोदर इलाके में घटना घटी है। विष्णुगढ़ पुलिस ने घटना के बाबत प्राथमिकी दर्ज करने से मना कर दिया। विष्णुगढ़ थाना पुलिस अधिकारी के कहने पर बुधवार को बगोदर थाना पहुंचने पर बगोदर थाने के पुलिस अधिकारी ने घटनास्थल विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र बता दिया है।

### थाना सीमा मेरी नहीं और मेरी नहीं... सीमा किसकी!

हजारीबाग और गिरिडीह जिले के विष्णुगढ़ -बगोदर थाना पुलिस के बीच सीमा सरहद को लेकर आंतरिक विवाद बुधवार को उभर कर सामने आया। विवाद के कारण मंगलवार शाम मुंबई मोड के निकट हुइ बाइक लूट की घटना मामले में समाचार लिखे जाने तक केस दर्ज नहीं पाई थी। दोनों थानों की पुलिस ने थाना क्षेत्र नहीं होने की बात कह कर अपना-अपना पल्ला झाड़ लिया है। इससे पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं फरियादी युवक किकर्तव्य विमूबढ़ की स्थिति में है। उसे यह बात समझ नहीं आ रही है कि आखिर उसके साथ घटी बाइक लूट की घटना मामले की शिकायत वह कहां दर्ज कराए। तहकीकात कौन करेगा। कैसे अपराधियों पर नकल कसेगी। यहां सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि दोनों थानों की पुलिस सीमा क्षेत्र नहीं होने की बात कह रही है तो क्या फिर से सीमांकन करनी होगी ? इसके लिए कौन पहल करेगा।

### आवेदन लेकर दोनों थाना का चक्कर काटता रहा फरियादी

सीमा विवाद को लेकर फरियादी को प्राथमिकी दर्ज कराने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार शाम तक वह आवेदन लेकर थाना का चक्कर काटता रहा। इस बाबत पक्ष के लिए बगोदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया। उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। आवेदन में कहा गया है कि होंडा शाइन एसपी 125 अपराधियों ने लूटी है। जिसकी संख्या जे एच11 ए एम 9879 है। आवेदन पत्र में कहा गया है कि अपराधियों ने घटना की जानकारी किसी से शेयर नहीं करने की चेतावनी दी है। हल्ला हंगामा करने पर गोली मारने की धमकी अपराधों द्वारा दी गई है।

# सीबीआई की टीम जांच करने पहुंची नींबू पहाड़

## अवैध खनन मामले की जांच कर रही एजेंसी

मीडिया अवलोकन संवाददाता

**साहिबगंज :** अवैध खनन मामले की जांच करने सीबीआई की टीम आज बुधवार को नीबू पहाड़ पहुंची है। इससे पहले मंगलवार को सीबीआई की टीम शोभनपुर भट्ठा स्थित दाहू यादव के घर और बथान पहुंचकर जांच की थी। सीबीआई की टीम करीब 40 मिनट तक वहां रूकी और आवश्यक जानकारियां जुटाकर निकल गयी। सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम सोमवार देर रात ही साहेबगंज पहुंची थी। सीबीआई के पदाधिकारियों ने परिसदन में कैंप किया है। इस मामले में सीबीआई जल्द और लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस कर सकती है। गौरतलब है कि इससे पहले बीते सात दिसंबर को सीबीआई की 40 सदस्यीय टीम ने एक साथ पंकज मिश्रा समेत आठ लोगों के यहां छापेमारी की थी। नींबू पहाड़ मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने केस दर्ज करने के बाद बीते 24 नवंबर से जांच शुरू की है। सीबीआई की टीम अब तक पांच बार यहां जांच के लिए आयी है। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई की टीम प्रारंभिक जांच के लिए पहली बार बीते 24 अगस्त को यहां पहुंची थी।



# शीतकालीन सत्र : चार बिल सदन से पास

## प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय (निरसन) विधेयक 2023 भी सदन से मिली मंजूरी

मीडिया अवलोकन संवाददाता



**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल सदन से पास हो गया। वहीं प्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय (निरसन) विधेयक 2023 भी सदन से पास हो गया। इससे पहले भोजनावकाश के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 नवंबर 2022 को विधानसभा के विशेष सत्र में पारित ह्यझारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 को सदन में रखा। यह 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति है। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति बिल पास होने के बाद सदन में ह्लप्रज्ञान इंटरनेशनल विश्वविद्यालय (निरसन) विधेयक 2023 सदन में पेश किया गया। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 सदन से पास हो गया। इस विधेयक को भी राज्यपाल ने वापस किया था। जिसे सरकार बिना संशोधन के सदन में पेश कर रही है। इस विधेयक में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। शाईन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक 2023 भी सदन से पास हो गया। चार विधेयक सदन से पास होने के बाद स्पीकर ने कार्यवाही कल 21 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## विधानसभा अध्यक्ष का व्यवहार अलोकतांत्रिक और राजनीति से प्रेरित है : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का व्यवहार अलोकतांत्रिक और राजनीति से प्रेरित है। स्थानीय और नियोजन नीति पर राज्य सरकार की ओर से सदन में पेश किए गए बिल के संबंध में मुझे दो शब्द भी बोलने नही देना सदन के एक वरिष्ठ सदस्य के प्रति अपमान है। मरांडी बुधवार को संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं केंद्र में मंत्री और सांसद भी रहा हूं। लोकसभा और राज्यसभा में यदि कोई वरिष्ठ सदस्य बोलने के लिए हाथ उठाते हैं तो उन्हें बोलने का अवसर जरूर दिया जाता है लेकिन राज्य के महत्वपूर्ण मुद्दा स्थानीय, नियोजन नीति से संबंधित बिल पर तीन बार हाथ उठाने के बाद भी अध्यक्ष ने बोलने का अवसर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यदि सदन के नेता और नेता प्रतिपक्ष दोनों को बोलने के बाद किसी सदस्य को यदि विधानसभा अध्यक्ष ने बोलने का अवसर नहीं दिया होता तो मैं समझ सकता था लेकिन केवल मेरे साथ अपमानजनक व्यवहार करना यह अध्यक्ष की निष्पक्षता नहीं। साथ ही कहा कि मैं इसलिए भी दुखी और पीड़ित महसूस कर रहा हूं कि भले विधानसभा अध्यक्ष मुझे भाजपा का नही मानते लेकिन एक विधायक के नाते मैं राज्य के महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय देने का हकदार हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### विस की कार्यवाही देखने आए केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा के चल रहे शीतकालीन सत्र में सदन की कार्यवाही देखने आए पीएम केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ धुर्वा, रांची के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इन विद्यार्थियों को विधानसभा के महत्व और संचालन से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र और विधानसभा को लेकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रियता से लोकतंत्र को और मजबूती दी जा सकती है।

### मुख्यमंत्री से मिले सीसीएल के सीएमडी



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने मुलाकात की। उन्होंने सीसीएल के कोल खनन और उत्पादन से संबंधित विभिन्न मुद्दों के समाधान की दिशा में राज्य सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के इस सहयोग से सीसीएल ने वर्ष 2023-24 में कोल उत्पादन का जो लक्ष्य रखा है उसे हासिल करने में सफल होगा।

### रांची उपायुक्त ने पांच प्राथमिकी आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की दी स्वीकृति

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को नगड़ी और तमाड़ थाना से संबंधित शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत पांच आरोपितों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी है। तमाड़ थाना कांड संख्या 96/2023 और नगड़ी थाना काण्ड संख्या 140/2023 के प्राथमिकी आरोपितों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत अभियोजन की स्वीकृति दी गयी है। इनमें तमाड़ थाना मामले में एमन पूर्ति, कृष्णा मुण्डा उर्फ रवि और नगड़ी थाना मामले में तीन आरोपितों छोटू खलखो, अभिजीत कुमार पाड़ी एवं विनोद कुमार उर्फ कन्हैया शामिल हैं।

### रिम्स निदेशक के लिए 22 को इंटरव्यू

**रांची :** रिम्स निदेशक पद के लिए 22 दिसम्बर को इंटरव्यू होगा। अभी तक इस पद के लिए 14 चिकित्सकों ने आवेदन दिया है। आवेदन करने वालों में नौ चिकित्सक झारखंड के हैं। जबकि दो नई दिल्ली, एक लखनऊ, एक राजस्थान और एक पंजाब के हैं। उल्लेखनीय है कि रिम्स निदेशक का पद पिछले छह माह से प्रभार में है। स्थायी निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे के बाद डॉ. राजीव गुप्ता को प्रभारी निदेशक बनाया गया था।

### स्पीकर आवास के सामने घर में लगी भीषण आग

**रांची :** गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित स्पीकर रवीन्द्रनाथ महतो के आवास के सामने बुधवार सुबह एक घर में भीषण आग लग गयी है। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गयी। लोगों ने घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाकर दमकल गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। आग लगने की वजह से कांके रोड में आने जाने वाली गाड़ियों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है।

### डॉ. सुनील चंद्र दूबे बने बीएयू के वाइस चांसलर

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने डॉ. सुनील चंद्र दूबे को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर नियुक्त किया है। वर्तमान में डॉ. सुनील चंद्र दूबे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में पौधा संरक्षण और जैव सुरक्षा सहायक महानिदेशक के पद पर पदस्थापित हैं। राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी कर दिया गया है।

### ईडी ने रांची जोन के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज का कार्यकाल एक साल बढ़ाया

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) रांची जोन के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज का कार्यकाल एक साल ( 12 दिसंबर 2024) तक बढ़ा दिया है। इसको लेकर बुधवार को मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस डिपार्टमेंट ऑफ रेवेन्यू ईडी सेक्शन के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। वर्तमान में कपिल राज झारखंड में अवैध खनन घोटाला, जमीन घोटाला, विधायक कैश कांड सहित झारखंड के कई सनसनीखेज मामलों की जांच की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। गौरतलब है कि इससे पहले बीते 14 सितंबर 2023 को ईडी प्रवर्तन निदेशालय में अतिरिक्त निदेशक के पद पर कपिल राज समेत तीन वरिष्ठ अधिकारियों को पदोन्नत और नियुक्त किया था। जिनमें डॉ। विद्युत विकास और विनोद शर्मा शामिल थे।

### सिपाही से एएसआई प्रमोशन मामला: अजीत कुमार राय और राजीव सिन्हा की ओर से बहस पूरी



**रांची :** झारखंड पुलिस के आरक्षियों (सिपाही) की याचिका पर हाईकोर्ट में बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। बुधवार को राजीव सिन्हा, ऋषिकेश गिरी और अजीत कुमार राय की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। जिसके बाद अदालत ने अन्य प्रतिवादियों की बहस सुनने के लिए 3 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। मूल याचिका में पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गई थी। जिसे निरस्त किए बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नई सूची बनाकर बिना आपत्ति निराकरण और आरक्षण का पालन नहीं करते हुए प्रोन्नत कर दिया गया और पदस्थापन भी कर दिया गया।

## वीर बुधू भगत के नाम पर हो श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम : नेहा तिर्की



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन बुधवार को जब सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो शून्य काल चला। इस दौरान शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का झारखंड के लिए कोई योगदान नहीं रहा। फिर भी उनके नाम पर रांची यूनिवर्सिटी का नामकरण हुआ। सरकार वीर बुधू भगत के नाम पर इस यूनिवर्सिटी का नामकरण करे।

पूर्णिमा नीरज सिंह ने धनबाद में बीसीसीएल द्वारा दामोदर नद को प्रदूषित किये जाने और एनजीटी के गाइडलाइन के उल्लंघन का मसला रखा। दीपिका पांडेय सिंह ने शिक्षा विभाग की सहमति के बावजूद पारा शिक्षकों को अबतक वेतनमान और ईपीएफ सुविधा नहीं दिये जाने का मसला रखा। राजेश कच्छप ने ओरमांझी के प्लस टू स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक नहीं होने की बात रखी।

विनोद सिंह ने हजारीबाग पूर्वी और गिरिडीह वन प्रमंडल में हाथियों द्वारा फसल नुकसान का मुआवजा साल भर से लंबित रहने का मामला रखा। क्यूआरटी के गठन की भी मांग की। विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में जनजातीय भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति का मसला रखा।

लंबोदर महतो ने रामगढ़ और बोकारो में वन अधिकार के तहत 225 से अधिक लंबित पट्टे संबंधी आवेदन पर सदन का ध्यान दिलाया। दशरथ गगराई ने पश्चिमी सिंहभूम के स्कूलों में पूर्ववत मिड डे मील व्यवस्था की मांग की। अनंत ओझा ने राजमहल में इंडोर स्टेडियम की कमी और इसके निर्माण की मांग सरकार से की। भूषण बाड़ा ने पंचायत स्वयंसेवकों को बकाया मानदेय देने और स्थायी किये जाने की मांग की। इरफान अंसारी ने फाजिल और आलिम स्नातकों को भी केंद्र और राज्य सरकार की नौकरियों में मान्यता देने का आग्रह किया।रामचंद्र सिंह और मंगल कालिंदी सहित अन्य विधायकों ने भी अपनी मांग रखी।

## सदन से निलंबित तीनों विधायकों ने विस के मुख्य द्वार पर किया हंगामा

मीडिया अवलोकन संवाददाता




**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन स्पीकर ने बीजेपी के तीन विधायक बीरंची नारायण, जय प्रकाश भाई पटेल और भानु प्रताप शाही को पूरे सत्र के लिए सदन से निलंबित कर दिया। सत्र के चौथे दिन सदन से निलंबित तीनों विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर डेरा जमाया है। बीरंची, भानू और जय पटेल तीनों गद्दा, चद्दर और तकिया लगाकर धरने पर बैठे हैं। भानु प्रताप शाही ने कहा कि सदन में हमलोग युवाओं के हक की आवाज उठाते हैं तो हमें निलंबित कर दिया जाता है। यह लोकतंत्र और संविधान का उल्लंघन करने जैसा है। कहा कि जब भाजपा की सरकार बनेगी और बाबूलाल मरांडी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उसके 24 घंटे के अंदर इरफान अंसारी के घर पर बुलडोजर चलवायेंगे। वहीं भाजपा विधायक बीरंची नारायण ने बताया यह सरकार युवा विरोधी है। बेरोजगार विरोधी है। हेमंत सोरेन की सरकार नोट गिनने में और घोटाला करने में व्यस्त है। इस सरकार ने चार साल में कई हजार करोड़ का घोटाला किया है। हर वर्ग के लोगों को ठगने का काम किया है। कहा कि हमने सदन के अंदर सवाल पूछा तो हमें निलंबित कर दिया गया। आगे कहा कि क्या हमने जूता चप्पल चलाया। हमने संवैधानिक तरीके से मांग की। वेल में गये। अगर वेल में जाना असंवैधानिक है, तो विपक्षी विधायक क्या करेंगे। कहा कि लगता है हेमंत सोरेन अपने आकाओं को खुश करने के लिए दिल्ली की तर्ज पर तीन विधायकों की बलि ली है। लेकिन हम हार नहीं मानेंगे।

#### हमारा निलंबन वापस ले और सदन की कार्यशैली को सुधारे

वहीं भाजपा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि झारखंड के 75% युवाओं को नौकरी देने का झूठा आश्वासन किया गया। केवल 6000 युवाओं को ही नौकरी मिली। बाकि युवा त्रस्त है। कहा कि स्पीकर के एक तरफा कार्रवाई के खिलाफ आज हम विधानसभा के मुख्य द्वारा पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। हम लोगों को टारगेट करके का काम किया जा रहा है।

## 70 सालों की तुलना में पिछले 9 वर्षों में मिलीं अधिक उपलब्धियां : अर्जुन मुंडा

मीडिया अवलोकन संवाददाता



**रांची :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज, 20 दिसंबर को नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की उपलब्धियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अपने नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास में उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बातचीत की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 23 सितंबर, 2018 को शुरू की गई थी। यह 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को लक्षित करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एक आम आदमी चाहे ग्रामीण क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव में रहने वाला हो या शहर के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाला हो, सभी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करे। इसी दृष्टि से झारखंड में विश्व का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की गई। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ रहे, इस उद्देश्य को वास्तविक धरातल पर उतारने के लिए यह सरकार प्रतिबद्ध है और उसी प्रतिबद्धता के दृष्टि से लगातार भारत सरकार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है, जिसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लक्ष्य 50 करोड़ गरीब लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का ह्लसिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशनह्व आरंभ करने के लिए भी आभार प्रकट करता हूं। सिकल सेल एनीमिया जो खासकर मध्य भारत में जनजातीय लोगों में वंशानुगत तरीके से दिखती है और इस समस्या की तरफ वर्षों तक सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। अर्जुन मुंडा ने कहा कि पहली बार इस योजना से साढ़े 7 करोड़ लोगों को उनके हेल्थ प्रोफाइल बनाने के लिए कार्यक्रम शुरू किया गया। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत आयुष्मान भारत योजना जिला स्तर पर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं तैयार कर रही है। देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र ने पिछले 70 वर्षों की तुलना में पिछले 9 वर्षों में अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

## पांडव गिरोह का सरगना संजय रांची से गिरफ्तार

मीडिया अवलोकन संवाददाता

**रांची :** पांडव गिरोह का सरगना संजय सिंह रांची से गिरफ्तार हुआ है। उसके खिलाफ बिहार के विभिन्न जिलों 16 मामले दर्ज हैं। साथ ही संजय पर बिहार पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। बिहार पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स यानी एसटीएफ को बुधवार यह कामयाबी मिली है। एसटीएफ की टीम ने पटना जिला के 50 हजार रुपए के इनामी और कुख्यात अपराधी संजय कुमार उर्फ संजय सिंह को रांची से गिरफ्तार किया है। पांडव गिरोह का सरगना कहे जाने वाले संजय सिंह के पास से पुलिस ने एक राइफल, कारतूस समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। संजय सिंह मूल रूप से पटना के धनरूआ थाना अंतर्गत नीमा गांव का रहने वाला है। वह अपराध की दुनिया में कई वर्षों से सक्रिय था। संजय सिंह के खिलाफ पिछले साल अप्रैल महीने में जहानाबाद में एक ही दिन दो लोगों की हत्या करने का आरोप लगा था। 27 अप्रैल 2022 को एक ही दिन अभिराम शर्मा और दिनेश शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस डबल मर्डर का भी आरोप संजय सिंह पर लगा था। संजय के खिलाफ पटना और जहानाबाद जिला में हत्या, अपहरण, रंगदारी से संबंधित कुल 16 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस संजय सिंह को रांची सदर थाना में रखकर पूछताछ कर रही है। हाल ही में दानापुर कोर्ट के अंदर जिस कुख्यात अभिषेक उर्फ छोटे सरकार को गोली मारी गयी थी।

# सहायक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे दूसरे राज्य से सीटेट व टेट पास अभ्यर्थी : हाईकोर्ट

## 3 साल में पहले प्रयास में ही जेटेट परीक्षा पास करनी होगी, अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए मिलेगा तीन माह का समय

मीडिया अवलोकन संवाददाता




**रांची :** झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया। हाइकोर्ट ने करीब 26001 पदों पर सहायक आचार्य की होनेवाली नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थी या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास करनेवाले झारखंड के निवासी अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा है कि अगर इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति हो जाती है तो उन्हें 3 साल में प्रथम प्रयास में ही झारखंड टेट ( जेटेट) परीक्षा पास करनी होगी। अगर झारखंड सरकार 3 साल में जेटेट परीक्षा आयोजित नहीं करती है तो अभ्यर्थियों पर यह शर्त लागू नहीं होगी। अभ्यर्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा की तैयारी के लिए तीन माह का समय दिया जायेगा। कोर्ट ने कहा सरकार हर साल जेटेट परीक्षा आयोजित करे। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि चूंकी झारखंड में 8 वर्षों से राज्य सरकार ने जेटेट की परीक्षा नहीं ली है। कोर्ट ने कहा कि झारखंड निवासी वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने सीटेट परीक्षा पास की है या झारखंड के पड़ोसी राज्य से टेट परीक्षा पास की है, वे सहायक आचार्य परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। अगर ऐसे अभ्यर्थी चयनित हो जाते हैं और नियुक्त होते हैं तो उन्हें 3 वर्ष के भीतर पहले प्रयास में ही झारखंड सरकार द्वारा आयोजित जेटेट परीक्षा पास करनी होगी। अभ्यार्थियों को सहायक आचार्य परीक्षा में परीक्षा की तैयारी के लिए 3 माह का समय दिया जायेगा। यदि 3 साल में राज्य सरकार जेटेट परीक्षा नहीं लेती है तो अभ्यर्थियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी। कोर्ट के आदेश पारित किये जाने के क्रम में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार के उच्च अधिकारियों से दिशा निर्देश लिया, उसके बाद कोर्ट के आदेश पर अपनी सहमति जतायी। प्रार्थी का कहना था कि झारखंड सरकार ने वर्ष 2016 के बाद टेट परीक्षा नहीं ली है, लेकिन राज्य में शिक्षक नियुक्ति परीक्षा शुरू हो गई है, इसके लिए आवेदन मंगाये जा रहे हैं। इसलिए शिक्षक नियुक्ति में सीटेट पास अभ्यर्थियों को भी शामिल होने दिया जाये या झारखंड सरकार सीटेट परीक्षा का आयोजन कराये। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि 23 अगस्त 2010 के एनसीटीई की गाइड लाइन में प्रोविजन है कि अगर राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है तो दूसरे राज्य से टेट परीक्षा या केंद्र सरकार से सीटेट पास अभ्यर्थियों को नियुक्ति में कंसीडर किया जायेगा।

# सर्द रात में जरूरतमदों के बीच पहुंचीं उपायुक्त

## कंबल का किया वितरण, ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया धन्यवाद

**● उपायुक्त ने भी हर संभव मदद का दिलाया भरोसा**



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय के नेतृत्व में मंगलवार रात्रि को प्रशासनिक अधिकारीयों की टीम ने सदर प्रखंड के गुरहेत, बहेरी, मोरांगी पंचायत में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरित किया। उपायुक्त ने शीतलहरी के मद्देनजर लोगों से अपील करते हुए कहा कि ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतें। बच्चों व वृद्धों का विशेष ख्याल रखें। ज़िला एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार के द्वारा ठंड के मद्देनजर जारी एडवाइजरी जरूरत न हो तो ठंड में बाहर निकलने से बचें। पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें। दस्ताने, जूते एवं मोजे का इस्तेमाल करें। आखों को ठंड से बचाने के लिए बाहर निकलते समय चश्मा लगाएं। कमरे को गर्म रखने के लिए घर में अंगीठी, हीटर, ब्लोअर इत्यादि का प्रयोग सावधानी से करें। अत्यधिक कंपकपी, बार-बार उल्टी या इच्छा होने, सुस्त अथवा अर्द्धबेहोशी होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें।

**खाने में इसका रखें ध्यान**

पर्याप्त भोजन कर बाहर निकलें। यथासंभव पानी पीएं। ठंडा खाना खाने एवं ठंडा पेय पदार्थ पीने से बचें। उच्च कैलोरी वाले भोज्य पदार्थ का सेवन करें।

बच्चों को ऐसे बचाएं ठंड से ठंड में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चे को अधिक देर ठंड में न रहने दें। बच्चों का सर,चेहरा, गला एवं पांव को अच्छी तरह से ढंक कर रखें। बच्चों को एक के ऊपर एक कपड़े पहनाएं। यह उन्हें गर्म रखेगा। बच्चों के तापमान की जांच करते रहें। आज के कंबल वितरण के दौरान उपायुक्त के अलावे पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, सदर एसडीओ विद्या भूषण कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नवेदिता राय, सदर सीओ शशि भूषण सिंह सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का एक दिवसीय हड़ताल, शहर में निकला बाइक जुलूस, किया नुक्कड़ सभा




**मीडिया अवलोकन संवाददाता हजारीबाग :** फेडरेशन ऑफ मेडिकल और सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर देशभर के लगभग 3 लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स अपनी लंबित मांगों को पूरा करने के लिए बुधवार को हड़ताल पर रहे। वहीं हड़ताल का असर हजारीबाग में भी देखा गया। इस दौरान बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के बैनर तले हजारीबाग के तमाम मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स दवा का दाम कम करने, तमाम दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों को जीएसटी से बाहर करने, ऑनलाइन दवाइयां की बिक्री पर रोक लगाने, सेल्स प्रमोशन इंप्लाइज कंडीशन ऑफ सर्विसेज एक्ट 1976 को बरकरार रखने, काम की अवधि तय करने एवं सरकारी अस्पताल तथा संस्थाओं में प्रवेश पर लगे रोग को तत्काल हटाने, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने तथा इनका निजता के अधिकार का हनन करने आदि मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। वहीं हड़ताल को सफल करने के लिए हजारीबाग शहर में मोटरसाइकिल रैली निकालकर नुक्कड़ सभा की रैली मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गेट से निकालकर शहर का भ्रमण करते हुए पूनः वहां पहुंची और हॉस्पिटल गेट के सामने एक नुक्कड़ मीटिंग का आयोजन किया। वहीं नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता यूनियन के सचिव विजय कुमार ने किया। सभा में यूनियन के सचिव सुदीप चैटर्जी, सीआईटीयू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू, त्रिलोक कुमार, सिकंदर कुमार, साकेत कुमार, सूर्यकांत, अशोक कुमार, सुमन शेखर, श्रीधर कुमार तपेश्वर राम ने संबोधित किया। इस अवसर पर यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अपनी मोटरसाइकिल लेकर रैली में भाग लिये। वहीं धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह ने किया।

### आरोग्यम आई केयर यूनिट ने बड़कागांव में लगाया गया निःशुल्क आंख जांच शिविर, 105 मरीजों ने उठाया लाभ




**मीडिया अवलोकन संवाददाता हजारीबाग।** सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा लोगों के बीच आंखों को लेकर जागरूकता का पहल जारी है। बुधवार को दूसरा शिविर का आयोजन बड़कागांव के एनटीपीसी, पकरी बरवाडीह कोल माइंस के कार्यालय क्षेत्र में आयोजित हुआ। इस शिविर में कुल 105 मरीजों ने पहुंचकर लाभ उठाया। सभी का आरोग्यम आई केयर यूनिट के आई स्पेशलिस्ट डॉ विवेक कुमार ने चिकित्सीय जांच किया और उचित चिकित्सा परामर्श दिया। कैंप में 3 लोगों को आंखों का ऑपरेशन कराने और 50 से अधिक लोगों को दवा, चश्मा के साथ इलाज कराने का सलाह दिया गया। शिविर में पहुंचे 100 से अधिक लोगों को भीड़ से हर्षित आरोग्यम हॉस्पिटल की निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की आंखों से संबंधित बीमारी और परेशानी को लेकर जनमानस के बीच हमारा जागरूकता कार्यक्रम जारी रहेगा। हमारे हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट द्वारा निःशुल्क आंख जांच शिविर लगाया जा रहा है और लोगों को यह बताया भी जा रहा है की हमारे हॉस्पिटल के आई केयर यूनिट में आंखों से संबंधित संपूर्ण इलाज किफायती दर पर आधुनिक उपकरणों के साथ उन्नत सेवा के उपलब्ध है। शिविर के सफलता में आरोग्यम आई केयर यूनिट के नेत्र विशेषज्ञ डॉ विवेक कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट विवेक कुमार गुप्ता, निशा मिश्रा, नर्सिंग स्टॉफ अविनाश, मार्केटिंग के राकिब फैजी, पीआरओ मनीष चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

# निष्पादित प्रपत्रों का डीसी ने किया सुपर चेकिंग



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त नैन्सी सहाय के द्वारा हजारीबाग जिला में बुधवार को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत निष्पादित प्रपत्रों-6, 7 एवं 8 का सुपर चेकिंग किया गया। इस दौरान 25-हजारीबाग विधान सभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या-190 राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नूरा, पूर्वी भाग में पहुँचकर संबंधित बीएलओ से प्रपत्र-7 के माध्यम से विलोपन के लिए प्राप्त आवेदन के संबंध में जानकारी ली एवं नियम संगत सावधानीपूर्वक नाम विलोपन की कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिया। वहीं 20-बरकट्ठा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ईचाक प्रखंड के मतदान केन्द्र संख्या-341-मवि बरियठ नया भवन पू0 भाग तथा मतदान केन्द्र संख्या-334- केएन उच्च विद्यालय, ईचाक, पश्चिम भाग में पहुँचकर प्रपत्र-8 के माध्यम से सुधार एवं प्रपत्र-6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम निबंधन के लिए निष्पादित प्रपत्रों का सुपर चेकिंग किया गया। साथ हीं संबंधित बी0एल0ओ0 सुपरवाईजर को शेष छूटे हुए मतदाताओं का मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रपत्र-6 भरने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी माँ देव प्रिया एवं जिला निर्वाचन शाखा के कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

# प्रदर्शनी में विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के छात्र अनस फैजान का चयन




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हजारीबाग :** भारत सरकार की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बच्चो की वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तर पर इंस्पायर अवार्ड मानक का आयोजन रांची के जिला स्कूल में बीते 15 दिसंबर को किया गया। जिसमें रामकृष्ण सारदा आश्रम के कक्षा 9 के छात्र अनस फैजान का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। प्रदर्शनी में राज्य के सभी जिलों से 123 प्रतिभागियों ने अपने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमे से केवल 14 मॉडलों को ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया। बताया अनस फैजान का मॉडल मिनी मोबाइल टावर फॉर सेफ्टी पर आधारित था। कहा पूरे हजारीबाग जिले से राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र चयनित मॉडल है। मौके पर बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आम समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना और रचनात्मक तकनीकी विचार-नवाचार भेजना और उसका समाधान ढूंढना है। राज्य स्तर पर इंस्पायर अवार्ड के लिए अनस के अभिनव विचार तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने के लिए विद्यालय के संस्थापक स्वामी तपानंदजी महाराज, विद्यालय की प्राचार्या डॉ मौसुमी मैती विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बधाई दी। साथ ही मार्गदर्शक शिक्षक सुब्रत सूत्रधर, आभ्या नायक एवं केतन केसरी और उनके अभिभावक को बधाई दी।

## आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा का किया अभिनन्दन

# विकास राणा ने कहा– झारखंड में लूट और झूठ की चल रही है सरकार



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के बंशीलाल चौक आजसू पार्टी कार्यालय में बुधवार को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास राणा को केन्द्रीय प्रवक्ता नियुक्त किये जाने पर जिला कमेटी ने अभिनन्दन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र सिंह ने किया तथा मंच संचालन नगर अध्यक्ष आफताब आलम ने किया। कार्यक्रम में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास राणा को केन्द्रीय प्रवक्ता, आनन्द को केन्द्रीय सदस्य, विजय वर्मा को केन्द्रीय सदस्य एवं संगीता बरला को केन्द्रीय सदस्य नियुक्त किये जाने पर बुके देकर और फूल माला पहनाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी एवं केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के नवनियुक्त केन्द्रीय प्रवक्ता सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखंड में सिर्फ झूठ और लूट की सरकार चल रही है। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम फ्लॉप कर गई है। कहा धरातल पर कुछ भी काम नहीं हो रहा है, वहीं विकास के सारे कार्य ठप्प हो गए हैं। झारखंड के सारे युवा आज रोजगार की तालाश में दर दर भटक रहे हैं। साथ हीं कहा हेमंत सोरेन ने पांच लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार आज अपने वादे से मुकर गई है। कार्यक्रम में केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, महिला मोर्चा की केन्द्रीय सचिव संगीता बरला, महिला जिला अध्यक्ष सुहानी एक्का, वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार वर्मा, सदर प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, दारू प्रखंड अध्यक्ष राजू प्रसाद, महानगर अध्यक्ष आफताब आलम, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर साव, सूरज कुमार, छात्रसंघ के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार प्रजापति, रुपेश राणा, मो यूनुस हुसैन, मो उमर फारुक, मो कलाम खान आदि मौजूद थे।

# भाजपाइयों ने राहुल गांधी का झंडा चौक पर फूंका पुतला

## उपराष्ट्रपति के खिलाफ दिये अमर्यादित बयान का किया विरोध



भावेश मिश्रा

**हजारीबाग :** भाजपाइयों ने मंगलवार को राहुल गांधी के द्वारा सदन के गेट पर किये गए अमर्यादित ब्यवहार के खिलाफ झंडा चौक पर पुतला फूंककर आक्रोश जताया। कहा गया कि, संवैधानिक एवं गरिमामई पद का आज तक कोई भी सांसद ने संसद भवन में बाहर या अंदर इतना घिनौना कार्य नहीं किया था। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने पुतला दहन कार्यक्रम के दरम्यान अपने संबोधन में कहा कि, संसद भवन के द्वार पर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान कल्याण बनर्जी टीएमसी सांसद द्वारा राज्यसभा के सभापति सह उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड जो एक संवैधानिक एवं गरमामई पद पर आसीन है। संसद भवन से इतना गिरा हुआ घिनौना कार्य आज तक नहीं किया गया था। वह भी सम्मानित चयनित सांसदों के द्वारा अपेक्षा नहीं की जा सकती है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान राज्यसभा सांसद सह उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ का कार्यवाही संचालन के क्रम में किए गए आचार व्यवहार का नकल कर रहे थे। वही उपस्थित सभी सांसदों द्वारा ठहाका लगाया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कल्याण बनर्जी के द्वारा किए जा रहे नकल का वीडियो बना रहे थे और उस वीडियो को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड कर वीडियो वायरल किया गया ।राहुल गांधी जैसे प्रतिष्ठित सांसद को शोभा नहीं देता है। राहुल गांधी इतना नीचे गिरकर कम कर सकते हैं। यह सोच से परे है की संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का इस कदर मजाक उड़ाया जा सकता है। इस घृणित कार्य के विरोध में भाजपा कार्यकताओं द्वारा हजारीबाग स्थित झंडा चौक पर गर्म जोशी एवं नारेबाजी के साथ राहुल गांधी का विरोध प्रकट करते हुए पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया।

## विद्यार्थियों का शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन

# डीआईजी का निवास है एक धरोहर जो 100 साल से भी अधिक है पुराना





मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हजारीबाग :** राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों का शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को हजारीबाग जिले में झारखंड पुलिस अकादमी का परिभ्रमण कराया गया। झारखंड पुलिस अकादमी के बस में सवार होकर विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर से पुलिस अकादमी परिसर पहुंचे। यहां सार्जेंट मेजर ने सब का स्वागत करते हुए सबसे पहले शहीद स्मारक का दर्शन कराया। विद्यार्थियों ने यहां पुष्प अर्पित किया। इसके बाद विद्यार्थियों को विशाल परेड ग्राउंड को दिखाया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को पुलिस अकादमी भवन का भ्रमण कराया गया। यहां विद्यार्थियों को भव्य प्रशाल, पुस्तकालय, आधुनिक किस्म के वर्ग आदि दिखाएं गया। साथ हीं सेमिनार हॉल में लगभग एक घंटे का करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड पुलिस अकादमी के संयुक्त निर्देशक डीआईजी संजीव रंजन सिंह ने पुलिस सेवा में प्रवेश एवं प्रशिक्षण से संबंधित विषयों की जानकारी दी। वर्ष 2023 में जेपीएससी से डीएसपी बने सुश्री पूजा, अनुभव भारद्वाज एवं प्रशांत कुमार ने अपने तैयारी से संबंधित जानकारी को साझा किया। वहीं विद्यार्थियों की ओर से कई सवाल पूछे गए। इसके बाद सभी विद्यार्थियों को डीआईजी के निवास का भ्रमण कराया गया। बताया गया कि डीआईजी का निवास एक धरोहर है जो 100 साल से भी अधिक पुराना है। यहां पर विद्यार्थियों के साथ पुलिस अधिकारियों ने जलपान किया तथा चाय पर चर्चा का आयोजन भी किया। भ्रमण में विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा, डॉ बीपी सिंह, डॉ मार्गरेट लकड़ा, डॉ अजय बहादुर सिंह, शोधार्थी रुखसाना, श्वेता, धर्मेंद्र, महेंद्र, विकास एवं तृतीय व प्रथम समसत्र के डेढ़ सौ से अधिक विद्यार्थी मौजूद थे।

# अतिथियों को महामंत्री मंजू मिश्रा ने साल ओढ़ाकर किया सम्मानित



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रंजू झा का हजारीबाग में दो दिवसीय प्रवास भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में सदर विधानसभा के सदर शहरी, सदर ग्रामीण, एवं कटकमदाग मंडल के कई गांव एवं टोलों में तथा मांडू विधानसभा के कई गांव मे प्रवास के दौरान भ्रमण किया गया। भ्रमण के पूर्व नृसिंह भगवान के मंदिर में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सावंत इंटर कॉलेज खपरियावा में जिला महामंत्री मंजू मिश्रा के द्वारा अतिथियों को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी, एएन एम, किसान मित्र, कमल मित्र एवं स्वंय सहायता समूह के महिला दीदियों के साथ बैठक हुई। जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे जान कल्याणकारी योजनओं के बारे में बतलाया गया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में भी छात्र छात्राओं से रुबरु हूए प्रवास के दौरान साथ में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह, जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, जिला महामंत्री मंजू मिश्रा, सत्यभामा जी, जिला मंत्री मनोरमा राणा, कांचन देवी जिला कोषाध्यक्ष सुनीता देवी ,भाजपा के वरिष्ठ नेता अर्जुन साव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी मोर्चा राम किशोर सावंत दिलीप साहू युवा मोर्चा के जिला महामंत्री आशीष कुमार अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोहमद नसीम मुख्य रूप से मौजूद थे।

## जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हुआ आयोजन, 50 विद्यालय से 500 से भी अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिता में हुए सम्मिलित

# खेल में हार और जीत लगी रहती है कभी भी निराश नहीं होना चाहिए : एसपी

**● आने वाले दिनों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा : हर्ष अजमेरा**




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हजारीबाग :** सीजी नैडी मेमोरियल हजारीबाग जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन स्टेडियम में बुधवार को आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे एवं हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सह समाज सेवी हर्ष अजमेरा, हजारीबाग एथलेटिक एसोसिएशन अध्यक्ष कल्पना बाडा, संत कोलंबस कॉलेज के प्राचार्य विमल सोरेन, फैहमा अकैडमी के प्राचार्य फरहा डीएवी के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार, साजिद हुसैन, बुलंद अख्तर एवं रियाज खान मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। जिसके बाद तमाम अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया। प्रतियोगिता के दौरान नेशनल मेडलिस्ट सदानंद, एथलेटिक्स प्रशिक्षक अनुकंपा रुडा, एवं इंटरनेशनल तकनीकी पदाधिकारी अनवर हुसैन को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में करीब 50 विद्यालय से 500 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। बताया कि प्रतियोगिता के दौरान कुल 70 एथलेटिक्स के अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित हुए।

**प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने लहराया परचम**

अंडर 16 बालक वर्ग 60 मीटर दौड़ मे प्रथम विशाल मोहन, द्वितीय अंशु कुमार यादव, तृतीय मोहम्मद कामरान आलम, 300 मीटर दौड़ में प्रथम प्रभाकर कुमार, द्वितीय-संजीत कुमार यादव, तृतीय अजमान हक, लंबी कूद में प्रथम ऋषभ यादव, द्वितीय रेहान अंसारी, तृतीय प्रभाकर कुमार, अंडर 14 बालक वर्ग लंबी कूद में प्रथम सचिन सिंह, द्वितीय-आयुष कुमार, तृतीय निखिल तिर्की, 600 मीटर दौड़ मे प्रथम-रूपेश कुमार, द्वितीय रितिक कुमर, तृतीय निखिल तिर्की, 60 मीटर दौड़ मे प्रथम आयुष कुमार, द्वितीय निहाल तिर्की एवं तृतीय रितिक कुमार शामिल है। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल में हार और जीत लगी रहती है। कभी भी निराश नहीं होना चाहिए, अपने लक्ष्य की और हमेशा अग्रेषित रहना चाहिए। मौके पर हजारीबाग ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सह युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने कहा कि खेल के प्रति खिलाड़ियों का उत्साह देख मन प्रसन्न हो रहा है। कहा आने वाले दिनों में खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा। प्रतियोगिता में अपनी अहम भूमिका निभाने वालों में साबिर हुसैन, अनवर हुसैन, प्रियरंजन कुमार सिंह, मुदस्सर खान, अनुकंपा रूदा, काशिम हुसैन, रवि कुमार, मुकेश कुमार आदित्य रंजन, काजल कुमारी, आस्था ओझा राजेश कुमार, ज्योति कुमारी सहित कई लोगो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मीडिया अवलोकन
हजारीबाग, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023 04
www.mediaavlokan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में 10 अवैध कोयला खदान की करायी गयी डोजरिंग

**मीडिया अवलोकन संवाददाता बड़कागांव :** प्रखंड में संचालित अवैध कोयला कारोबार को लेकर बुधवार को वन विभाग के एसीएफ एके परमार के नेतृत्व में हजारीबाग डीएफओ सबा आलम के निर्देश पर बुधवार को वन विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। इस दौरान बादम पंचायत के रावत पारा और गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत रूदी अधिसूचित वन क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित 10 कोयला खदान को जेसीबी मशीन लगाकर डोजरिंग कर भर दिया गया। साथ हीं अवैध कोयला खदान संचालक एवं उससे संबंधित कारोबारियों का नाम वन विभाग द्वारा इकट्ठा की जा रही है। वहीं मामले को लेकर एसीएफ ए के परमार ने कहा कि अवैध कोयला खदान संचालक का नाम के अलावा मामले में शामिल कारोबारीओ के खिलाफ वन विभाग में मामला दर्ज करने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। मौके पर एके परमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बड़कागांव प्रखंड में किसी हालत में अवैध रूप से कोयला उत्खनन, या अवैध कोयला कारोबार करने नहीं दिया जाएगा। कहा जो भी पकड़े जाएंगे, उन पर वन विभाग के द्वारा कार्रवाई की जाएगी। डोजरिंग में बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह, सदर रेंज अफसर सत्येंद्र चौधरी, बड़कागांव पुलिस निरीक्षक अभय कुमार के अलावा बड़कागांव वन कर्मी तथा सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

### बीडीओ ने बहेरा के कई वार्ड में किया अबूआ आवास की जांच

**मीडिया अवलोकन संवाददाता चुरचू :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम फूसरी, मयूरनचवा कजरी, पिपरा में बुधवार को बीडीओ ललित राम, बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, बहेरा पंचायत के नव न्युक्त पंचायत सेवक अनीता राय, बहेरा पंचायत के नव न्युक्त रोजगार सेवक सिव कुमार राणा, पंचायत समिति सदस्य मालती देवी, विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी के द्वारा अबूआ आवास कल और आज कुल 50 लाभुकों को जांच किया गया। साथ हीं उन्होंने कहा कि जैसे कच्चे घरों में रहने वाले परिवार, आवास विहीन एवं निराश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो। सभी पात्रता मापदंड के अनुसार लाभार्थी की सूची तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज भी शेष वार्डो में जांच किया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, बहेरा पंचायत के सभी वार्ड सदस्य गण, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### रामानुजम डिग्री कॉलेज के बच्चो को कराया गया शैक्षणिक भ्रमन

**मीडिया अवलोकन संवाददाता टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो में संचालित रामानुजम डिग्री कॉलेज के बच्चो को राजगीर, नालंदा, पावापुरी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों का खुले वातावरण में शिक्षा को अपने व्यक्तिगत जीवन का अनुभव करने का मौका मिला। बताया गया कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से छात्र छात्राओं के एक अनुभूति जागृत होती है। वहीं महाविद्यालय के प्रधानाध्यापक चुरामन प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि विज्ञान, शिष्टाचार, समाजिक विज्ञान और प्राकृतिक को व्यक्तिगत रूप से जान सकते हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों में समूह में रहने की प्रवृत्ति नायक बनने कि क्षमता तथा आत्मविश्वास एवं भाईचारे की भावना प्रबल होती है। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार मौर्या, राहुल कुमार मौजूद थे।

### कनीय अभियंता ने अबूआ आवास के आवेदन का किया जांच

**मीडिया अवलोकन संवाददाता बड़कागांव :** कनीय अभियंता मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी व पंचायत सचिव श्वेता कुमारी ने बुधवार को बड़कागांव मध्य पंचायत पहुंचकर अबुआ आवास के लिए आवेदिका पूर्णिमा कुमारी के मकान की जांच की गई। इनके अलावा अन्य अबुआ आवास आवेदकों के घर जा जाकर के घर व जमीन की जांच की गई। इस अवसर पर मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी एवं श्वेता कुमारी ने कहा झारखंड सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में जो भी आवेदन अबुवा आवास के लिए प्राप्त आवेदको के घर-घर में जा कर जांच कर सत्यापन कर रहे हैं। पहली प्राथमिकता उसको मिलेगा जिनको कभी आवास नहीं मिला है, और घर अभी कच्चा मकान है। मौके पर मौजूद कनीय अभियंता मोहम्मद शमसुद्दीन अंसारी, पंचायत सचिव श्वेता कुमारी, अवेदिका पूर्णिमा कुमारी, वार्ड सदस्य सविता देवी, गणेशा राम आदि लोग मौजूद थे।

### सिरसी रसुलीगंज के 4 इस्लाम धर्मावलंबी उमरा के लिए निकले



**मीडिया अवलोकन संवाददाता कटकमदाग।** प्रखंड के सिरसी रसुलीगंज के इस्लाम धर्मावलंबी उमरा के लिए निकले। जिन्हें सैकड़ों की संख्या में हिन्दु एवं मुस्लिम समुदाय ने नगर भ्रमण करवाया और फुलमाल से कर विदाई दी। उमरा पर जाने वालों में मो शरीफ ने कहा कि क्षेत्र की अमन शांति एवं उन्नति की दुआ मांगने जा रहे हैं। जिससे लोगों को लाभ हो उमरा में मो शरीफ शकीला खातुन जैनुल आबेदीन एवं शहनाज परवीन सामिल है। विदाई देने वालों में मो जमाल जिलानी, इमरान, मनौवल, जमील जमील फिरोज हकीम कामरान बाल देव साव उपेन्द्र मिश्र बादशाह राम महेन्द्र राणा अमृत राम अभ्यानंद मिश्र सुजित पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### साइबर ठगी के आरोपी को भेजा गया जेल



**मीडिया अवलोकन संवाददाता टाटीझरिया :** थाना क्षेत्र के डुमर पंचायत के कोल्हु निवासी रंजन कुमार पिता सुरेश प्रसाद को टाटीझरिया थाना प्रभारी आनंद आजाद साइबर ठगी मामले में संलिप्त कांड संख्या 49-23 भादवि संख्या 406, 420, 419, 66 उ, 66 इ, 88 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बुधवार को भेज दिया। बताते चले की ठगी आरोपी ने बीते 5 दिसंबर को किसी अनजान व्यक्ति के बैंक खाते से 3 हजार रुपए की निकासी हैक कर निकाल लिया था। इसी मामले के अनुसंधान में सूचना मिलने पर थाना प्रभारी दल बल के साथ आरोपी के घर जाकर गिरफ्तार कर लिया गया।

# दो साइबर अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

## कोडरमा पुलिस को मिली सफलता, कई समान बरामद

मीडिया अवलोकन संवाददाता




**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने साईबर गिरोह का उद्भेदन करते हुए इसमें शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही कई समानों को भी बरामद किया गया है। इस बाबत कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि इस मामले में दो साइबर अपराधी को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि कोडरमा पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की साईबर अपराधियों का एक गिरोह सतगावां थाना क्षेत्र के ग्राम बिसनीडीह में सक्रिय होकर अपना धनी फाइनेंस से लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर उनसे पैसों की ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। इस मामले के उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए इस गिरोह के 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर यह बात सामने आई कि इनके द्वारा मेटा ऐडस एप्प का प्रयोग कर अपना धनी फाइनेंस का फर्जी विज्ञापन सोशल मीडिया में डाला जाता था जिसे देखकर लोग इनके प्रलोभन में आ जाते थे। इसके बाद इन अभियुक्तों द्वारा लोगों से लोन की स्वीकृति हेतु प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसों की ठगी की जाती थी। साथ ही इनके मोबाईल फोन की जाँच करने पर इनके मोबाईल फोन में कई सारे लोगों से पैसे ठगी करने के ठोस सबूत मिले है। इनके पास से मोबाईल फोन, विभिन्न बैंकों के पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, क्यूआर कोड स्कैनर, मोटरसाइकिल एवं नकद राशि बरामद की गई है। इस सन्दर्भ में सतगावां थाना कांड संख्या 88/23 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों में संजीव कुमार 26 वर्ष, पिता सदानंद सिंह आशिक कुमार 19 वर्ष, पिता सुनील सिंह दोनों बिसनीडीह, थाना सतगावां शामिल हैं। इनके पास से 4 मोबाईल फोन, 4 पासबुक, 3 क्यूआर कोड स्कैनर, 2 चेकबुक, 2 आधार कार्ड, 1 वोटर कार्ड, 1 एटीएम कार्ड, 1 मोटरसाइकिल व 85 हजार 6 सौ रूपए नकद बरामद किया। जबकि छापेमारी दल में पुनि सुजीत कुमार, सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह, मनोज कुमार चौतम्बा, ऋषिकेश सिन्हा व सतगावां थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उमवि बुकाड़ में किया गया बच्चों के बीच पोशाक वितरण




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुकाड़ में मुखिया प्रतिनिधि ताजपुर अभिमन्यु प्रसाद भगत एवं पंचायत सचिव मोहन यादव प्रधानाध्यापक डॉ प्रदीप साहू के उपस्थिति में बुधवार को बच्चों के बीच दो सेट पोशाक, एक जोड़ी जूता, एक स्वेटर कक्षा तीन से आठवीं के सभी बच्चों के बीच वितरित किया गया। बताया कि विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए गए संख्या के आधार पर सभी बच्चों को कॉपी दिया गया। वहीं बच्चे नए कपड़े लेकर उत्साहित दिखे। लेकिन मौजूद ग्रामीण कपड़ा एवं स्वेटर की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे थे। ग्रामीण लोगों का कहना है कि सेट में मौजा एवं दुपट्टा नहीं दिया गया है। वहीं आरोप लगाया जा रहा है कि यह स्वेटर ठंडा भर भी चल नहीं सकता है। वहीं वितरण कार्यक्रम में अधिकांश बच्चों को यह छोटा हो गया। बताया उसके साइज के अनुरूप नहीं दिया गया। इस पर ग्रामीण आक्रोशित दिखे। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ प्रदीप साहू ने सबको समझा बूझकर शांत किया। कहा कि विभाग द्वारा जो उपलब्ध करवाया गया है वही वितरित किया जा रहा है। बताया कि हमलोग विभाग में इस बातों को रखेंगे। पोशाक वितरण समारोह में शिक्षक अजय कुमार यादव, अशोक कुमार यादव रसोईया उर्मिला देवी, कपूर्वा देवी, ग्रामीण संगीता देवी, महेंद्र भुइयां, ढालों यादव, महेश कुमार आदि मौजूद थे।

## महेश पांडेय के श्राद्ध में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखंड के भराजो पंचायत के अमनारी में बुधवार को महेश पांडेय के द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में झारखंड कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष केदार नाथ पंडा और कान्यकुब्ज ब्राह्मण संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक शामिल हुए। कार्यक्रम में लोगों ने स्वर्गीय पांडेय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। वहीं प्रदेश अध्यक्ष केदार पंडा ने कहा कि बहुत ही सुखद घटना है। उन्होंने कहा जो बेटा आज बूढ़े पिता का सहारा बनता है, वहीं आज इन पर अपने बहू का सहारा बनना पड़ रहा है। कहा समाज ऐसे परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहेगी जो द्वादशा के बाद इस परिवार की पीड़ा और दुख दर्द को समझे और मदद करे। उन्होंने अपनी लब्ज में कहा यही परिवार और समाज है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक ने कहा कि जहां हमारी जरूरत पड़ेगी हम और समाज हर समय आपके साथ खडा है। उन्होंने मृतक महेश पांडेय के पिता कोलेश्वर पांडेय को ढाढस बंधाया। बता दे कि प्रदेश कान्यकुब्ज में दो ब्रह्मण संघटन हो गया है। दोनो प्रदेश अध्यक्ष अमनारी श्राद्ध क्रायकर्म में पहुंचे। इस अवसर पर धानेश्वर तिवारी राम लखन पांडेय महेश पांडेय, कौलेश्वर मिश्रा, मनोज पांडेय, तुलेश्वर पांडेय उपेंद्र पांडेय, कामेश्वर पांडेय, राजू पांडेय विनय पांडेय, सचिन पांडेय पप्पू पांडेय सुरेश पांडेय, संजय पांडेय, सत्यानंद पांडेय, ज्योतिष पंडा, गंगाधर पंडा, रामू पांडेय, अरविंद पांडेय, केदार पांडेय, रंजित पांडेय सुबोध पांडेय सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

विधानसभा शीतकालीन सत्र में विधायक ने उठाया मामला

## टाटीझरिया में सिर्फ टंकी बनकर रह गया, कहीं नहीं है पानी : अमित यादव

मीडिया अवलोकन संवाददाता



**टाटीझरिया :** जिले के प्रखंड क्षेत्र में जल की समस्या को लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने विधान सभा में सवाल उठाया है। उन्होंने बुधवार को विधान सभा में चल रहे शीतकालीन सत्र में कहा कि टाटीझरिया प्रखंड, में चल रहे जल नल योजना का कोई लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है सरकार का पैसा व्यर्थ जा रहा है। उन्होंने बताया बहुत ऐसे जगह हैं, जहां पानी है हीं नही, वही बोरिंग करवाकर टंकी बनाया जा रहा है। कहा टंकी में पानी हीं नही रहेगा, तो हर घर में कैसे पानी पहुंचेगा। सिर्फ टंकी खड़ाकर घर के बाहर नल लगा दिया गया है, जिसमे पानी नही आता है। उन्होंने मामले पर कहा यह जांच का विषय है। साथ हीं उन्होंने कहा कि जहां सरकार को नवयुवकों को नौकरी बाटनी चाहिए, वहां मुर्गी, साइकल, बांट रही है। बताते चले कि टाटीझरिया प्रखंड के भराजो, झरपो, खैरा, डहरभंगा, टाटीझरिया, डुमर धरमपुर, बेड़म पंचायत के विभिन्न गांवों में सिर्फ ठेकेदार अपने फायदे के लिए जैसे तैसे काम की है। उन्होंने बताया डीप बोरिंग के जगह पुराने बोरिंग में टंकी बैठा दिया जा रहा है। वही अगर कही पानी आ रहा है, तो कुछ ही लोगो को पानी मिल रहा है। बाकी शेष घरों में सिर्फ शोभा के लिए नल बैठा दिया गया है। वहीं जहां अच्छी पाईप की जरूरत थी, उसके जगह कमजोर पाईप लगाया गया है। बताया पाईप बिछाने के लिए गड्ढा भी ठीक से नही किया गया है, जिससे कारण गाडियों के आवागमन से नीचे पाईप भी फटने की शिकायतें आ रही है। उन्होंने कहा जल नल योजना में ग्रामीणों की जगह सिर्फ ठेकेदारों का फायदा पहुंच रहा है। इस बाबत उन्होंने बताया कि आधिक बोरिंग होने से गर्मी के दिनों में ग्रामीणों के कुएं भी सुखेंगे और उन्हे जल भी नसीब नही होगा। मामले पर उन्होंने कहा समय रहते यदि जांच नही किया गया तो आनेवाले दिनों में ग्रामीण को पानी की समस्या से जूझना पड़ेगा।

## वनाधिकार पट्टा प्राप्ति को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

मीडिया अवलोकन संवाददाता

**कटकमसांडी।** व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा प्राप्ति को लेकर सामुदायिक वन अधिकार समिति डांड़ ने हजारीबाग के एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन मे कहा गया है कि वन कानून 2006, अधिनयम 2008 व संशोधन अधिनियम 2012 के तहत अपने गांव डांड़ सीमा क्षेत्र के व्यक्तिगत अधिकार का दावा आम सभा में भौतिक सत्यापन कर स्थल जांच 29 नवंबर 2023 को किया गया। भौतिक सत्यापन में कुल 53 लाभार्थियों का व्यक्तिगत दावा सत्य पाया गया। ग्राम सभा में वनाधिकार समिति को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु अनुमंडल स्तरीय वनाधिकार समिति के समक्ष जमा करने की जिम्मेवारी सौंपी गई। जमा दस्तावेजों को समिति के सदस्यों ने मंगलवार को एसडीओ, हजारीबाग को सुपुर्द किया। ज्ञापन सौंपने वालों में सामुदायिक वन अधिकार समिति के अध्यक्ष तुलेश्वर साव, सचिव साजिद अंसारी, झमन गोप, होरील यादव, प्रकाश यादव, भोला नाथ सिंह, केंद्रीय प्रभारी व मो हबीब का नाम शामिल हैं।

## विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता रामदूत बनकर पहुंचाएंगे पूजित अक्षत को हर घर

मीडिया अवलोकन संवाददाता



**टाटीझरिया :** अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर का भव्य विधिवत पूजन 16 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक होना है। इस दौरान 24 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता नंदन ठाकुर ने किया और संचालन बजरंग दल प्रखंड संयोजक रवि ने किया। इन्ही पूजन को लेकर टाटीझरिया बजरंग दल राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ एवं रामभक्तो की बैठक बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बजरंग दल जिला संयोजक प्रशांत सिंह मौजूद थे। जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने कहा कि हमलोग राम का दूत है, और राम का दूत बनकर काम करना होगा। राम जन्मभूमि से आये पूजित अक्षत को घर-घर तक प्रखंड के कुल 8 पंचायत एवं 54 गांवों के 12 हजार परिवारों तक राम जन्मभूमी का पूजित अक्षत एवं जन्मभूमि का तस्वीर तथा आमंत्रण पत्र घर-घर तक बजरंग दल के कार्यकर्ता रामदूत बनकर पहुंचायेंगें। बताया कि 22 जनवरी 2024 को अपने घरों एवं आस पास के प्रत्येक मन्दिरों को साफ सफाई कर दिपोत्सव मनायेंगे। बैठक में मौजूद खण्ड कार्यवाहक विकास मिश्र सह संयोजक भोला शर्मा सुरेन्द्र प्रसाद कृष्णा साव महेश अग्रवाल भाजयुमों प्रखंड अध्यक्ष रजनीकांत चौधरी रंजन कुमार राना आदी लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी पकरी बरवाडीह में खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन






मीडिया अवलोकन संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग परियोजना के तत्वाधान में 66 वां खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। बताया गया कि 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक चलने वाली इस सप्ताह के पांचवें दिन बुधवार को पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का खान सुरक्षा निर्देशक, डीएमएस अफताब अहमद एवं उनकी टीम ने निरीक्षण किया। खान सुरक्षा निर्देशक पहले पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सीकरी स्थित कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सुरक्षा सप्ताह में हो रही गतिविधियों का जायजा लिया एवं वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। कार्यालय में सुरक्षा संबंधित विषयों पर चर्चा के बाद निर्देशक एवं उनकी टीम पकरी बरवाडीह माइंस की पीट ऑफिस पहुंचे जहां उनका औपचारिक स्वागत पगड़ी पहना कर परंपरागत संथाली नृत्य के साथ किया गया। औपचारिक स्वागत के बाद अधिकारियों ने सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण किया एवं जानकारियां ली। तत्पश्चात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलवाई गई और उसके बाद नाटक एवं अन्य नृत्य, संगीत सुरक्षा संदेश को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत किए गए। मौके पर मुख्य अतिथि अफताब अहमद एवं उनकी टीम के अलावा एनटीपीसी, एमडीओ त्रिवेणी सैनिक के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे। एनटीपीसी व त्रिवेणी सैनिक के अधिकारियों ने सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए कई बातें कही। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया की सुरक्षा हमारे पहली प्राथमिकता है भले ही उत्पादन कम हो जाए या कुछ भी हो जाए, लेकिन हम सुरक्षा से कभी भी समझौता नहीं करते हैं। अधिकारियों ने परियोजना में दुर्घटना रहित माहौल पर जोर देते हुए कहा कि हम नियर मिस पर बोल दे रहे हैं। जिससे आगे सीख लेते हुए दुर्घटनाओं से बचा जा सके।


## डेबो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लगा शिविर



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के पंचायत डेबो में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शिविर का उद्घाटन बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा, सीओ आशीष मण्डल, मुखिया सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, पंसस द्रोपदी देवी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बच्चियों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत की। शिविर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे फरियादियों ने अपनी समस्याओं को लिखित आवेदन देकर समाधान का मांग किया। शिविर में विभिन्न मामलों के 1080 फरियादियों ने आवेदन जमा किया। जिसमें 420 आवेदन का ऑन द स्पॉट समाधान हुआ। जब कि 660 आवेदन लंबित रह गए। शिविर में फोकस योजनाएं के तहत 270 अबुआ आवास योजना का आवेदन जमा हुआ।

# क्राउड फंडिंग :नए जमाने में पुराना फण्डा...



राकेश अचल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी क्राउड फंडिंग अभियान में दान दिया। दान देने के बाद राहुल ने कहा कि प्रगतिशील भारत के लिए यह उनका योगदान है। इसी के साथ उन्होंने लोगों से भी अभियान का हिस्सा बनने के लिए आग्रह किया है। गांधी ने अपने दान की राशि सार्वजनिक नहीं की। क्राउड फंडिंग से कांग्रेस को फंड और क्राउड दोनों हासिल करना है ।

क्राउड फंडिंग एक लोकप्रिय फंडा है । इससे जनता द्वारा सीधे नगद सहायता हासिल की जाती है। क्राउड फंडिंग सोशल मीडिया पर बहुत बाद में चलन में आया लेकिन ये फण्डा है बहुत पुराना । किसी बीमार की मदद से लेकर देश की आजादी के आंदोलन तक के लिए समझदार लोगों ने क्राउड फंडिंग का फामूर्ला अपनाया है । साल 2023 के अंत में देश की सबसे पुरानी लेकिन सबसे कमजोर पार्टी कांग्रेस ने क्राउड फंडिंग का अभियान आरम्भ किया है।

देश में अधिकांश राजनीतिक दल या तो जनता के पैसे से चलते हैं या उद्योगपतियों के पैसे से । राजनीतिक दलों को जो पैसा देता है वो ही इन दलों का नीति नियंता भी हो जाता है। इसलिए महात्मा गाँधी जैसे लोगों ने जनता से पैसा लेना ज्यादा ठीक समझा। कालांतर में राजनीतिक दलों को धन संग्रह की समस्या से निबटने के लिए चुनावी बॉण्ड प्रणाली अपनायी गयी। वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से इसे वर्ष 2018 में लागू किया गय। चुनावी बॉण्ड दाता की गुमनामी बनाए रखते हुए पंजीकृत राजनीतिक दलों को दान देने के लिये व्यक्तियों और संस्थाओं हेतु एक साधन के रूप में काम करते है। चुनावी बॉण्ड केवल वे राजनीतिक दल ले सकते हैं जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पंजीकृत हैं, या जिन्होंने पिछले आम चुनाव में लोकसभा या विधानसभा के लिये डाले गए वोटों में से कम-से-कम 1 फीसदी वोट हासिल किये हों।

चुनावी बॉण्ड के जरिये राजनितिक दलों ने खूब पैसा जमा किया। कांग्रेस समेत चार अन्य क्षेत्रीय दलों ने 1245 करोड़ रुपए जमा भी किये लेकिन सबसे ज्यादा पैसा सत्तारूढ़ भाजपा को मिला। चुनावी बांड पहली बार वर्ष 2018 में जारी हुआ और तब से लेकर अब तक 11 बार जारी किया जा चुका है इसमें बांड खरीदकर आप किसी भी सियासी दल को पैसा दे सकते हैं. इस बांड पर कोई ब्याज नहीं मिलता। धन संग्रह की ये योजना जल्द ही अदालती फेर में पड़ गयी। सुप्रीम कोर्ट इन दिनों मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 05 न्यायाधीशों की संविधान




पीठ के जरिए राजनीतिक दलों के वित्तपोषण के लिए चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

इस बारे में अदालत चार याचिकाओं पर विचार करने वाली है. केंद्र सरकार की ओर से इस पर अपना पक्ष रखा गया है. 29 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सौंपे गए एक हलफनामे में, केंद्र सरकार ने चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं को संबोधित किया है। उन्होंने बताया कि अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने शीर्ष अदालत को बताया कि नागरिकों को चुनावी बांड के स्त्रोतों को जानने का सामान्य अधिकार नहीं है ।एक आधिकारिक आंकड़े के मुतबिक इलेक्टोरल बांड के जरिए अब तक 5851 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं। इस साल मई माह में 822 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बांड खरीदे गए। जनवरी से लेकर मई 2019 तक भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं के जरिये 4794 रुपये के बांड खरीदे गए. जबकि इससे पहले 2018 में 1000 रुपये की बांड खरीदी हुई थे। दस साल से सत्ता से दूर कांग्रेस इस समय धन की कमी से जूझ रही है । भाजपा ने चुनाव इतना मंहगा कर दिया है की अब कांग्रेस जैसी पार्टी के लिए उसका सामना कठिन हो गया है । विपक्ष में होने की वजह से उसे चन्दा भी नहीं मिल पा रहा है । कांग्रेस को चंदा देने की चाहत रखने वाले लोग ईडी और सीबीआई से डरने लगे हैं। ऐसे में साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने फंड जुटाने के लिए क्राउड फंडिंग अभियान शुरू किया है. कांग्रेस ने इसे डोनेट फॉर देश नाम दिया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 1 लाख 38 हजार रुपये दान कर इस अभियान की शुरूआत की। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 18 साल से ज्यादा उम्र का कोई भी व्यक्ति 138, 1380, 13800 या 1,38,000 रुपये का दान दे सकता है.

दरअसल कांग्रेस 138 साल की यात्रा का जश्न मना रही है. इसलिए लोगों से 138 के गुणांक में चंदा देने की अपील की गई है। कांग्रेस का ये अभियान महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज फंड से प्रेरित है, जिसे 1920-21 में शुरू किया गया था। कांग्रेस के इस अभियान को लेकर भाजपा के पेट में मरोड़ हो रही है। भाजपा ने इसे लेकर कांग्रेस को घेरा है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि जिन्होंने 60 साल तक देश को लूटा, वो अब उसी देश से चंदा मांग रहे हैं। कांग्रेस का ऑनलाइन क्राउड फंडिंग डोनेट फॉर देश,का मकसद एक बूथ के 10 घर तक दस्तक देने का है । राजस्थान में कांग्रेस की ओर से पिछले विधानसभा चुनाव 2018 से पहले क्राउड फंडिंग अभियान शुरू किया गया था।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी क्राउड फंडिंग अभियान में दान दिया। दान देने के बाद राहुल ने कहा कि प्रगतिशील भारत के लिए यह उनका योगदान है। इसी के साथ उन्होंने लोगों से भी अभियान का हिस्सा बनने के लिए आग्रह किया है। गांधी ने अपने दान की राशि सार्वजनिक नहीं की। क्राउड फंडिंग से कांग्रेस को फंड और क्राउड दोनों हासिल करना है । कांग्रेस को इस अभियान में कितनी कामयाबी मिलेगी कहा नहीं जा सकता ,क्योंकि इस समय देश तो राम नाम में डूबा हुआ है। राजनीतक दलों के पास जितनी राज्य सरकारें होतीं हैं उसे उतना ज्यादा पैसा मिलता ह। खुद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी राज्य सरकारों को राजनितिक दलों का एटीएम बता चुके हैं। इस समय भाजपा के पास सबसे ज्यादा और कांग्रेस के पास सबसे कम एटीएम हैं। आम आदमी पार्टी भी दो एटीएम की मालिक है। लेकिन समाजवादी पार्टी और बहुजन समा पार्टी के पास कोई एटीएम नहीं है।

## संपादकीय

### निलंबन नहीं जवाब

सांसदों के निलंबन का सिलसिला जारी है। अब तक लोक सभा और राज्य सभा मिला कर कुल 141 सांसद निलंबित किए जा चुके हैं। यह सूची आगे भी बढ़ सकती है। इसलिए कि न तो सरकार अपनी तरफ से बयान दे कर विपक्ष की मांग पूरी करने जा रही है, और न विपक्ष इसके बगैर 'अनुशासित' होने को तैयार है। बात इतनी सी है कि विपक्ष 13 दिसम्बर को संसद हमले की बरसी पर फिर से इतिहास दोहराए जाने की मॉक कवायद पर सरकार से स्पष्टीकरण मांग रहा है। देखा जाए तो तनातनी संसद का स्थायी फेनोमेना बन गई है। सरकार, जो प्रचंड बहुमत में है और विधानसभाओं में भी जिसकी लहर चल रही है, की 'संसद में संवाद को लेकर बहुत कम चिंता दिखाई' देती है। इसे विपक्ष सरकार का 'अराजक आचरण' कहता है। जिस तरह 13 दिसम्बर की घटना के बाद से सरकार लोक सभा स्पीकर के बयान को काफी बता कर खुद बयान न देने पर आमादा दिखती है, उससे तो यही लगता है कि वह देश के साथ-साथ संसद को 'विपक्ष मुक्त' करना चाहती है। इसलिए कि संसदीय इतिहास का यह सबसे बड़ा निलंबन है। संसद संवाद का साकार विग्रह होती है, जो सत्ता एवं प्रतिपक्ष के सहमेल से संभव होती है। पर बहुमत की जिम्मेदारी इसमें सबसे अधिक मानी गई है। लेकिन जिस तरह से नियमित तौर पर क्रमिक निलंबन हो रहा है, उसमें इस जिम्मेदारी से पलायन ही दिखता है। यह तर्क सीमित मायने में ठीक हो सकता है कि लोक सभा अध्यक्ष ने जब कह दिया कि इसकी जांच की जा रही है तब विपक्ष को शांत हो जाना चाहिए। पर इससे सरकार की जवाबदेही समाप्त नहीं हो जाती है। आखिर, विधायिका से कार्यपालिका से विच्छिन्न नहीं है। उसकी सुरक्षा भी सरकार से ही मिलती है। इस नाते अगर आंतरिक सुरक्षा के प्रभारी अमित शाह या फिर लोक सभा के नेता की हैसियत से नरेन्द्र मोदी ही दो लाइन का बयान दे देते तो संसद को इतनी निरंकुश होने की जरूरत नहीं होती। विपक्ष की मांग उनकी स्वाभाविक जवाबदेही के दायरे में ही है। जवाब टालते जाने से सरकार की हठधर्मिता जाहिर होती है। पिछली बार भी विपक्ष को इसके लिए ऐसे प्रावधान के तहत नोटिस देना पड़ा था, जिसमें प्रधानमंत्री को जवाब देने पर बाध्य होना पड़ा था। ऐसी नौबत न आने देने के लिए सरकार से संवाद बनाए रखने की अपेक्षा की गई है। सरकार ने प्रयास किए भी हैं, फिर भी नतीजे मिलने तक यह जारी रहनी चाहिए थी। बहुमत सत्ता की गारंटी के साथ संवाद का भी दायित्व है।




## चिंतन-मनन

### कठिन काम

एक लड़का महात्मा के पास पहुंचा। लड़का बड़ा शैतान था, उसको देखते ही महात्मा ने भांप लिया। इसलिए मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रतिबोध देने के लिए महात्मा बोले- बच्चे! तुम तो बड़े तेज दिखाई देते हो। वह अपनी प्रशंसा सुनकर खुश हुआ और कहने लगा - स्कूल में सब लड़के मुझसे डरते हैं। महात्मा- अच्छा, तुम सरल काम करना चाहते हो या कठिन? लड़का- मैं कठिन से कठिन काम करना चाहता हूं। महात्मा- तुम्हें कोई गाली दे तो तुम क्या करोगे? लड़का- मुझे कोई एक गाली देगा तो उसको दस गाली सुनाऊंगा।

महात्मा- ऐसा करना सरल है या कठिन? लड़का- महात्माजी! यह तो मैं बड़ी आसानी से कर लेता हूं। महात्मा- तुम तो तेज लड़के हो, ऐसा सरल काम क्यों करते हो? लड़का कुछ सकुचाता हुआ बोला- अच्छा, आज से मैं कठिन काम करूंगा। महात्मा- गाली सहना बहुत कठिन है। गाली सुनकर गाली देने वाले बहुत मिलेंगे, पर उस समय खामोश रहने वाले विरले ही होते हैं। लड़का- महात्मा जी! जैसा आपने कहा है, मैं वैसा ही कठिन काम करूंगा। लड़का महात्माजी को वचन देकर आगे चला तो उसे एक दोस्त मिला। उसने एक कंकर उस पर फेंका। वह बालक तिलमिला गया। इतने में उसे महात्मा के शब्द याद आ गए। वह शांत खड़ा रहा। सामने वाला बच्चा यह देखकर दंग रह गया। वह बोला- भैया! मैंने अच्छा नहीं किया, क्षमा करना। ऐसा सुनकर उसने संकल्प कर लिया कि जीवन की स्वस्थता के लिए वह ऐसे ही काम करेगा।

# मोदी राज में सब कुछ नया, जिस सीढी से चढ़े, वही हटा दी



सनत जैन

भारत में सब कुछ नया-नया हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस सीढी से चढ़े। इस सीढी को सबसे पहले उन्होंने हटाया। ताकि लोग उनकी कुर्सी तक कभी नहीं पहुंच सके। इसमें वह पूर्ण रूप से सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपना स्वयं का एक नया इतिहास लिखते हैं। पुराने इतिहास और पुरानी परंपराओं में जीना शायद उन्होंने सीखा ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कहते हैं, कि उन्होंने कभी छोटा सोचा ही नहीं। वह हमेशा बड़ा ही सोचते हैं। उनके कार्यकाल में संसद की नई भव्य इमारत बनी। जब उसका उद्घाटन हुआ तो राजसी परंपरा के अनुसार सैंगोल स्थापित किया गया। नई संसद के पहले सत्र में ही महिला आरक्षण विधेयक पेश किया गया। जो पिछले कई दशकों से लंबित पड़ा हुआ था। भारतीय संसद का एक नया इतिहास, सांसदों को सबसे ज्यादा संख्या में निलंबित करने का बनाया। आगे पीछे के सभी रिकॉर्ड एक तरह से तोड़ दिए हैं। ना भूतो ना भविष्यति।

नई संसद में भाजपा के एक सांसद ने एक धर्म विशेष के आधार सांसद के ऊपर जो टिप्पणी की। वह उसके पहले ना कभी संसद में हुई थी, ना बाद में कभी होगी। संसद के दोनों सदनों का संचालन ऐसे हो रहा है। जैसा स्कूल और कॉलेज में उद्दंड छात्रों के लिए भी नहीं होता है। लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति एक हेड मास्टर की तरह सांसदों को अनुशासन में बांधकर रखना चाहते हैं। आसंदी द्वारा सांसदों से जिस तरीके से निर्देश दिए जाते है। उसमें विपक्षी सांसदों के लिए हेय भाव होता है। जो किसी को भी सुनने पर अपमानजनक लगता है। विपक्षी सांसदों को सदन के अंदर बोलने भी नहीं दिया जाता है। बार-बार हस्तक्षेप किया जाता है। विपक्षी सदस्य जब बोलते हैं तो सत्ता पक्ष हंगामा करने लगता है। ऐसा लगता है कि लोकसभा और राज्यसभा मे प्राइमरी स्तर की क्लासें लग रही हैं सांसदों के साथ हेड मास्टर के रूप में आसंदी द्वारा जो क्रूरतम व्यवहार हो सकता है, वह किया जा रहा है। 3 दिन में 141 से ज्यादा सांसद पूरे सत्र की अवधि के लिए निलंबित कर दिए गए। जो विधेयक संसद में पेश किया जा रहे हैं। वह अब ना तो प्रवर समिति को भेजे जाते हैं। नाही संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाते हैं। जिन बिलों में 15 से 16 घंटे चर्चा होनी होती है। उन बिलों को हो हल्ले के बीच में 5 से 10 मिनट में पास कर दिया जाता है। सांसदों को निलंबित करने की वजह भी बिलों को पास करना बताया जा रहा है। कैग की जिस रिपोर्ट के बल पर यह सरकार सत्ता में आई थी। 2014 के बाद से केग की रिपोर्ट पेश करने का पुराना सिस्टम भी लगभग लगभग खत्म कर दिया गया है। सरकार अब संसद में आंकड़े भी पेश नहीं करती है। रिपोर्ट के पुराने तरीकों को बदल दिया गया है। नए तरीके बना लिए गए हैं। आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। इलेक्ट्रोल बांड के जरिए चंदा जुटाया जा रहा है। उसका 80 से 90 फीसदी भाजपा को प्राप्त हो रहा है। लेकिन कौन चंदा दे रहा है। इसको सरकार द्वारा सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। मनी बिल के रूप में ऐसे बिल पेश किया जा रहे हैं। जो सांसद और संसद के अधिकारों को ही खत्म कर रहे हैं। बिना चर्चा के बिल बजट और अनुपूरक बजट पास हो रहे हैं। जो बिल पास कराये जाते हैं। उन्हें उसी दिन पेश किया जाता है। सांसद पढ़ भी नहीं पाते हैं। बिल पास हो जाते हैं। इसके पहले कभी नहीं हुआ था। भारतीय जनता पार्टी जब विपक्ष में थी। तब वह सदन के अंदर कैसे-कैसे धरने, विरोध प्रदर्शन, और सदन की कार्यवाही नहीं चलने देती थी। अब उस पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। सबसे लंबे समय तक विपक्ष में रहकर किस तरीके से सरकार के काम को बाधित किया जाता है। यह बीजेपी से अच्छा कोई नहीं जानता है। इसलिए जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो सबसे पहले विपक्ष की उसी सीढी को हटा दिया गया, जिसके कारण विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच में अब इतनी दूरी बन गई है, कि उसको पाटा नहीं जा सकता है। भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद को एक तरह से सदन के अंदर गाली ही दी थी। उसे पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जब सदन चल रहा होता था। तब परंपरा थी, कि सरकार जो भी बयान देती थी,वह सदन के अंदर देती थी। हाल ही में संसद के ऊपर आतंकी हमला हुआ। गृहमंत्री और प्रधानमंत्री सदन के बाहर बोल रहे हैं। संसद के अंदर नहीं बोल रहे हैं। विपक्ष सदन में व्यक्तत्व देने की मांग कर रहा है। लेकिन सरकार नहीं दे रही है। जिसके कारण विपक्ष विरोध कर रहा है। इस मांग के चलते 141 सांसदों का निष्कासन हो जाना, एक ऐसा इतिहास बन गया है। जिसे शायद भविष्य में भी ना तोड़ा जा सके। सरकार कह रही है, कि विपक्षी सांसद अपना आचरण सुधारें। जो कुछ कहना है,अपनी सीट से कहें आसन्दी सदन की कार्यवाही दिखाना चाहेगी तो दिखाएंगे,नहीं तो विपक्ष के लिए उसे भी ब्लैक आउट अर्थात सेंसर कर दिया जाएगा। विपक्ष के सांसदों को समझ नहीं आ रहा है,कि वह अपनी बात सरकार से किस तरह से कहें। मणिपुर में भारी हिंसा हुई थी। 5 माह से ज्यादा मणिपुर में हिंसा चल रही थी। सरकार उस पर भी चर्चा करने के लिए तैयार नहीं हुई। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह रही, कि अब आसन्दी भी सरकार की हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विरोध प्रदर्शन करना अनुशासन हीनता और राष्ट्र द्रोह माना जाता है। इस सारी स्थितियों को देखते हुए यही कहा जा सकता है,नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद से लेकर प्रधानमंत्री बनने के बाद तक जिस सीढी और जिस रास्ते में चलकर वह यहां तक पहुंचे हैं। उन सारे तोर तरीकों ओर रास्ते बंद कर दिए हैं। ताकि कोई उन्हें चुनौती न दे सके। विपक्ष के सामने अब और कोई रास्ता नहीं रहा। रही-सही कसर गोदी मीडिया और न्यायपालिका ने पूरी कर दी है। वह भी सरकार की गोदी में बैठकर सरकार जो चाहती है, वैसा ही आचरण कर रही है। जिसके कारण युवा उद्देलित होकर संसद तक पहुंच गए। महंगाई और बेरोजगारी पर उनकी कोई बात सुन नहीं रहा था। मीडिया भी उनकी बात को नहीं सुन रहा था। उन्हें कहीं से जब न्याय नहीं मिला, तो वह भगत सिंह के रास्ते पर चलते हुए विद्रोह के रास्ते को चुनने के लिए विवश हुए। कुछ ऐसी ही स्थिति अब विपक्षी दलों की बन गई है। इंडिया गठबंधन के नाम पर सभी 28 राजनीतिक दल एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए विवश हो रहे हैं। अब देखना है, कि भविष्य के गर्त में क्या छिपा है।

# उपलब्धि : सर्वाधिक पर्यटक आकर्षित कर रही काशी



डॉ.आर.के. सिन्हा



अगर कोई यह मानता है कि सबसे अधिक पर्यटक समुद्र के किनारे के तटों पर या फिर आकाश को छूते पहाड़ों में सैर करने को आते हैं, तो उसे एक बार फिर से सोचना होगा। मतलब यह कि अब न तो सबसे अधिक पर्यटक गोवा आ रहे हैं, और न ही शिमला, नैनीताल या कश्मीर या हिमाचल के किसी अन्य हिल स्टेशन पर। सबसे ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने लगा है वाराणसी। आईसीआईसीआई के एक सर्वे से पता चला है कि 2022 में वाराणसी में 7.02 करोड़ पर्यटक पहुंचे। गोवा के हिस्से में आए मात्र 84 लाख के आसपास पर्यटक।

यूं तो वाराणसी में लगातार खूब पर्यटक पहले से ही आते थे पर 2015 के बाद तो स्थिति वाराणसी के पक्ष में पूरी तरह से पलट गई। इस लिहाज से गेमचेंजर साबित हुआ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे (अब स्मृति शेष) का धर्म नगरी वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में 2015 में भाग लेना। पर्यटन क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी और जापानी प्रधानमंत्री आबे के गंगा आरती में भाग लेने के बाद सारे देश में वाराणसी को लेकर नई तरह की सकारात्मक सोच विकसित होने लगी। इसी का नतीजा है कि वाराणसी में देश-दुनिया के पर्यटक पहले से अधिक संख्या में पहुंचने लगे। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह कॉरिडोर भव्य इमारत भर नहीं है, बल्कि हमारी आध्यात्मिक, परंपरा और गतिशीलता की प्रतीक है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के दौरान पुनर्वास का मुद्दा भी उठा था। विपक्ष लगातार इस बात को उठा रहा था कि आम लोगों को उजाड़ा जा रहा है लेकिन जिन 300 संपत्तियों का अधिग्रहण किया गया था उनसे जुड़े लोगों का पुनर्वास हो चुका है। भरपूर मुआवजा मिला, सो अलग। काशी में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के अलावा पर्यटकों की सुविधा का भी खास ख्याल रखा जाता है। काशी की यात्रा करने वाला हरेक शख्स बौद्ध पर्यटक केंद्र सारनाथ तो जाता ही है। भगवान बुद्ध ने बोध गया में आत्मज्ञान प्राप्त करने के पश्चात पहला प्रवचन दिया था। जहां प्रवचन दिया था वहां पर धामेक स्तूप है। इस स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने 500 ईसवी में करवाया था। हालांकि, कोविड के कारण बौद्ध धर्म को मानने वाले देशों से काशी में उड़ानें नहीं आ रही हैं पर श्रीलंका, थाईलैंड़, दक्षिण कोरिया, जापान और शेष बौद्ध देश के नागरिक आने लगे हैं।

काशी से लेकर सारनाथ तक घूमते हुए रोज सैकड़ों विदेशी पर्यटक नजर आते हैं। जाहिर है, इनमें ज्यादातर बौद्ध देशों के ही होते हैं। इन सभी क्षेत्रों की देखरेख आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) की तरफ से की जाती है। हम आम तौर पर सरकारी महकमों को उनकी काहिली के कारण कोसते हैं लेकिन इस जगह को एएसआई बेहतरीन तरीके से व्यवस्थित कर रही है। बीते सावन के दिनों में काशी भर गया था पर्यटकों से। आंकड़ों के मुताबिक सावन महीने में 2.5 से 3 लाख पर्यटकों का रोजाना काशी में आगमन हुआ। कहना न होगा कि बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने से काशी की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हुए हैं। काशी आने वाले सबसे ज्यादा श्रद्धालु और पर्यटक काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन, घाटों की गंगा आरती करने, नमो घाट और सारनाथ का भ्रमण करने के लिए पहुंचते हैं। वाराणसी में अनेक प्रकार के फेस्टिवल और सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

मुझे कुछ समय पहले ईस्ट अखेकी देश केन्या के मेरे मित्र स्टीफन मुंगा कह रहे थे कि वे अपनी आगामी भारत यात्रा के समय काशी जरूर जाना चाहेंगे। मैंने उनकी काशी के प्रति दिलचस्पी की वजह पूछी तो वह कहने लगे कि भारत को समझने के लिए काशी को देखना जरूरी लगता है। वैसे बाबा विश्वनाथ का दर्शन कौन नहीं करना चाहेगा? काशी ने गोवा, केरल और देश के बाकी प्रमुख पर्यटन स्थलों-राज्यों को पीछे छोड़ दिया है, पर्यटकों को अपनी तरफ खींचने के स्तर परङ्क लेकिन देश के पर्यटन उद्योग से जुड़े सभी लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों को विकसित करना होगा। भारत के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा देना लाभदायक होगा। बेशक, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश का पर्यटन 10 गुना तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में 30,000 करोड़ रुपये से आधारभूत सुविधाओं के विकास की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। कुछ समय पहले देश भर के टूर ऑपरेटर्स की सालाना बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि घरेलू पर्यटकों की पसंद के मामले में इस समय उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक, ईको टूरिज्म के सभी बड़े केंद्र मौजूद हैं। जब अयोध्या में 2024 तक श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा तो वहां 10 से 50 गुना तक पर्यटन बढ़ने का अनुमान है। कृष्ण जन्मभूमि का कॉरिडोर तैयार होने पर यही हाल मथुरा-वृंदावन का भी होना है। अयोध्या हर सनातनी की आस्था का केंद्र है जहां भव्य मंदिर का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। राज्य में रामायण, कृष्ण और बौद्ध सर्किट को व्यावहारिक धरातल पर उतारने के प्रयास युद्धस्तर पर चल रहे हैं।

मीडिया अवलोकन
हजारीबाग, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023 07
www.mediaavlokan.com

# कार्मिक प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे चतरा

## दारीयातु पंचायत में सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का किया निरीक्षण

मीडिया अवलोकन संवाददाता

**चतरा :** सदर प्रखंड के दारीयातु पंचायत में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जायजा लेने राज्य के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राज्य भाषा विभाग के प्रधान सचिव प्रवीण टोप्पो एक दिवसीय चतरा पहुंचे। प्रधान सचिव के चतरा आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने आभार प्रकट करते हुए पूष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम स्थल आगमन पर पारंपरिक रूप से उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधान सचिव एक्का ने कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए लगाए गए स्टॉलों का एक एक कर निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य शत प्रतिशत पात्र लाभुकों को लाभान्वित करना है। शिविर में आयें सभी योग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर उन्हे लाभान्वित करें। मौके पर लाभुकों के बीच योजनाओं के स्वीकृति पत्र, धोती साड़ी, कम्बल व जेएसएलपीएस दीदीयों के बीच आत्म निर्भर बनाने के लिए चेक के माध्यम से राशि का वितरण किया गया। वहीं आदिम जनजाति परिवारों के बीच बर्तन एवं चौकी का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल से जिला मुख्यालय लौटने के क्रम में प्रधान सचिव ने जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर स्टेडियम व इंडोर स्टेडियम की सराहना की और कहा जिले के युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम एवं इंडोर स्टेडियम वरदान साबित होगा।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल, निर्देशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, चतरा सदर के प्रखंड विकास पदाधिकारी हरीनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव यादव, प्रखंड प्रमुख समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।






# रोजगार की मांग को लेकर मोर्चा ने एनके एरिया में कोयला ट्रांसपोटिंग कराया बन्द





मीडिया अवलोकन संवाददाता

**खलारी :** रैयतो विस्थापितो को रोजगार देने की मांग को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा ने बुधवार को एनके एरिया में निजी कंपनियों, ट्रांसपोटिंग एवं आउटसोर्सिंग कंपनियो का काम बन्द कराया। बंद के कारण सीसीएल एनके एरिया में कोयला ढुलाई पूरी तरह ठप्प रही। केडीएच एवं डकरा कोयला साइडिंग में भी कोयला डिस्पैच पूरी तरह ठप्प करा दिया। मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि प्रबंधन एव क्षेत्र की निजी कंपनी, आउटसोर्सिंग कंपनियो में स्थानीय रैयत विस्थापितो को रोजगार नही दिया जाता है जबकि रैयत विस्थापितो की जमीन पर कोयला खदान चल रहा है। मोर्चा रैयत विस्थापितो के रोजगार के सवाल पर किसी तरह का समझौता नहीं करेगा।हर हाल में निजी कंपनियों को रोजगार देना होगा। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि निजी कंपनियों ने अपना रवैया नही बदला और रोजगार नही दिया तो अगली बार अनिश्चितकालीन बन्द कराया जाएगा।मौके पर बिगन सिंह भोगता, रैयत विस्थापित मोर्चा के मनोज चंद्रा, केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, रंथू उरांव, जालिम सिंह, जगरनाथ महतो, विनय खलखो, रामलखन गंझू, रामचंद्र उरांव, नरेश गंझू, अमृत भोगता, प्रकाश महतो, संतोष कुमार महली, शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझू, दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू, कमलेश तुरी, अशोक राम, सुनील यादव, श्यामजी महतो, दशरथ तुरी, राजेंद्र उरांव, श्याम उरांव, विनय उरांव, आनंद तुरी, धनराज भोगता, सुखी गंझु, सलामत अंसारी, रमेश गंझू, मुकद्दर लोहरा, आजाद अंसारी, रवि उरांव, अमर भोगता, कामेश्वर गंझू, कुलदीप साहू, कीनू गंझू, रविन्द्र यादव, बैजू गंझु, किशुन गंझू, प्रभु गंझू, संतोष महतो, वीरू सिंह, प्रयाग यादव, मेघा यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# लिंग आधारित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**हंटरगंज :** प्रखंड के दंतार कलस्टर के पल्लहा के समीप खेल मैदान में बुधवार को लिंग आधारित खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएलएफ सुनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को आजीविका महिला संकुल स्वालंबी सहकारी समिति लिमिटेड के सभी मेंबर के बीच लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध खेला गया। मौके पर महिलाओं के बीच कबड्डी, खेलकूद कराकर विजेता टीम को गिफ्ट देकर उत्साहित किया गया। साथ ही खेल के माध्यम से लोगों को झीझक को दुर करने के अन्य विभिन्न प्रकार खेल आयोजन कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सीसी सुनील कुमार पासवान, पीआरपी तेजनारायण प्रसाद, बीएपी, अलका कुमारी भीओए अभिषेक कुमार, एडब्लु सविता देवी, रेनु देवी, रेशमी देवी एवं हंटर गंज के सभी सीएलएफ मेम्बर मौजूद हुई।

# बीडीओ ने आदिम जनजाति परिवार से मिले, दिया कम्बल



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**कुंदा :** बढ़ते ठंढ को देखते हुए प्रभारी बीडीओ विपिन कुमार भारती, कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु 20 सूत्री अध्यक्ष ब्रहमदेव सिंह भोक्ता ने जगरनाथपुर गांव पहुँच कर आदिम जनजाति परिवार से मिलकर सरकार के द्वारा संचालित योजना का लाभ मिलने की जानकारी लिया। उन्होंने परिवारों पेंशन, राशनकार्ड समेत अन्य योजना का लाभ मिलने की जानकारी लिया।कई लोगों ने आवास नहीं मिलने की बात बताया। बीडीओ ने जर्जर आवास देख दुःख व्यक्त किया।कहा कि जल्द ही सभी को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।उन्होंने सभी परिवारों से अपने अपने बच्चों को हर रोज स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्र भेजने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षा से सम्बंधित कई अहम जानकारी भी दिया। बीमार पड़ने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाने व सूचना देने की बात कहा। बीडीओ ने ठंढ से बचने के लिये सभी के बीच कम्बल का वितरण किया। साथ ही बीडीओ व मुखिया ने चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कराया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, जेई रवि कुमार मौजूद थे।

## नार्थ करणपुरा परियोजना में शतरंज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

# एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र दो के प्रमुख पांच टीमों ने लिया हिस्सा




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**टंडवा :** प्रखंड में संचालित एनटीपीसी की नार्थ करणपुरा परियोजना में बुधवार को एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र के परियोजनाओं के बीच शतरंज प्रतियोगिता शुरू की गई। एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा आईआरएसएम ईआर-शतरंज टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। जिसका उद्घाटन जीएम ओएन एम एके शुक्ला द्वारा किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र की पांच प्रमुख टीमों में एनटीपीसी उत्तरी करणपुरा, बोंगाईगांव, दर्लिपल्ली, तालचेर थर्मल असम व तालचेर कनिहा उड़ीसा की टीमों ने भाग लिया है। कार्यक्रम के शुभारंभ में खिलाड़ियों का सम्मानित किया गया। जिसके पश्चात एनटीपीसी गीत गाया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना के साथ खेलें। मौके पर उद्घाटन समारोह में वी एस दुबे, महाप्रबंधक परियोजनाएं रवीन्द्र शर्मा, महाप्रबंधक एफएम राजीव वर्मा, एजीएम आईटी एके अग्रवाल, एजीएम टीएडी धीरज गुप्ता डीजीएम एचआर और अभिषेक आनंद वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन समेत अन्य मौजूद थे।

# हुटाप पंचायत में सरकार आपके द्वार का आयोजन




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**खलारी :** हुटाप पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय के सामने बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया शिवरत मुंडा, पंचायत समिति सदस्य निमिया देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड प्रभारी प्रदीप भोगता, प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस शबीर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली एवं समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित 1714 आवेदन दिए जिनमें से 1199 आवेदनों का निष्पादन तत्काल शिविर में ही कर दिया गया। अन्य आवेदनों को आगे की कारवाई के लिए संबंधित विभाग को अग्रसारित किया गया। इसके साथ ही मौजूद अतिथियों ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। वहीं कार्यक्रम में 26जाति व 30 आय प्रमाण पत्र लोगों को दिया गया। 239 लोगों को श्रम कार्ड दिया गया, 15 वें वित्त आयोग के तहत 14 नई योजनाएं स्वीकृत की गई। इसके अलावा 235 आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 92 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान 160 लोगों को कंबल, 459 लोगों को धोती, साड़ी का वितरण किया गया। इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के लिए 15 आवदेन, निर्वाचन संबंधित 35 अवोदन, सावित्री बाई फुले योजना के लिए 06 आवेदन, राशन कार्ड सुधार के लिए 25 आवेदन, आधार पंजियन के लिए 14 आवेदन के अलावा अन्य विभागों के लिए भी लाभुकों द्वारा आवेदन दिया गया। कार्यक्रम में अंचल निरीक्षक कमलकांत वर्मा, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉप्रतिमा कुमारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी आदित्य नाथ झा, प्रखंड समन्वयक असित कुमार, अंचल कर्मचारी असित कुमार सहदेव, कनीय अभियंता रवि रंजन कुमार, शिक्षा विभाग से राजेश वर्मा, दीपक कुमार, बालविकास विभाग से नीलू कुमारी, पुस्पलता तुर्की, अजित कुमार सिन्हा, वार्ड सदस्य अर्चना गुप्ता, पंचायत सचिव महावीर महतो, ग्राम रोजगार सेवक, सुधीर कुमार, मणिलाला उरांव, महबूब आलम, जेएसएलपिएस लक्ष्मण उरांव, पीएमवाई नवीन कुमार ऑपरेटर, बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि रूपेश कुमार, मोहमद सादिक, कृषि विभाग से कृषक मित्र पंकज मुंडा, बिजली विभाग पप्पू कुमार, सहबाज आलम, फ्रांसिस जेवियर एक्का, वन विभाग से सुनील एक्का, असफाक अंसारी, प्रज्ञा केंद्र संचालक आशीष कुमार, मेडिकल टीम से, डॉ संतोष कुमार सिंह, तब्बू प्रवीण सुमित कुमार, किरण एक्का, रूही नाज सीएचओ, कंप्यूटर संचालक सूरज कुमार, बसंत मुंडा, योगेश प्रसाद योगेश, विजय कुमार गुप्ता सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## बिरहोर परिवारों का हुआ स्वास्थ्य जांच

# नियमित स्वास्थ्य जांच स्वास्थ्य देखभाल का एक मूलभूत घटक है : बृजकिशोर तिवारी



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**कान्हाचट्टी :** प्रखंड के बकचुम्मा पंचायत अंतर्गत बीरेखाप बिरहोर टोला में बुधवार को एक दिनी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों बिरहोर परिवार की हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य जांच की जांच की गई। मौके पर ज़िप उपाध्यक्ष बृजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी ने स्वास्थ्य जांच शिविर पहुंच कर हो रहे जांच के बारे में जाना एवं अनेकों विषयों पर स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ चर्चा किया। वहीं उन्होंने बिरहोर परिवार के सदस्यों को कहा कि स्वास्थ्य, हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम होता है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक का संतुलन होता है जो हमारी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य का मतलब बस बीमार नहीं होना नहीं होता, बल्कि यह विभिन्न पहलुओं का सम्मिलित होता है जो हमारे जीवन को सुखमय और सफल बनाते है। साथ ही बिरहोर परिवारों को साफ-सुथरा रहने के साथ-साथ नियमित खानपान पर ध्यान देने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### मोटर साइकिल के संतुलन खोने से चालक घायल



**मीडिया अवलोकन संवाददाता चतरा :** इटखोरी से चतरा आने के क्रम में तपेज मोड़ के समीप मोटरसाइकिल का संतुलन खोने से चालक राजेश यादव 35 वर्ष पिता रेवा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जिला मुख्यालय के नगवां मोहल्ला के निवासी बताए जाते हैं। राहगीरों की मदद से घायल चालक को सदर अस्पताल चतरा में उपचार के लिए लाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि मरीज की स्थिति अभी नाजुक है। परिजनों को बताया गया कि जरूरत पड़ने पर बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा सकता है

### चतरा मुख्य डाकघर के प्रांगण में एक दिवसीय बैठक का आयोजन



**मीडिया अवलोकन संवाददाता चतरा :** बुधवार को चतरा मुख्य डाकघर के प्रांगण में डाक अधीक्षक की अध्यक्षता में पीएलए आरपीएलआई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के सभी शाखा डाकघर के कर्मचारी मौजूद हुए। आरपीएलआई, पीएलआई सुकन्या, आरडी एवं एसबी को खोलने पर जोर दिया गया। बैठक में डाक निरीक्षक रोहित वर्मा, जितेंद्र सिंह, भानु सिंह, मनीष कुमार गुप्ता, सुषमा कुमारी, प्रकाश कुमार, ओवरसीयर सहदेव राम एवं डाक कर्मी मौजूद थे।

### गांगपुर आर डी एफ में लगेगा 50 हेक्टेयर में 50 हजार पौधे, पीट खुदाई शुरू



**मीडिया अवलोकन संवाददाता गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के गांगपुर वन क्षेत्र में वर्ष 2023- 24 में दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा 50 हेक्टेयर में पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पौधारोपण को लेकर विभाग द्वारा ट्रेंच के साथ साथ पीट की खुदाई शुरू कर दिया गया है। वनरक्षी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि 50 हैकटेयर वन भूमि पर विभाग द्वारा 50 हजार पौधे लगाया जाएगा।जिसमें फलदार व औषधि पौधे होंगे। वहीं दूसरी तरफ वनविभाग द्वारा कराए जा रहे इस कार्य से गांव के कई लोगों को रोजगार भी मिला है। पीट का खुदाई कर रहे मजदूरों ने बताया के एक दिन में एक व्यक्ति लगभग तीन सौ से चार सौ रुपये का काम कर लेते हैं।गांगपुर गांव के वनभूमि में ट्रेच की खुदाई वन विभाग के द्वारा की गई, सर्वे के अनुसार किया जा रहा है।

### शिविर में प्राप्त अबुआ आवास आवेदन, के लाभुकों के घर घर जाकर किया जा रहा सत्यापन



**मीडिया अवलोकन संवाददाता गिद्धौर :** प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के नेतृत्व में बुधवार को पहरा पंचायत के विभिन्न गांव में अबुआ आवास सुची का सत्यापन किया गया। साथ ही आवेदन करता के पूर्व में घर की स्थिति को जिओ टैग कर रहे है। इस दौरान आवास कोडिनेटर ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में अबुआ आवास का आवेदन प्राप्त हुआ था।जिसका सत्यापन गांव गांव घूम कर किया जा रहा है। सत्यापन टीम में आवास कोडिनेटर फरहत नाजनी, पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, चितरंजन शर्मा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिनदत शर्मा, शेखर कुमार, स्वमसेवक सादाब आलम, बिकु कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### युवती लापता के मामले पांच बने आरोपी

**मीडिया अवलोकन संवाददाता टंडवा :** गाड़ीलौग पंचायत के कामता गांव से 20 वर्षीय युवती पिछले छह दिनों से लापता है। इस संबंध में युवती के पिता के ब्यान पर कांड संख्या 289-23 में मुकदमा दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में सिमरिया थाना के बैलगडा निवासी मो कैफ समेत चार अन्य को आरोपी बनाये गये है। आरोपियों पर पिछले 14 दिसम्बर को युवती के अपहरण करने का आरोप है। इधर पुलीस सूत्रों की माने तो युवती में कोर्ट मैरेज कर लिया है।

### पिपरवार कोयलांचल के बचरा उतरी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



**मीडिया अवलोकन संवाददाता पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मोदी सरकार की गारंटी वैन के सामने मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा एवम वृद्ध निर्मला देवी, दिलीप चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी लोगों की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन पिपरवार मंडल कोषाध्यक्ष राम प्रसाद महतो ने किया। इस अवसर पर पिपरवार संयोजक रामलाल महतो, विहिप के पिपरवार मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल चुरामन महतो, मंगल साहू, धर्मवीर महतो, निर्मला देवी, फूल कुमारी, यशोदा देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

मीडिया अवलोकन
हजारीबाग, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023
www.mediaavlokan.com



## संक्षिप्त खबरें

### सढ़ाबे व हनहट में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम




**मीडिया अवलोकन संवाददाता लोहरदगा :** कैरो प्रखंड के सढ़ाबे एवं हनहट पंचायत में बुधवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल आईईसी वैन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दिये गये संदेश को प्रसारित किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों के वीडियो को भी एलईडी वैन के माध्यम से दिखलाया गया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के कर्मियों द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सभी मौजूद लोगों को भारतवर्ष को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक होने का दायित्व निभाने की शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। मौजूद जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि मौजूद थे।

### वर्तमान परिस्थितियों में झारखंड की महिलाएं असुरक्षित : शिरींग डोलमा



**मीडिया अवलोकन संवाददाता लोहरदगा :** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा प्रवास कार्यक्रम के तहत आई अरुणाचल प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष शिरींग डोलमा केंद्र सरकार की कार्यों को लेकर नगरपालिका के ठाकुराइन तालाब, गुदरी बाजार स्थित अटल भवन में दोपहर 1 बजे प्रेस को संबोधित करते हुए शिरींग डोलमा ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा अनेकों कार्यों का निष्पादन किया गया है। जिसका सीधा-सीधा लाभ लाभुक को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष कर महिलाओं के लिए मोदी ने बहुत सारी योजनाओं को दिया है, जिससे कि वह सशक्त हो सके। बताया कि तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी। तब महिलाओं के नाम 1 में जमीन रजिस्ट्री, कई केंद्र की योजनाओं को निष्पादन करने में महिलाएं अपनी भूमिका भी निभा रही हैं और स्वालंबी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। परंतु झारखंड में ऐसा देखने को मिल रहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं राज्य सरकार के द्वारा सही से मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। बताया हेमंत की सरकार में लाभुक भ्रष्टाचार के शिकार हो रहे हैं। सीधा-सीधा लाभान्वित होने के बजाय बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। जो कि किसी भी जिले के लिए बहुत ही शर्मनाक है। उन्होंने बताया झारखंड में वर्तमान परिस्थितियों और आकड़ो को देखते हुए हम कह सकते हैं कि महिलाएं बहुत ही असुरक्षित हैं। उन्हें कई तरह की भय हैं जैसे लगातार बढ़ती हत्या, दुष्कर्म, घटनाएं वर्तमान सरकार को महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इतना बेफिक्र होना अच्छी बात नहीं है।

### रक्तदान करने से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है : गुलाम जिलानी



**मीडिया अवलोकन संवाददाता लोहरदगा :** सदर अस्पताल में भर्ती एक मरीज को बी+ ब्लड की सख्त जरुरत पड़ी। बताया बहुत पता करने पर भी खून का प्रबंध नहीं हो पा रहा था। फिर इसकी जानकारी यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी को मिली। गुलाम जीलानी ने आनन फानन मे युवा कांग्रेस के सक्रिय सदस्य मनिया कुरैशी को बुला कर बी+ ब्लड डोनेट करवाया। वही ब्लड मिलते ही पेसेंट के घर वालो ने गुलाम जीलानी और मनिया कुरैशी को नम आंखों से धन्यवाद दिया। वही यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी ने कहा कि रक्तदान 18 वर्ष के बाद सभी को करना चाहिए। उन्होंने बताया लोग ब्लड देने से डरते है। उन्होंने कहा असल मे रक्तदान से बहुत सारी बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। बताया शरीर स्वस्थ होता है और नया ब्लड रिफाइंड होता है। वहीं शरीर दुगनी ऊर्जा के साथ काम करता है। मौके पर युवा कांग्रेस सचिव सुहेल अख्तर, दिनेश उरांव आदि लोग मौजूद थे।

### आज हेमंत सरकार के खिलाफ बीजेपी का धरना प्रदर्शन



**मीडिया अवलोकन संवाददाता लोहरदगा :** जिला समाहरणालय के समीप समय 12 बजे गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में बुधवार को आईएनडीआई गठबंधन नेताओं और राहुल गांधी के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान के खिलाफ और हेमंत सोरेन सरकार जन विरोधी नीतियों, राज्य उत्पन्न संवैधानिक संकट, व्याप्त भय, तुष्टिकरण की राजनीति, आकंठ भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, झूठ और लूट की को लेकर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें भाजपा के सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल एवं मोर्चों के पदाधिकारी, सभी सम्मानित कार्यकर्ता व अन्य अपेक्षित हैं।

### आज कैरो प्रखंड में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम

**मीडिया अवलोकन संवाददाता लोहरदगा :** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम 21 दिसंबर को कैरो प्रखंड के गुड़ी एवं नरौली पंचायत में आयोजित किया जाएगा। गुड़ी पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाहन और नरौली पंचायत में अपराह्न में किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के योजनाओं की जानकारी एलईडी वैन के माध्यम एवं पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को दी जाएगी।

### आज सेन्हा, भंडरा और कुडू में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**मीडिया अवलोकन संवाददाता लोहरदगा :** जिले के कई प्रखंडो में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय, मुर्की के समीप स्थित मैदान, पंचायत-मुकीतोड़ार, प्रखंड- सेन्हा, कुंदो का खेल मैदान में पंचायत-बड़गाईं, प्रखंड-भण्डरा, बालिका मध्य विद्यालय, पंचायत-पण्डरा, प्रखंड-कुडू में आयोजित किया जायेगा।

## झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने किया मार्च, विस के समक्ष प्रदर्शन

# आंदोलनकारियों के कुर्बानियों से बना झारखंड, भेदभाव बर्दाश्त नहीं : राजू महतो

मीडिया अवलोकन संवाददाता




**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा के तत्वाधान में बुधवार को जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए मान-सम्मान पहचान नियोजन पेंशन सहित 11 सूत्री लंबित मांगों के समर्थन में रैली निकाल कर विधानसभा के समक्ष प्रदर्शन किया गया। रैली से पूर्व बिरसा चौक पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात पुराने विधानसभा के समीप से आगाज किया गया। प्रतिमा पर माल्यार्पण करने वालों में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, महासचिव डॉ लाल अजय नाथ शाहदेव, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, सचिव अरूण कुमार दुबे, महिला संयोजिका विनिता खलखो, एरेन कच्छप, सीता उरांव, रूस्तम खान, दिनेश साहू आदि के द्वारा माल्यार्पण कर रेली प्रदर्शन का आगाज किया गया। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष महतो ने झारखंड आंदोलनकारियों का आान किया कि अपने मान-सम्मान पहचान की लड़ाई के लिए गोलबंद हों। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही राज्य की पहचान है। इस पहचान को संघर्ष के बल पर सुनिश्चित करनी होगी। वर्षों से प्रत्येक आंदोलनकारी अपनी पहचान की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके पश्चातभी जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी झारखंड आंदोलनकारियों को समान रूप से पहचान, सम्मान, नियोजन सहित 11 सूत्री मांगों पर संज्ञान नहीं लेना दुर्भाग्य की बात है। वहीं बताया गया बार-बार अपने मान-सम्मान पहचान के लिए झारखंड आंदोलनकारियों को संघर्ष करना पड़ रहा है। बताया अब झारखंड सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई होगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज अपने अलग राज्य में परदेशी की भूमिका में जीवन यापन कर रहे हैं। यह सबसे दुखद स्थिति है। कहा सत्ता में जो बैठे हैं, झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग बलिदान और संघर्ष के बल पर हैं। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर है। लगातार अपने मान-सम्मान की लड़ाई के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। मौके पर एरेन कच्छप, रूस्तम खान, कालीचरण महतो, दिनेश साहू, सीता देवी, छत्रपति महतो, फागू महतो, सुरेश कुमार महतो, सुधांशु शेखर, स्वानंद कोटवार, जितेन्द्र नाथ महतो, कुमार महतो समेत बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मौजूद थे। प्रदर्शन के उपरांत झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने राजू महतो अध्यक्ष, वरीय अश्वनी कुजूर उपाध्यक्ष, कयूम खान प्रधान महासचिव, बिनिता खलखो, सचिव रूपलाल महतो, द्वारा हस्ताक्षर युक्त 11 सूत्री मांग पत्र झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एसडीएम दीपक दुबे को सौपा गया।

# पुरानीराय अंडरपास निर्माण कार्य का पीएलएफआई उग्रवादियों ने कराया बंद

मीडिया अवलोकन संवाददाता



**खलारी :** थाना क्षेत्र के पुरानीराय रेलवे अंडरपास निर्माण कार्य मे बीती रात पीएलएफआई के उग्रवादियो ने जमकर उत्पाद मचाते हुए वहां काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट करते हुए निर्माण कार्य को बंद करा दिया है। उग्रवादियो ने मारपीट के बाद फायरिंग भी किया और काम बन्द करने की चेतावनी देते हुए चले गये। घटना के संबधं मे मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 5-8 की संख्या मे पहुंचे हथियारबंद उग्रवादियों ने सबसे पहले दो मजदूरो से संवेदक और सुपरवाईजर के बारे मे पुछताछ करते हुए मारपीट किया, जिसके बाद दोनों मजदुरो को लेकर उग्रवादी निर्माण कार्य में लगे जेसीबी मशीन के मालिक रामेश्वर महतो पिता सौखी महतो के आवास पहुंचकर फायरिंग और मारपीट की घटना को अंजाम दिया।निर्माण कार्य कम्पनी के सुपरवाईजर फिरोज खान जेसीबी मशीन चालक रामेश्वर महतो के आवास मे ही किराये पर रहता है। सभी उग्रवादी पीएलएफआई संगठन के बता रहे थे।घटना के बाद उग्रवादियो ने संगठन के कृष्णा यादव से बिना बात किये काम चालु नही करने की चेतावनी देते हुए चले गये। सभी उग्रवादी हथियार से लैश थे। घटना के बाद अंडरपास निर्माण कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है। वहीं निर्माण कार्य मे काम कर रहे मजदूरों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।इधर घटना की सूचना पाकर खलारी पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।ज्ञात हो कि इसी माह के दस दिसम्बर को रांची सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल और रेलवे के एडीआरएम ने संयुक्त रूप से पुरानीराय रेलवे क्रांसिग के पास अंडरपास निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था, जिसके बाद अंडरपास निर्माण कार्य की शुरूआत की गई और दस दिनो के अन्दर लेवी को लेकर उग्रवादियो ने निर्माण कार्य को बन्द करा दिया।

# कोडरमा में चला वाहन चेकिंग अभियान



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा थाना के समीप बुधवार को एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों के कागजात, ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट नहीं पहने लोगों की जांच की गई। जबकि जांच के दौरान वाहनों के कागजात और हेलमेट नहीं मिलने के कारण काई वाहनों को कोडरमा थाना में जब्त किया गया। साथ ही आगे की कार्रवाई के लिए जिला परिवहन विभाग को रिपोर्ट कर दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बिना कागजात के वाहन चलाने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

# उपायुक्त ने मरकच्चो में मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**मरकच्चो।** कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को मरकच्चो प्रखंड के रोशनबागी स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 341 का निरीक्षण किया। मतदान केंद्र में मौजूद बीएलओ से उपायुक्त ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मतदाता सूची में नाम हटाने, मतदाता सूची में मतदाताओं की त्रुटियों को दूर करने, मतदाता पहचान पत्र में खराब फोटो को ठीक करने, मृत्यु हो चुके मतदाताओं को मतदाता सूची से नाम हटाने आदि से संबंधित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। बीएलओ द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि इस मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को पूरा कर लिया गया है। नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया है। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने से वंचित न रहे, इसका ख्याल रखेंगे। उन्होंने कहा कि वैसे परिवार जन जिनका अलग अलग मतदान केंद्र में नाम है, वैसे परिवारजनों के मतदाताओं को एक ही मतदान केंद्र पर नाम जोड़ने का कार्य करेंगे।

# अपर समाहर्ता ने की राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय बैठक

मीडिया अवलोकन संवाददाता




**लोहरदगा :** समाहरणालय सभागार में बुधवार को राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होनेवाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबंधित तैयारियों को लेकर अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बीते 24 दिसंबर से अब तक प्राप्त आवेदन व निष्पादित आवेदनों की समीक्षा विभागवार की गई। जिसमें विशेष रूप से अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति, आय, आवासीय, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व से जुड़े मामले यथा, म्युटेशन, लगान रसीद, ऑनलाईन रिकार्ड में सुधार के मामले, आयुष्मान कार्ड, 15वें वित्त, कल्याण अंतर्गत साईकिल वितरण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सुधार समेत अन्य योजनाएं शामिल रहीं। सभी विभागों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं से संबंधित आवेदन व निष्पादित आवेदनों का प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। बताया गया कि राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित होनेवाले परिसंपत्ति वितरण के लिए पीएचईडी, कृषि, समाज कल्याण, कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस, पशुपालन, श्रम आदि विभागों को अपने-अपने लाभुकों को तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, आईटीडीए परियोजना निर्देशक सुजाता कुजूर, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जेएसएलपीएस डीपीएम, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक पीएमएवाई समेत अन्य मौजूद थे।

## आयकर विभाग के छापेमारी को राजनीतिक रंग देकर बदनाम करने की है साजिश

# धीरज साहू मामले पर विधानसभा में प्रदर्शन करना अनुचित, जनता देगी जवाब : आलोक

- **धीरज साहू के मामले को लेकर प्रदर्शन कर विधानसभा बाधित करने का जो कार्य किया जा रहा है, यह न्याय संगत नहीं**

मीडिया अवलोकन संवाददाता



**लोहरदगा :** लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य सह खिजरी विधानसभा एलडीएम कोऑर्डिनेटर आलोक कुमार साहू ने कहा कि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने उनके परिजनों के कंपनी से मिली राशि के संदर्भ में अपनी प्रतिक्रिया में कहा था कि यह पैसा व्यक्तिगत रूप से मेरा नहीं है यह पैसा परिवार से संबंधित व्यवसाय का है और इस राशि का कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। उनके बयान देने के बावजूद भी विगत दो दिनों से झारखंड विधानसभा में भाजपा के द्वारा धीरज साहू के मामले को लेकर प्रदर्शन कर विधानसभा बाधित करने का जो कार्य किया जा रहा है, यह न्याय संगत नहीं है। भाजपा के इस कार्य का कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है। साहू ने कहा कि भाजपा आयकर विभाग के छापेमारी को राजनीतिक रंग देकर धीरज साहू को व्यक्तिगत रूप से बदनाम करने की जो साजिश की जा रही है, वह कभी सफल नहीं होगी। वहीं अभी तक आयकर विभाग ने यह नहीं बतलाया है कि छापेमारी में कितनी राशि मिली है। भाजपा के कार्य से क्षेत्र की जनता भाजपा से काफी नाराज है। क्योंकि क्षेत्र की जनता जानती है कि विगत 100 वर्षों से साहू परिवार का शराब का कारोबार है जो कैश में होता है। धीरज साहू के पिता स्वर्गीय बलदेव साहू स्वतंत्रता सेनानी थे। महादानवीर और समाजसेवी परिवार के रूप में इस परिवार की गिनती होती है। बताया कि देश के आजादी के वक्त यह परिवार उस समय लाखों रुपया का दान दिया करते थे। साथ हीं 1966 के अकाल में के समय भी भारत सरकार को इस परिवार ने सहयोग किया था। साथ हीं उन्होंने कहा कि इस परिवार ने झारखंड, बंगाल, बिहार, उड़ीसा में दर्जनों मंदिरों का निर्माण कराया है। कई स्थानों पर धर्मशाला, गेस्ट हाउस, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, स्टेडियम, सामाजिक भवन का निर्माण कराया है। गरीबों की मदद के लिए यह परिवार सदैव खड़ा रहता है। मदद करने का यह कार्य आज भी बदस्तूर जारी है। यह परिवार अभी तक हजारों बेटियों के शादी करवा चुका है। भाजपा के दोहरे चरित्र और कुकृत्य कार्य का जवाब यहां की जनता अवश्य देगी।

# बंद स्कूल की जमीन पर दबंगो का कब्जा



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**मरकच्चो।** प्रखंड के पपलो पंचायत स्थित नव प्राथमिक विद्यालय बिन्धनिया स्कूल का मर्ज उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लल्कापानी होने के बाद स्कूल की जमीन को दबंग लोग लूट खसोट में लग गए हैं। विद्यालय की जमीन पर लोग घर बना रहे हैं व घेर कर रख रहे हैं। इतना ही नहीं पपलो पंचायत के बिंधनिया निवासी नागेश्वर यादव पिता स्वर्गीय चमन महतो के द्वारा विद्यालय के बने शौचालय को अपने घर के अंदर कर घेर लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पपलो पंचायत की मुखिया चिंता देवी ने बताया कि दो-चार लोगों पर नोटिस भी करवाया परंतु इसका असर इन लोगों पर कुछ भी नहीं पड़ रहा है। ये लोग अभी भी विद्यालय के जमीन को हड़पने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इसकी जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए। वही पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव ने बताया कि इस तरह के कदम उठाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वही वही विद्यालय के पूर्व सचिव प्रधानाध्यापक भुवनेश्वर प्रसाद यादव एवं ललका पानी विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्तिक यादव ने भी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को अतिक्रमण को लेकर आवेदन है।

मीडिया अवलोकन
हजारीबाग, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023
www.mediaavlokan.com



# मध्य भारत का खूबसूरत पर्यटन स्थल



**मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित पचमढ़ी मध्य भारत का सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल है। यहां के हरे-भरे और शांत वातावरण में बहुत-सी नदियों और झरनों के गीत पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। इसके साथ ही यहां शिवशंकर के कई मंदिर भी है, जो आपको तीर्थयात्रा का सुकून देते हैं। वैसे तो ऐसा बहुत कम होता है कि आप कहीं छुट्टी मनाने जाएं और लगे हाथ आपकी तीर्थयात्रा भी हो जाए। लेकिन यकीन मानिए, अगर आप मध्यप्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल पचमढ़ी जाएंगे, तो प्रकृति का भरपूर आनंद उठाने के साथ आपकी तीर्थयात्रा भी हो जाएगी।**

## पचमढ़ी

महादेव का दूसरा घर पचमढ़ी, दरअसल, पचमढ़ी को कैलाश पर्वत के बाद महादेव का दूसरा घर कह सकते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भस्मासुर (जिसे खुद महादेव ने यह वरदान दिया था कि वह जिसके सिर पर हाथ रखेगा वह भस्म हो जाएगा और भस्मासुर ने यह वरदान खुद शिवजी पर ही आजमाना चाहा था) से बचने के लिए भगवान शिव ने जिन कंदाराओं और खोहों की शरण ली थी वह सभी पचमढ़ी में ही हैं।

शायद इसलिए यहां भगवान शिव के कई मंदिर दिखते हैं। पचमढ़ी पांडवों के लिए भी जानी जाती है। यहां की मान्यताओं के अनुसार पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ काल यहां भी बिताया था और यहां उनकी पांच कुटिया या मढ़ी या पांच गुफाएं थीं जिसके नाम पर इस स्थान का नाम पचमढ़ी पड़ा है।

**पचमढ़ी - सतपुड़ा की रानी :** पौराणिक कथाओं से बाहर आकर आज की बात करें तो मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित पचमढ़ी समुद्रतल से 1,067 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। सतपुड़ा की पहाड़ियों के बीच होने और अपने सुंदर स्थलों के कारण इसे सतपुड़ा की रानी भी कहा जाता है।

**सतपुड़ा के घने जंगल :** सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान का भाग होने के कारण यहां चारो ओर घने जंगल हैं। पचमढ़ी के जंगल खासकर जंगली भैंसे के लिए प्रसिद्ध हैं। इस स्थान की खोज कैप्टन जे. फॉरसोथ ने 1862 में की थी। पचमढ़ी की गुफाए पुरातात्विक महत्व की हैं क्योंकि इन गुफाओं में शैलचित्र भी मिले हैं।

पचमढ़ी से निकलकर जब आप सतपुड़ा के घने जंगलों में जाएंगे तो आपको बाघ, तेंदुआ, सांभर, चीतल, गौर, चिंकारा, भालू आदि अनेक प्रकार के जंगली जानवर मिलते हैं। पचमढ़ी का ठंडा सुहावना मौसम इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। सर्दियों में यहां तापमान लगभग 4 से 5 डिग्री तक रहता है और गर्मियों में तापमान 35 डिग्री से अधिक नहीं जाता।



यहां की सदाबहार हरियाली घास और हर्रा, जामुन, साज, साल, चीड़, देवदारु, सफेद ओक, यूकेलिप्टस, गुलमोहर, जेकेरेंडा और अन्य छोटे-बड़े सघन वृक्षों से आच्छादित वन गलियारे तथा घाटियां मनमोहक है।


**लोकप्रिय जलप्रपात :** यहां आप कई जलप्रपात का मजा ले सकते हैं जिसमें रजत प्रपात, बी फॉल्स तथा डचेज फॉल्स सबसे लोकप्रिय हैं। इसका बी फॉल्स नाम इसलिए






पड़ा है क्योंकि पहाड़ी से गिरते समय यह झरना बिलकुल मधुमक्खी की तरह दिखता है। यह पिकनिक स्पॉट भी है, जहां आप नहाने का भी मजा ले सकते हैं। रास्ते में आम के पेड़ बहुतायत में दिखते हैं। डचेज फॉल पचमढ़ी का सबसे दुर्गम स्पॉट है। यहां जाने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता है। इसमें से 700 मीटर घने जगलों के बीच से और करीब 800 मीटर का रास्ता पहाड़ पर से सीधा ढलान का है।

**पांडवों की गुफा :** पचमढ़ी में आपके घूमने की शुरुआत पांडवों की गुफा से होती है। एक छोटी पहाड़ी पर ये पांचों गुफाएं हैं। वैसे इन्हें बौद्धकालीन गुफाएं भी कहा जाता है।






**शिवशंकर के प्रसिद्ध मंदिर :** भगवान शिवशंकर के दर्शन के लिए आपको एक पूरा दिन देना पड़ सकता है क्योंकि यहां उनके मंदिर ही सबसे अधिक हैं जिनमें सबसे प्रसिद्ध हैं, जटाशंकर महादेव और गुप्त महादेव।

गुप्त महादेव जाने के लिए दो बिलकुल सटी हुई पहाड़ियों के बीच से गुजरना होता है जबकि जटाशंकर मंदिर पचमढ़ी बस स्टैंड से महज डेढ़ किलोमीटर दूर है और वहां जाने के लिए पहाड़ी से नीचे उतरकर खोह में जाना होता है। कहा जाता है कि भस्मासुर से बचने के लिए ही भोले शंकर इन दोनों जगहों पर छिपे रहे थे।

इसके अलावा तीसरा प्रसिद्ध मंदिर महादेव मंदिर है जिसके बारे में मान्यता है कि भस्मासुर से बचते हुए अंत में शिवजी यहां छिपे और यहीं पर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप लेकर भस्मासुर को अपने ही सिर पर हाथ रखने के लिए मजबूर कर उसका विनाश किया था। इन मंदिरों, जलप्रपातों के अलावा डोरोथी डीप रॉक शेल्टर, जलावतरण, सुंदर कुंड, इरन ताल, धूपगढ़, सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान आदि भी घूमने की जगहें हैं।

**सबसे ऊंची चोटी धूपगढ़ :** प्रियदर्शिनी प्वाइंट से सूर्यास्त का दृश्य लुभावन लगता है। तीन पहाड़ी शिखर की बाईं तरफ चौरादेव, बीच में महादेव तथा दाईं ओर धूपगढ़ दिखाई देते हैं। इनमें धूपगढ़ सबसे ऊंची चोटी है। पचमढ़ी से प्रियदर्शिनी प्वाइंट के रास्ते में आपको नागफनी पहाड़ मिलता है जिसका आकार कैक्टस की तरह है और यहां कैक्टस के पौधे बहुतायत में हैं।



पचमढ़ी प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से संपन्न क्षेत्र है। एक तथ्य का ध्यान रखें कि पचमढ़ी कैंटोनमेंट क्षेत्र है और यहां के जंगलों में जाने के लिए आपको गाइड लेना अनिवार्य है।

**कैसे जाएं :** अगर आप दिल्ली से जा रहे हैं तो आपको पहले भोपाल पहुंचना होगा। यहां से पचमढ़ी की दूरी 211 किलोमीटर है और यह दूरी तय करने के लिए बसें मिलती रहती हैं। ये 211 किलोमीटर अगर अपनी गाड़ी से तय करें तो अति उत्तम। वैसे पचमढ़ी का नजदीकी रेलवे स्टेशन पिपरिया है जो कि पचमढ़ी से 52 किलोमीटर दूर है।

**कहां ठहरें :** मध्यप्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण होटलों के मामले में पचमढ़ी बेहद समृद्ध है। यहां पंजाबी के अलावा जैन, गुजराती और मराठी व्यंजन भी आसानी से उपलब्ध हैं, क्योंकि साल में एक बार यहां मेला लगता है जिसमें पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और गुजरात के लोगों की भागीदारी सबसे अधिक होती है। मध्यप्रदेश टूरिज्म के होटलों के अलावा यहां प्रायवेट होटल भी बहुतायत में हैं।

# सात्विक और चिराग को खेलरत्न, शमी और शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को साल 2023 के लिये मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जायेगा जबकि वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटर मोहम्मद शमी और पैरा एशियाई खेलों की चैम्पियन तीरंदाज शीतल देवी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिलेगा।

ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन में नौ जनवरी को आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली समिति ने जिन नामों की अनुशंसा की थी उसके आधार पर भारत की नंबर एक बैडमिंटन पुरूष युगल टीम चिराग और सात्विक को सर्वोच्च खेल सम्मान खेलरत्न देने का फैसला किया गया।

इसके अलावा 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जायेगा जिसमें वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तैंतीस वर्षीय तेज गेंदबाज शमी शामिल हैं। भारत इस टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था।

खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शमी




का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया था। इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था। शमी ने वनडे विश्व कप में केवल सात मैच में सर्वाधिक 24 विकेट हासिल किए थे।

पहले चार मैच में बाहर रहने के बाद शमी को जब मौका मिला तो उन्होंने उसका पूरा फायदा उठाया। शमी के अलावा 25 अन्य खिलाड़ियों को भी अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। इनमें भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी, पुरुष हॉकी खिलाड़ी कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू, तीरंदाज ओजस प्रवीण देवताले और अदिति गोपीचंद स्वामी, मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन, शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली, गोल्फर दीक्षा डागर, निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पहलवान अंतिम पंघाल,एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता वुशू खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी और टेबल टेनिस खिलाड़ी अयहिका मुखर्जी शामिल हैं।

प्रशिक्षकों को मिलने वाले द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए गणेश प्रभाकरन (एथलेटिक्स), ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज) और शिवेंद्र सिंह (हॉकी) का चयन किया गया है। ध्यानचंद जीवन पर्यंत पुरस्कार के लिए कविता सेल्वराज (कबड्डी), मंजूषा कंवर (बैडमिंटन) और विनीत कुमार शर्मा (हॉकी) को चुना गया है। खेल मंत्रालय ने इस साल के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार का फैसला करने के लिए

इनमें अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश एएम खानविलकर के अलावा हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै, पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी कमलेश मेहता, पूर्व मुक्केबाज अखिल कुमार, महिला निशानेबाज और वर्तमान राष्ट्रीय कोच शुमा शिरूर, पूर्व क्रिकेटर अंजुम चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुरगुंडे और पावरलिफ्टर फरमान पाशा भी समिति में शामिल थे।

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए चुने गए खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार-**
सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (बैडमिंटन)।

**अर्जुन पुरस्कार-**
मोहम्मद शमी (क्रिकेट), अजय रेड्डी (दृष्टिबाधित क्रिकेट), ओजस प्रवीण देवताले, अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), पारुल चौधरी और मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), दिव्यकृति सिंह और अनूष अग्रवाल (घुड़सवारी), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक और सुशीला चानू (हॉकी), पिंकी (लॉन बॉल), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और ईशा सिंह (निशानेबाजी), अंतिम पंघाल और सुनील कुमार( कुश्ती), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस),नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशू), पवन कुमार और रितु नेगी (कबड्डी) , नसरीन (खोखो) , हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वाश), प्राची यादव (पैरा केनोइंग)।

**ध्यानचंद जीवन पर्यंत पुरस्कार-**
कविता सेल्वराज (कबड्डी), मंजूषा कंवर (बैडमिंटन) विनीत कुमार शर्मा (हॉकी)।

# आईसीसी रैंकिंग : शुबमन गिल को पीछे छोड़कर नंबर वन बल्लेबाज बनें बाबर आजम



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी ने बुधवार को खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। इसमें भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुबमन गिल को एक पायदान का नुकसान हुआ है। जबकि पाकिस्तानी सलामी बल्लेबाज बाबर आजम एक बार फिर से वनडे में नंबर वन बल्लेबाज बने हैं। इसके अलावा रवि विश्नोई को भी भारी नुकसान हुआ है।

बता दें कि, बाबर आजम 824 रेटिंग अंक हैं। वहीं गिल 810 अंक के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। विराट कोहली 775 अंक के साथ तीसरे नंबर पर जबकि रोहित शर्मा 775 चौथे पायदान पर हैं। इन तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने पिछले महीने वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कोई भी वनडे मुकाबला नहीं खेला है।

गिल ने वर्ल्ड कप के दौरान बाबर को पीछे छोड़ा था और टॉप पर काबिज हुए थे। फिलहाल भारतीय टीम इस समय साउथ अफ्रीका के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा इस टीम का हिस्सा नहीं है। साउथ अफ्रीका के रासी वान डेर डुसेन और हेनरिक क्लासेन को नुकसान झेलना पड़ा है।

# पंड्या की मुंबई इंडियंस टीम में नजर आयेंगे आठ नये खिलाड़ी

मुम्बई । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी में उतरने वाली मुम्बई इंडियंस टीम में कई नये खिलाड़ी नजर आयेंगे। दुबई में नये सत्र के लिए हई नीलामी में टीम ने इन खिलाड़ियों को खरीदा है। हाल ही रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को टीम की कप्तानी दी गयी थी। नीलामी में मुम्बई टीम ने आठ खिलाड़ियों को खरीदा है। मुंबई इंडियंस की टीम ने नीलामी में दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएट्जी पर सबसे ज्यादा 5 करोड़ रुपये लगाए। इसके अलावा श्रीलंका के दिलशान मदुशंका को 4.6 करोड़ रुपये देकर अपने साथ जोड़ा। वहीं श्रीलंका के ही नुवान तुषारा को 4.80 करोड़ रुपये दिए जबकि अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी पर टीम ने 1.50 करोड़ रुपये में लिया। मुंबई इंडियंस की टीम ने नए सत्र में कप्तान बनाए गए पंड्या को ट्रेड से जरिए हासिल किया था। मुम्बई ने गुजरात टाइटंस की तरफ से पिछले दो सत्र खेलने वाले इस ऑलराउंडर को 15 करोड़ रुपये में जोड़ा है। वहीं मुम्बई ने कई खिलाड़ियों को रिटेन (बरकरार) भी रखा है।



मुंबई ने इन खिलाड़ियों को नीलामी में खरीदा : गेराल्ड कोएट्जी (5 करोड़ रुपये), दिलशान मदुशंका (4.6 करोड़ रुपये), नुवान तुषारा (4.80 करोड़ रुपये), मोहम्मद नबी (1.50 करोड़ रुपये), श्रेयस गोपाल (20 लाख रुपये), शिवालिक शर्मा (20 लाख रुपये), अंशुल कंबोज (20 लाख रुपये), नमन धीर (20 लाख रुपये)।

# न्यूजीलैंड ने दूसरे एकदिवसीय मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**नेलसन (एजेंसी)।** सोम्य सरकार के शानदार शतक 169 रनों के बाद भी बांग्लादेश को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है। वहीं इससे पहले कीवी टीम की ओर से हेनरी निकोल्स ने 95 और विल यंग ने 89 रन बनाये। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी से सरकार की 169 रन की पारी पर पानी फिर गया। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.5 ओवर में 291 रन बनाए थे। वहीं न्यूजीलैंड ने 46.2 ओवर में ही तीन विकेट पर 296 रन बना कर ये हासिल कर लिया। श्रृंखला के शुरुआती मैच में 105 रन बनाने वाले यंग ने रचिन रविंद्र 33 गेंद में 45 रन के साथ पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी। उन्होंने 94 गेंद की पारी में 8 चौके और 2 छक्के लगाए। निकोल्स श्रृंखला के पहले मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे थे । उन्होंने 99 गेंद की पारी में 8 चौका और 1 छक्का लगाया। इन दोनों के आउट होने के बाद कप्तान टॉम लैथम 34 और टॉम ब्लंडेल 24 ने 22 गेंद शेष रहते न्यूजीलैंड को सात विकेट की आसान जीत दिला दी।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। भारत को अब तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी टेस्ट में जीत नहीं मिली है। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत दर्ज करना रहेगा। इंग्लैंड के खिलाफ मिली बड़ी टेस्ट जीत से भारतीय टीम के हौंसले बुलंद हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा।

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम को इस मैच में स्पिनरों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। स्पिनर दीप्ति शर्मा ने पिछले सप्ताह इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

अब अब दीप्ति ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। वहीं तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने भी नयी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया था। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने भी इंग्लैंड के खिलाफ




तीन विकेट लिये। वहीं बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर , जेमिमा रौड्रिग्ज और यास्तिका भाटिया ने इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की थी। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना से भी भारत को बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। बल्लेबाज शुभा सतीश फिट नहीं होने के कारण इस मैच में नहीं खेल सकेंगी। पूजा पूनिया कवर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़ी है पर हरलीन देयोल ही अवसर मिलना तय है। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम की नई कप्तान एलिसा हीली उसे जीत दिलाना चाहेंगी। टीम के पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत** – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया, रिचा घोष, स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देयोल, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधू, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड, पूजा वस्त्राकर ।

**ऑस्ट्रेलिया** – एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्राउन, लौरेन चीटल, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिसा पेरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम ।

# बाउंसर के नये नियम से गेंदबाजों को मिलेगा लाभ : उनादकट



मुम्बई । तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने कहा है कि आईपीएल के अगले सत्र में नये नियम लाने से गेंदबाजों को लाभ मिल सकता है। इस नये नियम के तहत फेंके जाने वाले बाउंसरों की तादाद बढाई जा सकती है। इसका लक्ष्य बल्ले और गेंद के बीच प्रतिस्पर्धा को संतुलित बनाने का प्रयास माना जा रहा है। नये नीयम तहत बाउंसरों की संख्या को एक से बढ़ाकर दो किया जा सकता है। अभी के नियम के मुताबिक एक गेंदबाज एक से ज्यादा बाउंसर नहीं डाल सकता है। अगर वह ऐसा करता है तो इस गेंद को नो बॉल करार दिया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान इस नये नियम का ट्रायल किया गया था। इसके तहत मुश्ताक अली ट्रॉफी में गेंदबाजों को दो बाउंसरों की अनुमति मिली थी। इस नियम को अब आईपीएल 2024 में भी अमल में लाया जा सकता है। उनादकट ने नए नियम का स्वागत करते हुए भविष्यवाणी की कि इससे गेंदबाजों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उनादकट ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा, मुझे लगता है कि एक ओवर में दो बाउंसर बहुत फायदेमंद होते हैं और मुझे लगता है कि यह उन चीजों में से एक है जो गेंदबाज को बल्लेबाजों पर अतिरिक्त फायदा देता है। एक बाउंसर के नियम के दौरान बल्लेबाज को पता था कि कोई और बाउंसर अब नहीं आएगा। इस मामले में, भले ही आप ओवर के पहले भाग में एक धीमी बाउंसर फेंकते हैं, फिर भी आप एक और बाउंसर से बल्लेबाज को परेशानी में डाल सकते हैं। ऐसे में बल्लेबाजों को मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। उनादकट का कहना है कि इससे गेंदबाजों को यॉर्कर और धीमी गेंदों के अलावा डेथ ओवरों में एक और विकल्प मिलेगा।

# भारतीय टीम आज दक्षिण अफ्रीका पर जीत के इरादे से उतरेगी

**बोलैंड पार्क (एजेंसी)।** भारतीय टीम गुरुवार को यहां होने वाले तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच को जीतकर सीरीज पर कब्जा करना रहेगा। भारतीय टीम को इस मैच में अपने सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ और बी साइ सुदर्शन से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। सुदर्शन ने पहले दोनों मैचों में 55 और 62 रन बनाये। वहीं रूतुराज अब तक रन नहीं बना पाये हैं। बल्लेबाज तिलक वर्मा भी अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पाये हैं। इस मैच में मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर की जगह पर रजत पाटीदार को चौथे नंबर पर उतारा जा सकता है।

बोलैंड पार्क की पिच बल्लेबाजों की सहायक है जिससे भारतीय बल्लेबाजों को लाभ होगा। इस मैच में टीम प्रबंधन विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को एक और अवसर दे सकता है वह पिछले मैच में असफल रहहे थे। गेंदबाजी में मुकेश कुमार दो मैचों में एक भी विकेट नहीं ले सके ऐसे में उन्हें बाहर किया जा सकता है। अर्शदीप सिंह और आवेश खान पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे पर अर्शदीप ने दूसरे मैच में भी लय बनाये रखी। इस मैच में टीम प्रबंधन लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को दे सकता है। टीम प्रबंधन कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से एक को बाहर रखकर चहल को अवसर दे सकता है। कुलदीप और अक्षर टेस्ट टीम का हिस्सा हैं ऐसे में दोनों अधिकतम मैच अभ्यास चाहेंगे। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा और वह किसी प्रकार ये मैच जीतने के इरादे से उतरेगी।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**भारत**– लोकेश राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, रिंकू सिंह, आकाश दीप, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका** –दक्षिण अफ्रीका- एडेन मार्कराम (कप्तान), नांद्रे बरगर, टोनी डि जोर्जी, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन, लिजाद विलियम्स और ब्यूरान हेंड्रिक्स।

# खराब दौर से गुजर रहे पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैम्पियन जोस अल्बर्टो




लंदन। डब्ल्यूडब्ल्यूई चैम्पियन रहे रैसलर जोस अल्बर्टो रोड्रिग्ज चुकुआन आजकल बेहद बुरे दौर से गुजर रहे हैं। आर्थिक बदहाली के कारण वह स्कूल में अपने कौशल का प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। साल 2010 में डब्लयूडब्लयूई से जुड़कर सफलता के शीर्ष पर पहुंचने वाले अल्बर्टो का असली नाम जोस अल्बर्टो रोड्रिग्ज है, उन्हें आजकल एक हाई स्कूल में कार्यक्रम पेश करते देखा जा रहा है। अपने करियर के दौरान उन्होंने जॉन सीना, रैंडी ऑर्टन और सीएम पंक जैसे दिग्गजों का सामना किया था। वहीं अब इस डब्ल्यूडब्लयूई और वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप विजेता की हालत देखकर सभी हैरान हैं। अल्बर्टो के करियर में पतन का दौरा साल 2016 में शुरु हो गया था। वह डब्लयूडब्लयूई से हटकर पेशेवर रैसलर की भूमिका में पहुंच गये थे पर मई 2020 में सैन एंटोनियो, टेक्सास में अपनी प्रेमिका के साथ मारपीट और यौन उत्पीड़न के आरोपो के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। उनपर एक मुकद्दमा भी लगा था। अदालत ने बाद में उन्हें 50,000 डॉलर की जमानत पर रिहा किया था। इस मामले में उन्हें कई तरह की परेशानियों से भी गुजरना पड़ा था। अल्बर्टो को अब एल पैट्रन के नाम से जाना जाता है। वह फिलहाल छोटे हॉल शो में प्रतिस्पर्धा कर रहा है।

# 25 से ज्यादा खिलाड़ियों पर किसी भी टीम ने नहीं लगायी बोली

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए दुबई में हुई बोली में जहां कई खिलाड़ियों को करोड़ों की राशि मिली। वहीं कई खिलाड़ी ऐसे भी रहे जिन्होंने अपनी कीमत तो करोड़ों में लगायी थी पर उन्हें किसी भी टीम ने एक भी पैसा नहीं दिया। नीलामी में कुछ अनकैप्ड खिलाड़ी भी 7-8 करोड़ रुपए तक हासिल करने में सफल रहे पर 25 से ज्यादा ऐसे खिलाड़ी भी रहे, जो उतरे तो करोड़ों की उम्मीद लेकर थे पर आईपीएल टीमों ने इन पर रकम नहीं लगायी। इन खिलाड़ियों ने अपना बेस प्राइस ही एक करोड़ से ज्यादा रखा था। इनमें दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ, जोश हेजलवुड जैसे जैसे खिलाड़ी भी शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया के स्मिथ, हेजलवुड जैसे 9 क्रिकेटर ऐसे थी, जिन्होंने अपना बेस प्राइस ही 2 करोड़ रुपए तय कर रखा था पर किसी ने भी इना पर रकम नहीं लगायी। जोश इंग्लिस, आदिल राशिद, रासी वान डर डुसेन, जेम्स विन्स, शॉन एबॉट, जैमी ओवर्टन और बेन डकेट को किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी में से एक ने भी इन 8 खिलाड़ियों पर बोली नहीं लगाई। इनमें हेजलवुड जैसे खिलाड़ी की उपेक्षा से सभी हैरान हैं क्योंकि उनके साथी गेंदबाज मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस को 20 करोड़ रुपए से अधिक की राशि प खरीदा गया है। इसी प्रकार 8 खिलाड़ियों ने अपना बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपए रखा था पर किसी भी आईपीएल टीम ने उनपर रकम नहीं लगायी। ऐसे में ये सभी खिलाड़ी बिना बिके ही रह गये। इसके अलावा टिम साउदी, जेसन होल्डर, जेम्स नीशम, फिल सॉल्ट, कॉलिन मुनरो, डेनियल सैम्स, क्रिस जॉर्डन और टाइमल मिल्स को भी किसी ने नहीं खरीदा। . काइल जैमिसन समेत 9 खिलाड़ियों ने अपना बेस प्राइस 1 करोड़ रुपए रखा था पर इन किसी भी आईपीएल टीम ने बोली नहीं लगाई। इनमें काइल जैमिसन, एश्टन एगर, माइकल ब्रेसवेल, सैम बिलिंग्स, ड्वेन प्रिटोरियस, रिली मेरेडिथ, एडम मिल्ने, वेन पर्नेल और डेविड वीसे शामिल हैं। 50 लाख से ज्यादा आधार मूल्य वाले मैट हेनरी, कीमो पॉल, दुष्मंथा चमीरा, ओडियन स्मिथ, करुण नायर, कुसल मेंडिस, ईश सोढ़ी को भी किसी ने नहीं खरीदा।

# नीलामी में गलती के कारण हंसी का पात्र बनी पंजाब किंग ?स

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए हुई छोटी नीलामी में अपनी एक गलती के कारण पंजाब किंग्स की टीम को नुकसान हुआ है। पंजाब किंग्स ने यहां गलती से एक ऐसे खिलाड़ी को खरीद लिया जिसे वह नहीं खरीदना चाहती थी। अपनी गलती पता चलने पर पंजाब के मालिक नेस वाडिया और प्रीति जिंटा ने नीलामीकर्ता मल्लिका सागर को बताया पर तब तक देर हो गयी थी।



इसकारण पंजाब किंग्स को कह दिया गया कि अब उसे इस खिलाड़ी को बनाये रखना पड़ेगा क्योंक नीलामी हो चुकी है। दुबई में नीलामी के दौरान नीलामी कर्ता मल्लिका सागर ने शशांक सिंह का नाम लिया। शशांक घरेलू क्रिकेट में छत्तीसगढ़ के लिए खेलते हैं और सनराइजर्स की ओर से रिलीज किए आने के बाद से ही आईपीएल सीजन 2023 में नहीं बिके थे पर इस बार उन्हें गलती से पंजाब किंग्स ने 20 लाख रुपये के बेप्राइज पर खरीद लिया। पंजाब किंग्स शशांक के लिए बोली लगाने वाली एकमात्र टीम रही। ऐसे में नीलामीकर्ता मल्लिका सागर ने हैमर डाउन करके जैसे ही शशांक के पंजाब किंग ?स की ओर से खरीदे जाने की घोषणा की। टीम को अपनी गलती का पता चला। इसपर टीम मालिक नेस वाडिया और प्रीति जिंटा ने सागर को बताया कि वे किसी अन्य खिलाड़ी को शशांक समझ बैठे थे और गलती से इस खिलाड़ी को खरीद लिया है लेकिन नीलामीकर्ता ने साफ कह दिया कि यह फैसला अब बदला नहीं जा सकता और पंजाब की फ्रेंचाइजी अपने फैसले से पीछे नहीं हट सकती। नेस और प्रीति जिंटा बोली को वापस लेना चाहते थे पर नियमों के अनुसार हैमर डाउन होने के बाद ऐसा नहीं किया जा सकता।

# पंड्या की जगह लेना कठिन लेकिन गुजरात की कप्तानी के लिये गिल सही: नेहरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने स्वीकार किया कि हार्दिक पंड्या जैसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी खिलाड़ी की जगह ले पाना कठिन है लेकिन शुभमन गिल अगले आईपीएल में इस जिम्मेदारी को संभालने में सक्षम है। पंड्या ने मुंबई इंडियंस टीम में वापसी की है और उन्हें कप्तान बनाया गया है। नेहरा ने मंगलवार की रात वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी की जगह ले पाना कठिन है। हमने देखा है कि पिछले तीन चार साल में गिल ने कितनी प्रगति की है। वह 24. 25 साल का है लेकिन इस जिम्मेदारी को उठाने में सक्षम है।'' उन्होंने कहा कि अगले आईपीएल का नतीजा चाहे जो हो, टीम गिल का समर्थन करती रहेगी। उन्होने कहा ,'' हमें उन पर भरोसा है और इसी वजह से उन्हें कप्तान बनाया गया है। मैं हमेशा नतीजों पर नहीं जाता। नतीजे अहम हैं लेकिन कप्तानी के समय दूसरी चीजों को भी देखा जाता है। हमें यकीन है कि गिल कप्तानी के लिये सही हैं।'' दुबई में हुई नीलामी में टाइटंस ने मिचेल स्टार्क ने भारी दांव लगाया। आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 24 . 75 करोड़ रूपये में खरीदा। नेहरा ने कहा ,'' आईपीएल में महंगा जैसा कुछ नहीं होता। सभी को पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है। हमें एक तेज गेंदबाज की जरूरत थी और हर टीम की अलग रणनीति होती है। हमारे पास जो है, उसी से संतुष्ट रहना चाहिये। स्टार्क जैसे गेंदबाज के लिये यह दाम हैरानी वाले नहीं हैं।'' मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि वह अपने तेज आक्रमण से खुश हैं।

उन्होंने कहा ,'' हमने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को चुना क्योंकि वह युवा और आने वाले समय का सुपरस्टार होगा। वहीं श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका नयी और पुरानी दोनों गेंद से प्रभावी है।'' दिल्ली कैपिटल्स ने इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को चार करोड़ रूपये में खरीदा। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा ,'' हैरी ब्रूक इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में से है। हम उसे लेने की सोच कर ही गए थे और उसे हासिल भी किया।''

मीडिया अवलोकन
हजारीबाग, गुरुवार, 21 दिसंबर, 2023
www.mediaavlokan.com




## संसद कक्ष, लॉबी और गैलरी में नहीं आ सकते निलंबित सांसद, लोकसभा सचिवालय ने जारी किया आदेश

नई दिल्ली। संसद से निलंबित किए गए सांसदों के लोकसभा में प्रवेश पर रोक लगाई गई है। लोकसभा सचिवालय ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सर्कुलर में निलंबित सांसदों को संसद कक्ष, लॉबी और गैलरी में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाने की सूचना दी है। 13 दिसंबर को संसद में सुरक्षा चूक के बाद विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। निलंबित किए गए सांसदों पर एक और बड़ा एक्शन लिया गया है। लोकसभा सचिवालय ने सर्कुलर जारी किया है। इसमें स्पष्ट कहा है कि निलंबित 145 सांसदों को संसद कक्ष, लॉबी और गैलरियों में भी प्रवेश पर रोक लगाई गई है। बता दें कि लोकसभा से कुल 95 सांसदों को निलंबित किया गया है। जबकि राज्यसभा से 46 सदस्यों को सस्पेंड किया गया है। इन सांसदों पर संसद की कार्यवाही में बाधा डालने का आरोप है। वहीं, विपक्षी गुट ने सांसदों के निलंबन को अलोकतांत्रिक बताया है। जबकि मोदी सरकार ने कार्रवाई को उचित ठहराया है। बीजेपी ने निलंबित सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा सभापति और संसद की संस्था का अपमान करने का आरोप लगाया है। खड़गे ने कहा, हमने कई निर्णय लिए हैं, जिनमें से एक निलंबित सांसदों पर है। हम इसके खिलाफ लड़ने को तैयार हैं। हम इसके खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हुए हैं। हम लोगों ने 22 दिसंबर को सांसदों के निलंबन के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी को लड़ना होगा। हम सभी ऐसा करने के लिए तैयार हैं।

## मल्लिकार्जुन खड़गे बहुत बढ़िया नेता साबित हो सकते हैं : राघव चड्ढा

नई दिल्ली । आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन की अहम बैठक हुई। बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोक अरविंद केजरीवाल और टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अगले चुनाव में प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का समर्थन किया है। इस बैठक को लेकर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने कहा कि मुझे लगता है कि मल्लिकार्जुन खड़े बहुत ही अच्छा नेता साबित होंगे। राघव चड्ढा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जैसे-जैसे चर्चा होगी, हम आपको उसके बारे में बताएंगे। आगे सीटों के बंटवारे का कार्यक्रम शुरू होगा, फिर हमारा अभियान शुरू होगा, इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से एकजुटता के साथ काम करेगा। मुझे लगता है कि 2024 में हम लोग एक वैकल्पिक सरकार देने में सफल होंगे। राघव चड्ढा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मिलकर



मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित किया था। मुझे लगता है कि इस विषय पर चर्चा होगी, इसके बाद इसपर फैसला लिया जाएगा। मल्लिकार्जुन खड़गे एक बहुत बड़े नेता हैं इस देश के, बतौर सांसद मुझे उनके नेतृत्व में राज्यसभा में काम करने का मौका मिलता है। उनका 55 साल का बेहतरीन राजनीतिक करियर रहा है। वो एक पॉलिटिकल ल्युमनरी के साथ सोशल रिफॉर्मर रहे हैं। उनका जीवन बहुत ही संघर्षशील रहा है, साधारण बूथ स्तर के कार्यकर्ता के तौर पर उन्होंने राजनीतिक पार्टी ज्वाइन की थी, आज वो उस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं, उनके अनुभव से देश को बहुत लाभ हो सकता है। वो एक बहुत बढ़िया नेता साबित हो सकते हैं।

## अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम शुरु, दलाई लामा ने किया उद्घाटन

गया। बिहार के बोधगया में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय संघ फोरम की शुरुआत हुई। बौद्ध धर्मावलंबियों के प्रसिद्ध तीर्थस्थल में देश विदेश के अनेक विद्वानजन शामिल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 33 देशों के करीब 2,000 विद्वान अपने विचार रख रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा ने किया। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी उपस्थित रहे। इसमें भारत, थाईलैंड, म्यांमार, बांग्लादेश, कंबोडिया, लाओस, श्रीलंका, तिब्बत, भूटान, नेपाल, वियतनाम, ताइवान, रूस, मंगोलिया, जापान और कोरिया सहित 33 देशों के 2,000 से ज्यादा बौद्ध विद्वान शामिल हो रहे हैं। बता दें कि आईएसएफ का लक्ष्य विनय नियमों के जटिल पहलुओं पर बातचीत को बढ़ावा देना और 21वीं सदी में बौद्ध धर्म की विकसित भूमिका का पता लगाना है। इसमें बौद्ध धर्म की गहन शिक्षाओं पर चर्चा होगी। सम्मेलन के अंतिम दिन बोधगया के महाबोधि मंदिर में विश्व शांति के लिए प्रार्थना सभा होगी। कहा जाता है कि बोधगया में ही गौतम बुद्ध को अंतिम ज्ञान प्राप्त हुआ था। इसलिए इस स्थान का विशेष महत्व है1 तीन दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करने वालों में संघराज, मठाधीश और बौद्ध संस्थानों के प्रमुख लोग शामिल हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पाली, संस्कृत और तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अभ्यासकर्ताओं के बीच चल रहे संवाद और सहयोग को बढ़ाना होगा। सम्मेलन का उद्देश्य प्रत्येक परंपरा की अनूठी शक्तियों की सराहना और समझ को विकसित करना बताया जा रहा है।

## हादसे के 38 दिनों बाद सिलक्यारा टनल में शुरू हुआ काम

उत्तरकाशी। निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल का काम 38 दिनों बाद एक बार फिर से शुरू हो गया है। यमुनोत्री मार्ग पर बन रही इस टनल में हुए हादसे के बाद से अब सुरंग केवल 480 मीटर ही बची हुई है। वहीं मंत्रालय की ओर से गठित विशेषज्ञ जांच समिति ने सिलक्यारा हादसे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कंपनी पहले बड़कोट सिरे से काम कर रही है। जांच होने के बाद सिलक्यारा सिरे से भी सुरंग निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। बताया जा रहा है ?कि सिलक्यारा टनल हादसे की जांच करने वाली टीम 4 दिनों की जांच के बाद दिल्ली वापस लौट गई है। अब जांच टीम अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौपेंगी। उसके बाद ही सिलक्यारा टनल के बड़कोट सिरे से काम शुरू होगा। एनएचआईडीसीएल के निदेशक अंशु मनीष खल्खो ने बताया कि सुरंग के सिलक्यारा सिरे से जांच के बाद ही काम शुरू होगा, लेकिन बड़कोट सिरे से कंपनी ने काम शुरू कर दिया है। अभी हमें जांच टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। इसके साथ ही बचाव में लगी कंपनियों के बिल के आधार पर ऑपरेशन के खर्च का कुल बिल निर्माण कंपनी को दिया जाएगा। बता दें कि 12 नवंबर को दिवाली की सुबह टनल में भूस्खलन के चलते टनल के अंदर 41 मजदूर फंस कर रह गए थे। जिसके बाद उन्हें 17 दिन बाद तमाम एजेंसियां की मदद से रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया था।

## हाई कोर्ट जज के पति ने लगाया जबरिया बयान देने का आरोप

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट की न्यायाधीश अमृता सिन्हा के पति, वरिष्ठ वकील प्रताप चंद्र डे ने सीआईडी पर जबरिया बयान देने का आरोप लगाया है। उन्होंने शहर की एक अदालत के बार एसोसिएशन में शिकायत दर्ज करवाई है कि राज्य पुलिस का आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) उन पर उनकी पत्नी के खिलाफ बयान देने के लिए दबाव बना रहा है। कोलकाता मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट के बार एसोसिएशन को दी गई अपनी शिकायत में डे ने सीआईडी अधिकारियों पर उन्हें एक मामले में गवाह के रूप में बुलाने और उसके बाद उनकी पत्नी के खिलाफ बयान देने के लिए दबाव डालने का खुलासा ?किया। दरअसल स्कूल में नौकरी के लिए नकद का मामला जस्टिस सिन्हा की बेंच में लंबित है। एक कॉर्पोरेट इकाई के निदेशकों की संपत्ति से संबंधित एक मामला, जिसका नाम स्कूल नौकरी मामले में केंद्रीय एजेंसी की जांच के दौरान सामने आया था, बुधवार को सुनवाई के लिए निर्धारित है। डे ने दावा किया कि उन्हें सीआईडी अधिकारियों ने दो बार बुलाया था और आखिरी बार उन्हें नौ घंटे से अधिक समय तक सीआईडी कार्यालय में इंतजार कराया गया था। हालांकि यह पता चला है कि डे ने अपना मोबाइल फोन जमा करने के सीआईडी के निर्देश का पालन नहीं किया और इसके बजाय राज्य एजेंसी को एक जवाबी पत्र दिया। बार एसोसिएशन के मुताबिक डे ने अपनी शिकायत में कहा कि उन पर अपनी पत्नी के खिलाफ बयान देने के लिए दबाव डालने के अलावा उन्हें लुभावने वादों से फंसाने की भी कोशिश की गई। हालांकि सीआईडी ने दावा किया है कि जिस मामले में डे को पूछताछ के लिए बुलाया गया था उसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उनके अधिकारियों द्वारा की जा रही थी।

# अब खरगे का दर्द आया सामने...मैं दलित हूं, इसलिए मुझे बोलने नहीं दिया जाता

### अधीर रंजन ने कहा, यह संसद के इतिहास दुखद दिन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि क्या उन्हें हर बार राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं मिलने पर यह कहना चाहिए कि दलित होने के कारण ऐसा होता है। दरअसल राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद परिसर में उनकी, तृणमूल कांग्रेस सांसद द्वारा नकल उतारने पर नाराजगी जाहिर कर राज्यसभा में कहा कि संसद परिसर में उनकी नकल उतारकर किसान समाज और उनकी जाति (जाट) का अपमान किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि सभापति का काम दूसरे सदस्यों को संरक्षण देना है, लेकिन वह खुद इस तरह



का बयान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, मुझे अक्सर राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। क्या मुझे यह कहना चाहिए कि मैं दलित हूं... इसलिए... उन्हें जाति के नाम पर बोल कर लोगों को नहीं भड़काना चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह देश के लिए बहुत दुखद दिन है, जब संवैधानिक पदों पर बैठे लोग अपनी जातियों के बारे में बात करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार यह मुद्दा उठाकर संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पूछा कि क्या अब हर किसी को अपनी जाति बताने वाला ठप्पा लगा कर घूमना चाहिए? कांग्रेस नेता खरगे ने सवाल किया कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों सदनों में कुछ भी नहीं कहा लेकिन संसद के बाहर उन्होंने अपनी बात रखी, तब क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को माफी नहीं मांगनी चाहिए।

सभापति धनखड़ ने उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष की नकल उतारने की घटना पर गहरी आपत्ति जताकर इस अस्वीकार्य करार दिया था।

## जाति आधारित जनगणना पर सभी से बात कर फैसला होगा : शिंदे

मुंबई । महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। पूरे देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियां लगातार जनगणना कराने की मांग कर रही हैं। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने साफ कह दिया है कि समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद मामले में फैसला लिया जाएगा। सीएम शिंदे रेशमीबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारकों पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। गौरतलब है, आरएसएस पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने कहा था कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल किया था कि इससे क्या हासिल होगा। उन्होंने कहा था कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह आंकड़ा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के लिहाज से अच्छा नहीं है। बता दें, कांग्रेस देशव्यापी जातिगत जनगणना के पक्ष में है।



# लोकसभा में तीन आपराधिक कानून संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित

### -गृह मंत्री ने चर्चा के बाद दिया जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद सुरक्षा चूक मामले में एक तरफ विपक्ष आक्रामक रुख अपनाया हुआ है तो वहीं लोकसभा सचिवालय ने निलंबित किए गए सांसदों को लेकर एक सर्कुलर जारी किया है। यहां बुधवार को लोकसभा में तीन आपराधिक कानून संशोधन विधेयक ध्वनिमत से पारित कए गए हैं। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर हुई चर्चा का जवाब दिया।

अपने जवाब में गृह मंत्री शाह ने कहा कि मैंने तीनों विधेयकों का गहनता से अध्ययन किया है और इन्हें बनाने से पहले 158 परामर्श सत्रों में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि सीआरपीसी में पहले 484 धाराएं थीं, अब इसमें 531 धाराएं होंगी। उन्होंने बतलाया कि 177 धाराओं में बदलाव किए गए हैं और इसमें 9 नई धाराओं को जोड़ा गया है। इनमें 39 नई उप-धाराएं जोड़ी गई हैं। इसके अतिरिक्त 44 नए प्रावधान जोड़े गए हैं। तीनों संशोधन विधेयकों पर सदन में हुई चर्चा



और बहस के बाद ध्वनिमत से इन्हें पारित कर दिया गया। इन विधेयकों की विपक्ष ने आलोचना की है। ये तीनों विधेयक आईपीसी यानी भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी यानी दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। इस विधेयक में ट्रायल कोर्ट को अधिकतम तीन साल में अनिवार्य रूप से निर्णय पारित करने का प्रावधान किया गया है।

#### ओवैसी ने विधेयकों की आलोचना

हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इन विधेयकों की आलोचना करते हुए कहा है कि नए आपराधिक विधेयक लोगों की नागरिक स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए खतरा हैं उन्होंने कहा कि ये विधेयक पुलिस को किसी के भी खिलाफ कार्रवाई करने की व्यापक शक्तियां प्रदान करते हैं।

#### राजद्रोह की जगह देशद्रोह

सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के बारे में अब प्रत्येक पुलिस थाने में विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही एक नामित पुलिस अधिकारी को इनका रिकॉर्ड बनाने के लिए जिम्मेदार बनाया जाएगा। गृहमंत्री शाह ने कहा कि हम राजद्रोह की जगह देशद्रोह लेकर आए हैं। आईपीसी ने राजद्रोह को परिभाषित करते हुए सरकार के खिलाफ कार्य निरुपित किया था, लेकिन बीएनएस प्रावधान उन लोगों के लिए है, जो देश की संप्रभुता, सुरक्षा प्रहार करते हैं या उसे प्रभावित करते हैं। गृहमंत्री शाह ने कहा कि सरकार की आलोचना की जा सकती है, सरकार की आलोचना करने पर जेल नहीं होगी, लेकिन कोई भी देश के ख़िलाफ़ नहीं बोल सकता।

## मिमिक्री विवाद पर बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली। शीतकालीन सत्र में विपक्षी सांसदों के निलंबन का मुद्दा गरमाया हुआ है। पूरा विपक्ष सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है। इसी बीच मंगलवार को टीएमसी सांसद द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने की घटना ने नया मुद्दा उछाल दिया। अब इस पूरे मामले पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि सांसद वहां बैठे थे, मैंने उनका वीडियो शूट किया। मेरा वीडियो मेरे फोन पर है। मीडिया इसे दिखा रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री को लेकर जब मीडिया ने राहुल गांधी से सवाल किया तो उन्होंने कहा कि, वहां सांसद बैठे थे, मैंने उनका वीडियो शूट किया। वीडियो मेरे फोन में है। मीडिया इसे दिखा रहा है। किसी ने कुछ नहीं कहा है। हमारे 150 सांसदों को (सदन से) बाहर निकाल दिया गया है, लेकिन मीडिया में उस पर कोई चर्चा नहीं है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि, अडानी पर कोई चर्चा नहीं, राफेल पर फांस ने कहा है कि, जांच करने नहीं दी जा रही है, इस पर कोई चर्चा नहीं हो रही है, बेरोजगारी पर कोई चर्चा नहीं हो रही है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ का मजाक उड़ाने के मामले में सियासी घमासान, पुलिस में पहुंचा मामला

### – मिमिक्री करने वाले सांसद की बढ़ेगी मुश्किलें!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का मजाक उड़ाने वाले मामले ने तूल पकड़ लिया है। आने वाले दिनों में भी ये मामला शांत होने वाला नहीं है। इस मुद्दे पर राजनीति के साथ घेराबंदी की तैयारी की जा रही है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ मामला पुलिस में पहुंच गया है। एक वकील ने दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी पुलिस स्टेशन में टीएमसी सांसद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों की मौजूदगी में संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान धनखड़ की मिमिक्री की थी। बता दें कि यह मामला दक्षिण जिला पुलिस के अंतर्गत नहीं आता है, इसलिए शिकायत को नई दिल्ली जिला पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस मामले पर नेताओं के तेवर देखते हुए माना जाने लगा है कि ये मुद्दा जल्द शांत होने वाला नहीं है। इस घटना से सभापति आहत हैं और उन्होंने सदन में अपना दर्द भी बयां किया है। धनखड़ ने कहा कि किसान और जाट पृष्ठभूमि को लेकर मुझे निशाना बनाया जा रहा है। मेरा अपमान किया जा रहा है। उन्होंने सदन में मौजूद कांग्रेस नेता और राज्य सभा सांसद पी.चिदंबरम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सोचिये! मेरे दिल पर क्या गुजर रही होगी, जब आपके एक वरिष्ठ नेता उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ाने की वीडियोग्राफी कर रहे थे। जबकि, मुझ पर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा था। धनखड़ ने कहा कि यह एक किसान और एक समुदाय का अपमान मात्र नहीं है। यह राज्य सभा के सभापति के पद का निरादर है। वह भी एक ऐसी राजनीतिक पार्टी के सदस्य द्वारा, जिसने इतने लंबे समय तक शासन किया हो। उन्होंने सदन में मौजूद कांग्रेस सांसद चिदंबरम से पूछा कि संसद का एक वरिष्ठ सदस्य, दूसरे सदस्य की वीडियोग्राफी करता है किसलिए? आपको बताता हूं कि मुझे बहुत कष्ट हुआ है। इस तरह की घटनाओं को गंभीर मसला बताते हुए सभापति ने आगे कहा कि इंस्टाग्राम पर आपकी (कांग्रेस) पार्टी ने एक वीडियो डाला था, जिसे बाद में हटा लिया गया। यह शर्मनाक है। एक किसान के रूप में मेरी पृष्ठभूमि का अपमान करने, एक जाट के रूप में मेरे पद का अपमान करने और सभापति के रूप में मेरे पद का अपमान करने के लिए (कांग्रेस) पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता के सोशल मीडिया के हैंडल का इस्तेमाल किया गया।

## यूनुस और जुबैर खान ने सभी को चौंकाया, संस्कृत में ली शपथ



**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में यूनुस खान, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा टिकट नहीं देने के बाद एक स्वतंत्र के रूप में चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। उन्होंने विधानसभा में संस्कृत में विधायक पद की शपथ लेकर सभी को हैरान कर दिया। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के करीबी यूनुस को दो दिवसीय राजस्थान विधानसभा सत्र के दौरान संस्कृत में शपथ लेते देखा गया। यूनुस के अलावा कांग्रेस विधायक जुबैर ने भी संस्कृत में शपथ ली।

यूनुस ने डीडवाना से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। उन्होंने लिखा कि आज 16वीं राजस्थान विधानसभा सदस्य के रूप में अध्यक्ष महोदय के समक्ष शपथ ग्रहण की। इस मौके पर डीडवाना की जनता का एक बार पुनः बहुत बहुत आभार, जिन्होंने अपने प्रतिनिधि, अपने सेवक के रूप में मुझे यह अवसर प्रदान किया। डीडवाना की जनता की सेवा ही मेरे जीवन का ध्येय है। 2018 के विधानसभा चुनाव में, यूनुस खान को टोंक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा द्वारा सचिन पायलट के खिलाफ खड़ा किया गया था, हालांकि, वह चुनाव हार गए। पायलट ने यूनुस खान को 54,179 वोटों से हराया। राजस्थान में नई सरकार के गठन के बाद राजस्थान विधानसभा का पहला सत्र बुधवार से शुरू हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दो दिवसीय सत्र बुलाया है जहां नवनिर्वाचित विधायकों को पद की शपथ दिलाई जाएगी और स्पीकर का चुनाव होगा।


# देश सहित दुनिया के 40 देशों में फैल चुका कोरोना का जेएन.1 वेरिएंट

### -भारत में इस स्ट्रेन के 21 सक्रिय मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश और दुनिया में कोरोना फिर डरा रहा है। कोविड के नया जेएन.1 वेरिएंट अब 40 देशों में फैल चुका है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत में इस स्ट्रेन के 21 सक्रिय मामले मौजूद हैं। नए सब वेरिएंट की खास बात यह है कि यह वेरिएंट दूसरे स्ट्रेन की तुलना में ज्यादा तेजी से फैलता है।

कोरोना संक्रमण की तीन लहरों से दुनियाभर में मची तबाही के बाद लोगों ने कुछ राहत की सांस ली ही थी, लेकिन फिर कोरोना के नए सब वेरिएंट ने डराना शुरू कर दिया है। भारत में फिलहाल कोविड संक्रमण के 2300 से ज्यादा सक्रिय मामले हैं। इसमें नए सब वेरिएंट जेएन.1 के 21 मामले हैं।

कोरोना के नए सब वेरिएंट जेएन.1 के बारे में सामने आया है, कि इसका सबसे पहला केस अगस्त में लक्जमबर्ग में पाया गया। इसके बाद यह धीरे-धीरे



36 से 40 देशों में फैल गया। डब्ल्यूएचओ ने इस वैरीअंट ऑफ इंटरेस्ट कहा है। कोविड के चलते बीते दो हफ्ते में देश के अंदर 16 मौते हुई हैं। इन लोगों को पहले से कई गंभीर बीमारी थीं। यानी ये लोग को कोमोरबिडिटीज से पीड़ित थे।

हाल ही में 15 दिसंबर को बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में एक व्यक्ति की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई थी। वह भी दूसरी कई बीमारियों से पीड़ित था। इस रोगी का सैंपल इकट्ठा कर जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया गया है।

#### 614 नए केस आए, केरल में 3 की मौत

भारत में बीते दिन कोरोना संक्रमण के 614 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जो 21 मई के बाद से सबसे ज्यादा हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के सक्रिय केस बढ़कर 2,311 हो गए हैं। 24 घंटे के दौरान केरल में तीन लोगों की मौत हुई है, जिसके बाद देश में कोविड से मरने वालों की संख्या 5 लाख 33 हजार 321 हो गई है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ ) ने जेएन.1 स्ट्रेन के बारे में बताया है कि जांच में सामने आया है कि दूसरे वैरिएंट की तुलना में अधिक आसानी से फैलता है। जेएन.1 अधिक जोखिम पैदा नहीं करता है।


# अगले पांच वर्षों में भारत का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका जैसा होगा: गडकरी

### -मौजूदा नीतियों में सुधार की बताई जरूरत, रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगले पांच वर्षों में हमारा रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका जैसा होगा। उन्होंने मीडिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमारा लक्ष्य महानगरों में भीड़ कम करने और यात्रा के समय और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का रहा है। इसके अलावा हमने अपने सड़क बुनियादी ढांचे को अमेरिका के बराबर बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। पिछले नौ वर्षों में देश की सड़कों को सुरक्षित और स्मार्ट बनाने के मिशन मोड में मंत्रालय ने 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए काम सौंपा है। मौजूदा नीतियों में सुधार करके अनुबंधों को मंजूरी देने की प्रक्रिया को भी आसान बनाया है। उन्होंने मीडिया में प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा कि किसी भी ठेकेदार को ठेका स्वीकृत कराने के लिए मेरे पास आने की जरूरत नहीं है। हम निर्णय लेने में पारदर्शी, समयबद्ध परिणामोन्मुख और गुणवत्ता के प्रति जागरूक और तेज हैं। गडकरी ने कहा कि अच्छे काम को प्रोत्साहित करने के दम पर ही हमारे पास सात विश्व रिकॉर्ड हैं, जो मंत्रालय की बड़ी उपलब्धि है।

गडकरी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच साल बाद हमारा सड़क बुनियादी ढांचा अमेरिका के बराबर हो जाएगा। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत को नंबर एक बनाने को लेकर उन्होंने कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग हाल ही में जापान को पीछे छोड़कर चीन और अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्योग 7.5 लाख करोड़ रुपये का है और राज्यों और केंद्र सरकार को अधिकतम जीएसटी इसी क्षेत्र से मिलती है। रोजगार की बात करें तो अब तक इस उद्योग से 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा हो चुकी हैं। मेरा सपना अगले पांच वर्षों में हमारे ऑटोमोबाइल उद्योग का आकार दोगुना कर 15 लाख करोड़ रुपये करना है। उन्होंने जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक और फ्लेक्स ईंधन वाहनों को पेश करने की भी जरूरत बताई।

नितिन गडकरी ने कहा कि यह भारतीय किसानों को ऊर्जा उत्पादक के रूप में दोगुना करने के साथ-साथ अन्नदाता बनने के लिए भी सशक्त बनाएगा क्योंकि गन्ने और चावल के डंठल जैसी फसलों से इथेनॉल ईंधन का उत्पादन किया जा सकता है। बड़े शहरों में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करने के प्रयास चल रहे हैं। पांच साल के भीतर सार्वजनिक परिवहन पूरी तरह बदल जाएगा। यह कम प्रदूषण फैलाने वाला, अधिक लागत प्रभावी विकल्प होगा। महानगरों में भीड़ कम करने के लिए 65,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में द्वारका एक्सप्रेसवे, छह-लेन शहरी विस्तार सड़क, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे शामिल हैं। सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों की मानसिकता बदलने के लिए मीडिया,



सामाजिक और शैक्षणिक संस्थानों और गैर सरकारी संगठनों से मदद की जरूरत है। इसके लिए अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार समेत मशहूर हस्तियों से मदद ले रहे हैं।

# देशव्यापी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, निकाला जुलूस, किया प्रदर्शन

मीडिया अवलोकन संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों, चार लेबर कोड और दवाईयों पर जीएसटी के खिलाफ एफएमआरएआई के देशव्यापी आह्वान पर सीटू से सम्बद्ध बिहार झारखंड स्टेट सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के बैनर तले एक सौ से ज्यादा एमआर देशव्यापी एकदिवसीय हड़ताल पर रहे और डॉक्टरों से विजिट करना बंद रखा। हड़ताल के समर्थन में यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता एवं सचिव दिलीप कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कला मंदिर से एक जुलूस निकाला गया। जो ओवरब्रिज होते हुए गौरीशंकर मुहल्ला, राजगढ़िया रोड, डॉक्टर गली, स्टेशन रोड से झंडा चौक पहुंचकर प्रदर्शन व सभा में तब्दील हो गया। जिसमें केन्द्र सरकार होश में आओ, दवाओं पर जीएसटी बंद करो, समान काम का समान वेतन लागू करो, न्यूनतम 26 हजार वेतन देना होगा आदि जोशिले नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा नीतियों में बदलाव करके देश की जनता तथा मजदूरों को असहाय बना दिया है, उनके अधिकारों को कुचला जा रहा है। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि आम जनता के हित में लड़ाई लड़ते हैं। देश की गरीब जनता के लिए दवा का दाम तथा उस पर लगे टैक्स और जीएसटी को कम करने की मांग सरकार से लगातार कर रही है। दवाओं की बढ़ती कीमतों के कारण देश की गरीब जनता को समय पर दवा उपलब्ध नहीं होने के कारण मौत हो जाती है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार कानून बनाकर हर तीन महीने में दवाओं और उपकरणों की दाम बढ़ाने का मालिकों को खुली छूट दे रखी है। कार्यक्रम में सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, निर्माण कामगार यूनियन के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश, मुकेश कुमार, भरत राज, रविशंकर, सिंटु, गुलाब, प्रमेन्द्र, बबलू, मंटु वर्णवाल, सन्नी मोदी, अमित, पप्पू, राहुल, उपदेश, प्रकाश, कामेश्वर पण्डित, संतोष, सोनू, प्रवीण, ज्ञानदीप, श्रीकांत, अर्जुन, कुन्दन, प्रकाश रंजन, अभिषेक, राजन, लवकुश, पंकज, अमित आनंद, दीपक, मनीष, अनील, सुभाष, अभिजीत आदि शामिल थे। हड़ताल की मुख्य मांगों में स्वास्थ्य सेवा में बजटीय आवंटन बढ़ाने, सार्वजनिक क्षेत्र के कम्पनियों का पुर्णउद्धार करने, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी बंद करने, दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने, सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज सेवा शर्त 1976 को बहाल रखने, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव को सरकारी अस्पताल एवं संस्थानों में उनके काम करने की कानूनी अधिकारों की रक्षा करने, ट्रैकिंग व निगरानी का जरिए निजता का अधिकार का हनन बंद करने, कार्य क्षेत्र में प्रवेश एवं काम के कानूनी अधिकार को बहाल करने, सेल्स प्रमोशन इम्पलाइज का सेल्स के आधार पर उत्पीड़न और छटनी बंद करने की मांग शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुखिया प्रतिनिधि ने दलित स्कूली बच्चों के बीच ड्रेस, जूतें व मौजे किया वितरण



**मीडिया अवलोकन संवाददाता चौपारण :** प्रखंड के चयकलां पंचायत के दलित बस्ती उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झुमरीटांड़ में बुधवार को मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर ने छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस, और जूता का वितरण किया। इस बीच मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर ने कहा कि दलित छात्र- छात्राएं मन लगा कर पढ़ाई करें। सरकार शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। छात्र-छात्राओं को हर तरह की सुविधा दी जा रही है। ताकि दलित बच्चे विद्यालय आकर शिक्षा ग्रहण कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, पुस्तक, मध्याह्न भोजन समेत अन्य किट्स देकर प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। ताकि बच्चे शिक्षा के स्तर को उन्नत कर देश समाज में विद्यालय का नाम रोशन कर सके। पोशाक एकरूपता लाता है। शिक्षा अनमोल चीज है। वहीं अभिभावकों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षक भी सराहनीय योग्य है, जो वर्षों से पंचायत की दलित बस्ती में अनपढ़ बच्चों को साक्षर बनाने में जुटी हैं। मौके पर प्रधानाध्यपक शायरा परवीन, शिक्षक राकेश कुमार, प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रुपा देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर तैयारी जोरों पर



**मीडिया अवलोकन संवाददाता जमशेदपुर ।** डीजीएमएस चाईबासा रीजन के अंतर्गत लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर गुआ माइंस क्षेत्र में सुरक्षा सप्ताह की तैयारी जोरों पर है। जिसका उद्घाटन समारोह विगत सोमवार को संपन्न हो चुकी है । वहीं सुरक्षा सप्ताह पब्लिसिटी प्रोपेगैंडा का कार्यक्रम 23 दिसंबर को होने की जानकारी सेल प्रबंधन द्वारा दी गई। जिसमें डी ग्राउंड का मुख्य मॉडल आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं साइबर अपराध व महिलाओं के डीपी को लेकर हो रही ब्लक्मैलिँग की घतनाओं व इसको लेकर जागरूकता के मैसेज पर अफीक्स डांस क्रू द्वारा भावनात्मक नृत्य की विशेष तैयारी की जा रही है जिसकी जानकरी डांस शिक्षक विनय पान ने दी हैं । कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए स्कूली बच्चों ने नुक्कड़, नाटक ,डांस ड्रामाऔर. कव्वाली की रेहर्सल में जुटे हैं। वहीं इसबार सेफ्टी कार्यक्रम के बाद आम लोगों के मनोरंजन के लिए सेल प्रबंधन द्वारा ओडिशा और. झारखंड के कलाकरों को लेकर गीत संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने की सूचना दी गई

### ट्रेड टेस्ट में सेल गुआ अयस्क खान को मिला सेकेंड प्राइज



**मीडिया अवलोकन संवाददाता जमशेदपुर।** ट्रेड टेस्ट का आयोजन सेल किरीबुरू के तत्वधान में आयोजित किया गया । आयोजित ट्रेड टेस्ट में सेल गुआ अयस्क खान को मिला सेकेंड प्राइज मिला।इलेक्ट्रिकल ट्रेड टेस्ट में झारखण्ड ग्रुप मे माईंस में सेल गुवा के प्रतिनिधि विधुत टेक्नीशियनों मे गौतम पाठक एवं चन्द्रशेखर शर्मा का प्रदर्शन उम्दा रहा। दूसरी ओर सेल गुवा में प्राथमिक चिकित्सा की टीम के द्वारा ड्यूटी के दौरन घायल का प्राथमिक चिकित्सा व इलाज डिमोंन्स्ट्रेशन किया गया।फायर फाइटिंग के दौरान आग बुझाने की प्रक्रिया को श्रमिकों को बताया गया ।अग्निशमन का प्रदर्शन सबसे शानदार दिखाया गया। साथ ही गुवा माइंस के चिकित्सक डा० विप्लव दास के द्वारा फास्टेड से घायल होने वाले व्यक्तियों की प्राथमिक उपचार का शानदार डेमोंसट्रेशन प्रदर्शित किया गया। इसमें शत्रुधन उपाध्याय, मनोज मुखर्जी, एल बी बोबोंगा, रमेश प्रधान, सुदीप चौधरी, देवेंद्र पांडा, गणेश चंद्र राम, बिजय तिऊ, मंगलू साहू, रंजीत परिदा आदि उपस्थित थे। मौके पर कार्यक्रम के आकर्षण के रूप मेंसेल के दर्जनों पदाधिकारियों में महाप्रबंधक दीपक प्रकाश, एसपी दास व सीबी कुमार व अन्य खास सबसे उपस्थित है।

### गुवा का न्यूनतम पारा लुढ़कर कर पहुंचा 4 डिग्री



**मीडिया अवलोकन संवाददाता जमशेदपुर।** बुधवार को लौह नगरी गुवा का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री से लुड़ककर 4 डिग्री सेल्सियस पर रहा। जिससे इस वर्ष का सर्वाधिक ठंड वाला दिन बताया जा रहा है । हाड़ कंपा देनेवाली ठंड के साथ शीतलहरी का भी प्रकोप दिन भर जारी है। जिसको देखते हुए लोगों द्वारा वन विभाग से चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की गई है। वहीं मौसम को देखते हुए कई लोग गुवा ठाकुरा पुल पिकनिक स्पॉट में वनभोज का लुप्त उठाते व धूप सेंकते नजर आए। अत्यधिक ठंड के मद्देनजर ठंड के सामान्य होने तक स्कूली बच्चों के छुट्टी को और कुछ दिनों तक बरकरार रखने के लिए अभिभावकों के द्वारा झारखण्ड सरकार से गुहार लगाया गया है। आने वाले दिनों में सारंडा क्षेत्र में और अधिक ठंड के बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए लोग अपने घरों में कैद है। धूप निकलने के बाद ही लोग घरों के बाहर निकल रहे हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चे ठंड में ही सुबह उठकर स्कूल जाने पर विवश है। बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से गुहार लगाई है की समय सारणी में परिवर्तन की जाए ताकि बच्चों को ठंड में स्कूल ना जाना पड़े।

## द रामेश्वर वैली स्कूल में हेड ब्वाय व हेड गर्ल का हुआ चुनाव

# आशीष बना हेड बॉय व विद्या हेड गर्ल

मीडिया अवलोकन संवाददाता



**झुमरीतिलैया।** द रामेश्वर वैली स्कूल में नए सत्र 2024-25 के लिए विद्यार्थियों को वैलेट पेपर से वोटिग कराकर लोकतंत्र की प्रक्रिया को समझाया गया। वोटिंग कर विद्यार्थी के बीच स्कूल हेड ब्वाय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन व वाइस कैप्टन के अलावा हाउस प्रीफैक्ट का चुनाव कराया गया। विद्यालय में हेड ब्वाय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन एवम स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन व हाउस प्रीफैक्ट पद के लिए कुल 23 उम्मीदवार थे। स्कूल में हुए इस चुनाव में 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने वोट डाला। विद्यार्थियों को मतदान की प्रकिया समझाते हुए बैलेट पेपर से मतदान करवाया गया ताकि बच्चे देश में होने वाले चुनावों की प्रक्रिया और अपनी जिम्मेदारियों को समझ सके। चुनाव में शिक्षकों ने भी अपने-अपने वोट उम्मीदवारों को डाले। चुनाव अधिकारी के रूप में स्कूल के शिक्षक सुदय कुमार ने चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया। वहीं स्कूल के निदेशक प्रवीण मोदी, प्राचार्या रश्मि प्रवीण बर्नवाल एवम स्कूल कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार उपस्थित रहे जिनके समक्ष शांति पूर्ण एवम निस्पक्ष तरीके से वोटो की गणना कर विजेता घोषित किया गया। विद्यालय के हेड बॉय के रूप में आशीष कुमार एवम हेड गर्ल के रूप में विद्या, स्पोर्ट्स कैप्टन के रूप में तेजस तिवारी एवम स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन के रूप में अयान खान, वही पीस हाउस के प्रीफैक्ट आदित्य कुमार, विक्ट्री के निखिल यादव, ग्लोरी की प्रीफैक्ट शालिनी सिंह चौहान एवम जाय हाउस की प्रीफैक्ट मुस्कान शर्मा ने जीत हासिल की। विद्यालय के निदेशक प्रवीण मोदी ने कहा कि वोटिंग प्रक्रिया से छात्रों में लीडरशिप की भावना व जिम्मेवारियों को निभाने की क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से स्कूल में मतदान करवाए गए। प्राचार्या रश्मि प्रवीण बर्नवाल ने जीतने वाले सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा की सभी विजेता छात्रों को शपथ ग्रहण करवाया जायेगा ताकि वो अपनी जिम्मेदारियों को और अच्छे से समझे एवम कुशलता पूर्वक उनका निर्वाहन कर सके। वोट डालने वाले बच्चो में किंजल, अभिषेक, आदित्य , तन्मय, श्रीनिका, प्रिंस, रिया, सुहानी, कृष, दीपक, दीपशिखा , खुशी, निशु, माया, प्रशांत, श्रेयांस, अनिक, तेजस, तन्मय, सुहानी,प्रिए , यश, सुशील, सुदीप समेत लगभग 200 मतदान पड़े।चुनाव को सफलपूर्ण संपन्न करवाने में विद्यालय के शिक्षकों में अनिल, अकाश, सूर्या, सागर, शृष्टि, दिव्या, मनाली, सांची, प्रीति, सीमा, श्रुति, शीतल एवम विकास ने अहम भूमिका निभाई।

## लंबी अवधि तक बिना दुर्घटना के अच्छी सेवा देने वाले कर्मियों को किया गया पुरस्कृत



मीडिया अवलोकन संवाददाता

**जमशेदपुर।** सेल मुख्य महाप्रबंधक कमल भास्कर की अध्यक्षता में सेल गुवा माईंस का निरीक्षण किया गया`निरीक्षण दल में विभिन्न क्षेत्रों के माइंस के पदाधिकारी खासतौर से शामिल देखे गए ।इस अवसर पर सेल गुवा माइंस के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा एवं खदान क्षेत्र के सुरक्षा के मानक दंडों की रिर्पोट ली गई। सेल गुवा मॉडल रुम का मुआयना किया गया। माईंस के हाउसकीपिंग का निरीक्षण टीम के द्वारा मुकम्मल करते हुए देखा एवं सराहा गया। इस अवसर पर सेल गुआ कर्मी काफी उत्साहित देखे गए। सुरक्षा के प्रति जागृतिको देखा गया ।माइंस इंस्पेक्शन टीम के सदस्यों द्वारा लंबी अवधि तक बिना दुर्घटना के अच्छी सेवा देने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया गया ।सेल कर्मी लाल बाबू गोस्वामी, सत्यनारायण भंज को 50 वर्षों तक दुर्घटना रहित अवस्था में कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया `निरीक्षण के दौरान निरीक्षण दल के द्वारा सेल गुवा माइंस को बेहतर एवं सुरक्षा के पहलुओं पर पूरी तरीके से खरा बताते हुए उत्कृष्ट श्रेणी का माइंस बताया गया। महाप्रबंधक खान एसपी दास, महाप्रबंधक सीबी कुमार, महाप्रबंधक संजय बनर्जी, महाप्रबंधक आर के सिन्हा, महाप्रबंधक दीपक प्रकाश व अन्य पदाधिकारी के कार्यक्रम के समायोजन मे अग्रणी योगदान रहा।

# एआईकएएफ नेशनल फेडरेशन कप में विद्यार्थियों को मिले 13 पदक




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**जमशेदपुर।** वेल्डन फ्यूचर एकेडमी स्कूल ने एआईकेएफ नेशनल फेडरेशन कप में 13 पदक हासिल किये। ऑल इंडिया कराटे डू फेडरेशन द्वारा आयोजित 32वें नेशनल फेडरेशन कप 2023 में बड़ाजामदा की वेल्डन फ्यूचर एकेडमी को बड़ी सफलता मिली। यह टूनामेंट रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में शामिल 12 प्रतिभागियों के बड़ाजामदा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। वे जापान सोटोकन कराटे एसोसिएशन जेएसकेए के तहत पिछले एक साल से वेल्डन फ्यूचर एकेडमी में कराटे का अभ्यास कर रहे हैं। सेंसेई अनिल सिंह के अनुसार, केवल एक वर्ष के प्रशिक्षण के बाद यह एक बड़ी सफलता है। अनिल कुमार सिंह जो जापान से चौथी डिग्री राष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट और तीसरी डिग्री अंतरराष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट हैं। 6 वर्ष से कम आयु की लड़कियों में अभिश्री बोस ने कुमिते में स्वर्ण और काटा में कांस्य पदक प्राप्त किया। 8 साल से कम उम्र की लड़कियों में नायला आनम ने किमाइट में गोल्ड और काता में गोल्ड जीता। 10 वर्ष से कम आयु की लड़कियों में श्रुति ने कुमाइट में सिल्वर, 11 साल से कम उम्र की लड़कियों में पलक सिंह कुमाइट में गोल्ड, 12 वर्ष से कम आयु की लड़कियों में अनुश्री कुमारी ने कुमिते में रजत और काता में कांस्य पदक प्राप्त किया। 12 वर्ष से कम आयु की लड़कियों को कुमिते में स्वर्ण, 12 वर्ष से कम आयु वर्ग के लड़कों में युवराज साहू ने कांस्य और अमरप्रीत सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया। 15 वर्ष से कम आयु के बालक वर्ग में सूर्यांशु प्रसाद ने कुमाइट में कांस्य, सेम्पाई निजामुद्दीन को 68 किग्रा ओपन कुमाइट में कांस्य पदक मिला।

# पूजित अक्षत एवं राम मंदिर का चित्र वितरण 30 को




मीडिया अवलोकन संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के गोहाल पंचायत अंतर्गत ग्राम गोहाल दुर्गा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी, गौ रक्षा के संगठन को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता जय प्रकाश पांडेय ने किया। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर निर्माण होने के पश्चात आगामी 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है, जिसको लेकर 30 दिसंबर को दुर्गा मंदिर जयनगर दिन शनिवार 10 बजे अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं राम मंदिर का चित्र वितरण किया जाएगा। इस निमित्त प्रखंड के सभी पंचायत के लोगों से पहुंचने के लिए आग्रह किया। सर्वसम्मति से विश्व हिंदू परिषद का अध्यक्ष धानेश्वर चौधरी, उपाध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय, मंत्री अवधेश कुमार यादव, बजरंग दल संयोजक प्रवीण चौधरी, मातृशक्ति प्रमुख कलावती देवी, दुर्गा वाहिनी संयोजिका नीलम देवी, सह संयोजिका ममता देवी, सत्संग प्रमुख मनोज सिंह, गौ रक्षा प्रमुख प्रकाश पंडित, गौ रक्षा सह प्रमुख उमेश यादव को बनाया गया। गोहाल पंचायत के समस्त सनातन धर्म के लोग सम्मानित सदस्य बनाए गए। बैठक में मुख्य रूप से विजय राणा, सीता देवी, चंदन पासवान, भीखी यादव, गजाधर यादव, सतीश यादव, प्रदीप राणा, उमेश यादव, अजय यादव, बालेश्वर राणा, ब्रह्मदेव राणा, नंदलाल ठाकुर, हरेंद्र सिंह, कुंती देवी, दिनेश कुमार, सचिन यादव, दीपक यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# भारतीय हथियारों का जलवा, आर्मेनिया ने खरीदी आकाश मिसाइल, लाइन में लगे कई देश

## ब्राजील, मिस्र, फिलीपींस समेत कई देश मिसाइल खरीदने को तैयार

एजेंसी




**नई दिल्ली :** स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अब फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र सहित कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 'आत्म निर्भर' अभियान के तहत भारत रक्षा प्लेटफार्मों और अलग-अलग तरह की मिसाइलों का निर्माण करके लगातार एयरो स्पेस की दुनिया में अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है।

स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम दूसरे देशों को भी निर्यात किये जाने के लिए 30 दिसम्बर, 2020 को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। आकाश मिसाइल सिस्टम 96 प्रतिशत से अधिक स्वदेशीकरण के साथ देश की महत्वपूर्ण मिसाइल है। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल की रेंज 25 किलोमीटर है। इस मिसाइल को 2014 में भारतीय वायुसेना और 2015 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। इस मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया, जिस पर कई मित्र देशों ने इसके प्रति रुचि दिखाई। आखिरकार आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अगले कुछ महीनों में आर्मेनिया को डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच, ब्राजील, मिस्र और फिलीपींस सहित कई देशों ने आकाश मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाई है। मध्य पूर्व में भी ऐसे देश हैं, जिन्होंने आकाश हथियार प्रणाली की क्षमताओं और परीक्षणों में इसके हालिया क्षमता प्रदर्शन में रुचि दिखाई है और दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व से ऑर्डर मिल सकते हैं।

# डीएवी के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

मीडिया अवलोकन संवाददाता




**झुमरीतिलैया।** पीवीएस डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के बच्चों ने भारत को जानो क्वीज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर अपने ज्ञान का परिचय देते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय पूर्वी क्षेत्र स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित भारत को जानो क्विज प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल ने भाग लिया। जिसमें पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी प्रिंस कुमार, कक्षा 7 बी और उदय शंकर यादव, कक्षा 8ई ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर तथा ट्रॉफी जीत कर पूरे डीएवी को गौरवान्वित किया। इस क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन राउरकेला, ओडिशा में प्रमुख संगठन भारत विकास परिषद द्वारा किया गया था। इन बच्चों को दिशा निर्देशित करने एवं इनके ज्ञान को बढ़ाने में विद्यालय के शिक्षक दिनेश कुमार दुबे ने अहम भूमिका निभाई। नेशनल लेबल पर हमारे विद्यालय के बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह बहुत प्रसन्न हुए। प्राचार्य ने कहा कि यह जीत हमारे लिए बहुत ही महत्त्वपूर्ण एवं गौरव की बात है। झारखंड जोन एफ के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी निशिकांत कर ने उदय शंकर यादव तथा प्रिंस कुमार को मेडल व शील्ड दिया और बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों ने ज्ञान दीप, डीएवी भूवनेश्वर, कलिंगा डीएवी जैसे बड़े से बड़े स्कूल के बच्चों से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल कोडरमा डीएवी बल्कि पूरे झारखंड के डीएवी को गौरवान्वित किया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द कुमार द्वारा मीडिया अवलोकन तथा डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नंबर 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची (झारखंड) से मुद्रित, कोर्रा न्यू कॉलोनी हजारीबाग (झारखंड), पिन कोड-825301 से प्रकाशित, संपादक : अरविन्द कुमार,
**पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार** समस्त दीवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार हजारीबाग न्यायालय में रहेगा। फोन न. 9431940960, RNI NO. JHAHIN/2022/83306